चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 15, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 18

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 17

रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि के विज्ञापन का मामला

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी है।

कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए क्षमा याचना की है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद

- मीडिया में बयान देने पर शीर्ष अदालत ने जताई थी अप्रसन्नता

द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने यह भी कहा था कि प्रभावकारिता के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है।

आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। न्यायालय ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में रामदेव ने कहा है कि मैं विज्ञापनों के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे इस गलती पर गहरा अफसोस है और मैं अदालत को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसे दोहराया नहीं जाएगा।

जहर खाने से पत्नी की मौत और पति की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : हल्दौर नगर के मोहल्ला तोल्लावाला में सोमवार रात गृह क्लेश से तंग दंपती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे महिला की मौत हो गई। पति की हालत गंभीर है। घटना से पहले दोनों ने परिवार के लिए पत्र छोड़ा है।

मोहल्ला तोल्लावाला में संदीप शर्मा का परिवार रहता है। उसके पुत्र अंकुर कुमार शर्मा की शादी दो साल पहले मुरादाबाद की शिवानी शर्मा के साथ हुई थी। दंपती का एक नौ माह का बेटा है। बताया जाता है कि दोनों में किसी बात पर मनमुटाव चल रहा था। सोमवार रात दोनों

- हल्दौर के मोहल्ला तोल्लावाला की घटना, परिवार के लिए पत्र छोड़ा

अपने कमरे सोए थे। किसी समय दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सुबह होने पर परिजनों ने देखा तो दोनों को चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान शिवानी (21) की मौत हो गई, जबकि अंकुर शर्मा की हालत गंभीर है। कस्बा थाना प्रभारी श्रीपाल ने बताया कि मामला गृह क्लेश का है।

बाबा तरसेम का हत्यारा मारा गया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा

- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया

तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

एक नजर

फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सद्दाम गिरफ्तार

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को फिर से सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाए।

कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया और कहा कि ईडी की याचिका के मद्देनजर खान को तलब करने के लिए पर्याप्त आधार है।

चारधाम यात्रा 10 मई से पंजीकरण शुरू

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। नवसंवत्सर पर मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहुर्त घोषित कर दिया गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथियों की घोषणा पहले ही हो चुकी है। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहूर्त भी घोषित हो गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर 10 मई को 12 :25 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले जाएंगे। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता में गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। 9 मई को मां गंगा भाग मूर्ति को गंगोत्री के लिए रवाना किया जाएगा।

'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर

मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान

माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें। सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।

जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही देता है सफाई

रामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परपंरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

शराब नीति मामला

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका की खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज

अमृत विचार : कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा।

अब्बास अंसारी की फाइल फोटो।

13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया। कोर्ट ने 11 और 12 अप्रैल को भी अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है।

गर्भगृह में रखी गई सोने की रामायण

- रामनवमी से पहले रामलला को मिला एक और उपहार
- पूर्व आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने किया अर्पित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के समय सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई रामलला को समर्पित करने का संकल्प लिया था। पांच करोड़ की लागत से 151 किलो की रामचरित मानस को तैयार कराया गया है। जिसमें 10,902 पन्नों के महाकाव्य स्वर्ण जड़ित हैं। रामायण में लगभग 140 किलो तांबा और सात किलो सोना लगा है। सजावट के लिए अन्य धातु का प्रयोग किया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण जड़ित ताम्रपत्र पर लिखी गई रामायण की पुस्तक है। जिसे तमिलनाडु के राम भक्त लक्ष्मी नारायण ने रामलला को समर्पित किया है।

5 करोड़ रुपये की लागत से की गई तैयार

7 किलोग्राम स्वर्ण, 140 किलो तांबा का प्रयोग

151 किलोग्राम है पूरा वजन

10,902 पेज का महाकाव्य

हेमा पर टिप्पणी करके सुरजेवाला फंसे, मिला नोटिस

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर

अमृत विचार : रविवार को लापता हुई तीन वर्षीया बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे (बोरे) में बंद मिला। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर वहां बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं

भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक कट्टा पड़ा देखा। जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। महिलाओं ने यह बात गांव वालों को बताई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कट्टे से शव को निकाला। शव की शिनाख्त लापता हुई दानिश की तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथीन ढंकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग व तंत्र-मंत्र समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

तंत्र-मंत्र की आशंका

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया

सर्वेक्षण लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

धर्म-आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

खास

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।



नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।

अरविंद त्रिपाठी

दुर्गेश श्रीवास्तव

इन तीर्थ पर अध्ययन

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु - शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।

या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

मां दुर्गा की द्वितीय शक्ति, ज्योतिर्मय स्वरूप ब्रह्मचारिणी माता को कोटिशः वंदन।

सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

VA COLLECTION
SANDLIPUR
A Complete Mens Wear

Mr. vaibhav chaudhary
Mob. 9410611061
Add:- Basti Road, Sherua Choraha, Agwanpur

सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

BOOKING OPEN

VIPASHK infra pvt. ltd.
सपना आपका सहयोग हमारा

PARAS VATS
7055274141
9870790301

SUDHAKAR ARORA
9719015536

SAGAR AHUJA
9639535580

MUKESH KUMAR
8057204232

SUNEEL SHARMA
9756135555

Head Office: 05 Ashiyana, Kanth Road, Moradabad
Site Add.: Kashipur Bypass, Opp. B.S.M Inter Collage, Islamnagar, Moradabad.

सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

Chai Nagri

CHAI NAGRI
IN PITAL NAGRI

READY TO SIP?

OWNER NAME: PUNEET SHARMA
Mob: 8755131510

Add: High Street Road MDA Moradabad.

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।
बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

चांद का नहीं हुआ दीदार, कल मनेगी ईद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुधवार को ईद का चांद नजर आ जाएगा। जिसके बाद गुरुवार को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर मंगलवार से ही तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। वहीं ईद उल फितर को लेकर शहर इमाम व नायब शहर इमाम ने सभी मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग ईद की नमाज से पहले फितरा अदा कर दे। इसके अलावा जकात देकर गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करें।

रमजान का महीना पूरा होने के बाद ईद का पर्व मनाया जाता है। रमजान के महीने में सक्षम मुसलमानों पर जकात देना जरूरी है। 30 रोजे पूरे होने पर बुधवार को चांद दिखाई देगा। जिसके बाद गुरुवार को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम सैय्यद मुफ्ती फहद अली ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि जो मुसलमान सक्षम है, वह लोग ज्यादा से ज्यादा जकात निकाले और गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करें। नायब शहर इमाम सैय्यद मुफ्ती फहद अली ने कहा कि हम लोग रमजान के महीने में रोजे रखते हैं। रोजे के दौरान हम लोगों से भूल या कोई गलती हो जाती है।

महानगर की मस्जिदों में ईद की नमाज का समय

☞ईदगाह पहली नमाज	8:00 बजे
☞ईदगाह में दूसरी नमाज	9:00 बजे
☞शाही मस्जिद, बर्तन बाजार	7:30 बजे
☞फलाहेदराइन वाली मस्जिद	6:15 बजे
☞इमली वाली मस्जिद, कंबल का ताजिया	06:30 बजे
☞मस्जिद ताज वाली, मंडी बांस	06:30 बजे
☞शाही मदरसा मस्जिद, लालबाग	7:15 बजे
☞बड़ा मदरसा मस्जिद, ट्रांसपोर्ट नगर	7:15 बजे
☞घेरवाली मस्जिद, फैजगंज	8:00 बजे
☞शाह मुनीर वाली मस्जिद, पान दरीबा	8:15 बजे
☞कचहरी वाली मस्जिद, कचहरी रोड	8:15 बजे
☞यतीम खाने वाली मस्जिद, फैजगंज	8:30 बजे
☞कुएं वाली मस्जिद, गवर्मेंट कॉलेज	8:30 बजे
☞तख्त वाली मस्जिद, कांठ की पुलिया	8:30 बजे

प्राचीन मंदिर परिसर में लागू किया गया सनातन संस्कृति का ड्रेस कोड

मां काली के मंदिर में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्राचीन सिद्धपीठ श्री नो देवी काली माता जी का मंदिर लालबाग में भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। राम गंगा नदी के किनारे स्थित यह सिद्धपीठ अपनी विशेषताओं ओर मान्यताओं के लिए देश और प्रदेश में प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि लगभग 400 वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर में देवी माता की मूर्ति स्वयंभू रूप से जमीन के अंदर से प्रकट हुई थी। देवी माता की मूर्ति में सभी नो देवियों का स्वरूप विराजमान है। जिस कारण यह मंदिर अपने आप में विशेष महत्व रखता है।

महंत श्रीराम गिरि महाराज।

लालबाग स्थित प्राचीन श्री नो देवी काली माता मंदिर।

पुराने समय से ही नागा साधुओं की तपस्थली रहा यह सिद्धपीठ अपने चमत्कारों के लिए जाना जाता है। यहां देवी माता के मंदिर में प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति पिछले 70 वर्षों से निरंतर प्रज्ज्वलित हो रही है।

मान्यता है कि इस सिद्धपीठ का नियमित दर्शन करने और 41 दिन तक दीपक जलाने से व्यक्ति की प्रत्येक इच्छा पूरी हो जाती है। यह सिद्धपीठ ब्रह्मलीन श्री महंत ओंकारेश्वर गिरी महाराज, श्री सोमवार गिरी महाराज, श्री कृष्णानन्द गिरी महाराज, श्रीदत्त गिरी महाराज, श्री वेदांत गिरी महाराज सहित कई प्रसिद्ध ऋषि मुनियों की तपोस्थली भी रहा। जिन्होंने यहां देवी माता की आराधना कर स्थान को जाग्रत किया है। इस मंदिर की विशेषता और मान्यता है कि लालबाग क्षेत्र में जितने भी मंदिर हैं उन सबमें सबसे पहले आरती सिद्धपीठ में ही शुरू होती है, उसके बाद ही सभी मंदिरों में आरती की जाती है। मंदिर का नागा साधुओं की संस्था श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की 13 मढ़ी से सम्बंध है। जिसका प्रबंधन बालयोगी महंत श्री राम गिरी महाराज कर रहे हैं। महंत श्री राम गिरी महाराज ने बताया कि हर मंगलवार को धार्मिक पाठशाला का आयोजन भी मन्दिर परिसर में किया जाता है। जहां क्षेत्र के बच्चों को सनातन संस्कृति और धर्म की शिक्षा और जानकारी प्रदान की जाती है। प्राचीन सिद्धपीठ श्री नो देवी काली माता जी का मंदिर लालबाग व आस पास के क्षेत्रों का पहला मंदिर है जहां सनातन संस्कृति का ड्रेस कोड लागू किया गया है।

नवरात्र के पहले दिन घरों में घट स्थापना कर पूजी गईं मां शैलपुत्री

मंदिरों में मां की आराधना कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद, दर्शन को उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: चैत्र नवरात्र व नव संवत्सर के पहले दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी। मां के विभिन्न रूपों की पूजा आराधना कर भक्तों ने सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। लालबाग स्थित कालीमाता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी। शाम को भी देर तक मंदिरों में भक्तों ने पूजा कर अपने परिवार की मंगलकामना की।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी भक्तों ने घरों व मंदिरों में पूजा अर्चना की। पहले दिन मां के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना भक्ति भाव से की गई। घर व मंदिर में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित कर पूजन किया गया। चंदन, रोली, फूल, मेवा, मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया गया। कपूर, धूप, अगरबत्ती जलाकर मां व अन्य देवी-देवताओं की पूजा हुई। लालबाग स्थित काली माता मंदिर में नवरात्र के पहले दिन भक्तों का हुजूम उमड़ा। लंबी कतार में लग कर लोग मां काली व अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। आस्थावान भक्तों ने कड़ी धूप में भी लाइन में लगकर मां के दर्शन कर मन्नत मांगी। मंदिर में व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर प्रबंधन जुटा रहा। मंदिर परिसर के गेट पर पूजा सामग्री की दुकानों पर चुनरी, फूल माला, प्रसाद लेने वालों की भीड़ रही। सुबह से लगी कतार दोपहर में और लंबी होती गई। शाम को भी मंदिर में भक्तों ने पूजा, कीर्तन कर मंगलकामना की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे। नगर निगम के कर्मचारियों ने देर रात तक सफाई कराने के बाद सुबह की शिफ्ट में पहुंचकर चूना आदि का छिड़काव कर सफाई की गई। पेयजल के लिए नगर निगम के जलकल विभाग की ओर से टैंकर लगाए गए।

वहीं मनोकामना मंदिर, माता मंदिर लाइनपार, दुर्गा मंदिर हरथला, कोर्ट रोड सहित महानगर के अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ ने कतार में लग कर पूजा अर्चना की। ढाप मंदिर आशियाना फेज दो, शिव शक्ति मंदिर आशियाना फेज एक के अलावा रामगंगा विहार, नवीन नगर में दुर्गा मंदिर पर भी लोग भक्त पूजा करने के लिए सुबह से ही पहुंचे गए थे। यह क्रम दोपहर में देर तक चला। शाम को फिर मंदिरों में आस्था की भीड़ उमड़ी।

प्राचीन सिद्धपीठ नो देवी श्री काली माता मंदिर लालबाग के महंत श्री राम गिरि महाराज ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम सुबह 5 बजे मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही माता रानी के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की लाइन लग गई। मंदिर खुलने के बाद सबसे पहले मंगला आरती की गई उसके बाद मंदिर में जनता को प्रवेश दिया गया। मंदिर की प्राचीन परंपरा के अनुसार मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच देवी आह्वान कर घट स्थापना की गई और नवरात्रि का अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि सप्तमी के दिन विशेष महाआरती होगी और पंचमेवा का प्रसाद बंटेगा। अष्टमी को हवन ओर नवमी को अनुष्ठान संपन्न होकर हलवा का प्रसाद बांटा जाएगा। उन्होंने भक्तों से अपील की कि भारतीय संस्कृति के अनुसार मर्यादित वस्त्रों में ही दर्शन के लिए आएं।

लालबाग स्थित काली माता मंदिर में नवरात्र के पहले दिन माता रानी के दर्शन करने के लिए उमड़े भक्त। ● अमृत विचार

▸▸ **भक्तों ने कड़ी धूप में कतार में लगकर किए माता रानी के दर्शन**

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में भजन करतीं महिलाएं।

लाजपत नगर में भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल के कीर्तन में उपस्थित महिलाएं।

बाजार में माता रानी के लिए चुनरी पसंद करती महिला। ● अमृत विचार

एक नजर

माता रानी के दरबार में गूंजे भजन-कीर्तन

मुरादाबाद, अमृत विचार : नवरात्रि के पहले दिन शाम होते ही महानगर में माता के दरबार भजन कीर्तन से गूंजने लगे। जिसमें महिलाओं ने माता के भजन गाए। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, माता मंदिर लाइनपार, ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, दुर्गा मंदिर कोर्ट रोड, श्री दुर्गा भवन मंदिर बुधबाजार, गीता ज्ञान मंदिर कोठीवाल नगर और शिव मंदिर बंगला गांव और दिनदारपुरा समेत अनेक मंदिरों में माता का कीर्तन कर उनकी महिमा का वर्णन किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने घरों में भी माता का भजन-कीर्तन किया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए नमूने

दुकान से खाद्य पदार्थ का नमूना लेकर कार्रवाई करतीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को कई प्रतिष्ठानों की जांच कर चार नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। नमूनों में चौलाई के लड्डू, साबूदाना, कुट्टू का आटा शामिल रहा। टीम ने नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला को भेजे।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देश पर टीम ने चैत्र नवरात्र के पहले दिन व्रत में खाने के पदार्थों की शुद्धता व गुणवत्ता की जांच के लिए प्रतिष्ठानों पर पहुंच कर जांच की। टीम ने सराय काजी मंदिर कोर्ट रोड पर जितेन्द्र कुमार यादव के प्रतिष्ठान से साबूदाना का नमूना लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा। चिंतामनी यादव के प्रतिष्ठान से भी चौलाई के लडडू का नमूना लिया गया। इसके अलावा टीम ने आदित्य कुमार के आर्य जनरल स्टोर से चौलाई के लडडू का नमूना और संजीव कुमार के धामपुर रोड कांठ से कुटटू के आटा का नमूना संकलित कर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया।

▸▸ **साबूदाना, चौलाई के लड्डू, कुट्टू के आटे का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा**

सृष्टि की वास्तविक रचना को जान कर लाभ उठाएं

मुरादाबाद, अमृत विचार: कचहरी परिसर में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने नव संवत्सर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अजयवीर त्यागी और संचालन रमेश आर्य ने किया। गोष्ठी में अधिवक्ताओं ने नव संवत्सर पर विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी में राजेश कुमार, अंजार हुसैन, संजय सोनी, मदनपाल गोस्वामी, त्रिलोक चंद दिवाकर, हर स्वरुप सिंह, अखिल त्यागी, पारुल अग्रवाल, विजयपाल सिंह, सरमिताभ सिन्हा, अजय वर्मा, कपिल विश्नोई, सतीश विश्नोई, अर्जुन सिंह, विशालकांत आदि उपस्थित रहे।

ईदगाह में पहली 8 और दूसरी 9 बजे होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इस बार ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह के मैदान में दो बार अदा की जाएगी। यह ऐलान जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश और सरकार की गाइडलाइन का हवाला देते हुए नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने किया है। उन्होंने सभी मुसलमानों से सहयोग की अपील की है।

नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने वीडियो जारी करके कहा है कि इस बार सड़कों पर नमाज पढ़ने के लिए पाबंदी लगाई गई है। इसलिए इस बार ईद की नमाज सिर्फ ईदगाह में ही अदा की जाएगी। इसके लिए ईदगाह मैदान में दो नमाजों का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि पहली नमाज सुबह 8:00 बजे होगी। जोकि सैय्यद मुफ्ती फहद खुद पढ़ाएंगे। इसके बाद दूसरी नमाज 9:00 बजे अदा होगी, उसमें वह लोग नमाज पढ़ेंगे, जिनकी नमाज रह जाएगी।

▸▸ **नायब इमाम ने सरकार की गाइडलाइन का हवाला देते हुए दो शिफ्ट में नमाज का किया ऐलान**

ईदगाह का निरीक्षण किया

एडीएम सिटी ज्योति सिंह और एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने गलशहीद थाना क्षेत्र में ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने बताया कि जिन मार्गों पर नमाजियों का मूवमेंट अधिक रहेगा, वहां प्रयास किया जाएगा कि उस समय तक भारी वाहनों के यातायात को रोका जाए।

हुकूमत की गाइडलाइन के हिसाब से सड़कों पर नमाज के लिए पाबंदी है। इसलिए मशवरे के बाद यह तय किया गया है ईदगाह में ईद की दो नमाज अदा की जाएंगी। पहली नमाज मैं खुद पढ़ाऊंगा। सभी लोग हुकूमत द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें।
-मुफ्ती सैय्यद फहद अली, नायब शहर इमाम

सभी हजरात से गुजारिश है कि ईद की नमाज अपने मोहल्ले की मस्जिद व दरगाहों में अदा करें। ईदगाह में नमाज अदा करने जाए तो अंदर ही नमाज अदा करें। बाहर सड़क पर न पढ़े। प्रशासन का पूरा सहयोग करें और कानून अपने हाथ में न लें।
- सैय्यद अली नईम चिश्ती, सज्जादानशीन दरगाह हजरत सुल्तान साहब

सहूलियत रेलवे प्रशासन ने आईआरसीटीसी को पत्र भेज कर दिए पानी की आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश

गर्मी में यात्रियों को नहीं होगी पानी की किल्लत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अभी गर्मी ने ठीक तरीके से दस्तक नहीं दी है, लेकिन आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। वहीं ट्रेनों में सफर के दौरान पानी की मांग बढ़ेगी। मंडल के स्टेशनों पर भी अभी से पानी की मांग बढ़ गई है। जिसको लेकर रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारियां कर ली है। जिसमें ट्रेन व स्टेशन पर रेल नीर पानी की बोतल पर्याप्त मात्रा में मिलेगी।

रेलवे प्रशासन की ओर सभी स्टेशन व ट्रेनों में यात्रियों को बोतल बंद पानी के रूप से रेल नीर उपलब्ध कराया जाता है। अभी तक ठंड के मौसम में पानी की मांग ज्यादा नहीं थी। लेकिन गर्मी में पानी की ज्यादा मांग बढ़ जाती हैं।

ठंड में मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन चार से पांच हजार बोतलों की बिक्री हो रही थी। जबकि गर्मी में पानी की मांग बढ़ गई है। इस समय रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन आठ हजार बोतलों की बिक्री हो रही है। जबकि आने वाले दिनों में 15 हजार से ज्यादा पानी की बोतल की प्रतिदिन बिक्री होगी।

ऐसे में रेल नीर की बोतल की कमी नहीं होगी। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने रेल नीर की आपूर्ति बढ़ाने का कहा है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गर्मी बढ़ने के बाद भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) को पत्र भेजकर बोतल बंद पानी की आपूर्ति बढ़ाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को पानी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी।

बीकानेर से दरभंगा तक संचालित होगी समर स्पेशल ट्रेन

मुरादाबाद, अमृत विचार : गर्मी के मौसम में रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेन संचालित करने का फैसला लिया है। यह ट्रेन बीकानेर से दरभंगा के लिए चलाई जाएंगी। बीकानेर से समर स्पेशल ट्रेन 14 व 21 अप्रैल को चलेगी। जबकि दरभंगा से ट्रेन 15 व 22 अप्रैल को रवाना होगी। गर्मियों की छुट्टियों में लोग घूमने के लिए निकलते हैं। इसके अलावा नौकरी के सिलसिले में अपने शहर से दूसरे शहर में रहने वाले लोग गर्मियों की छुट्टियों में घर जाते हैं। जिससे गर्मियों के मौसम में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। जिसके चलते हर वर्ष रेलवे द्वारा समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस बार भी रेलवे ने 14 अप्रैल से समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह ट्रेन बीकानेर से दरंभगा और दरंभगा से बीकानेर के लिए संचालित की जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि समर स्पेशल ट्रेन 22 कोच की है। इस ट्रेन में जनरल कोच से लेकर सेकंड एसी कोच लगाए गए हैं। ट्रेन बरेली और मुरादाबाद समेत मंडल स्टेशनों पर रुकेगी। जिससे मंडल से जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

नवरात्र में नगर में मीट बेचने वाले दुकानदार को पकड़ा

अगवानपुर, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर चौकी प्रभारी ने नगर के मीट कारोबारियों को नवरात्र में खुलेआम मीट न बेचने की हिदायत दी थी। लेकिन कुछ मीट कारोबारियों ने मंगलवार सुबह से ही खुलेआम मीट बेचना शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिससे मीट कारोबारी मौके से भाग निकले। वहीं मीट बेचते हुए नगर के एक कारोबारी को पकड़ कर पुलिस चौकी ले गई। बाद में उसे छोड़ दिया गया। वहीं चौकी प्रभारी मेघराज सिंह ने बताया कि नगर में मीट बेच रहे कारोबारियों को दो दिन पहले खुलेआम मीट न बेचने की चेतावनी दी थी। सूचना मिलने पर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया था। जिसे चेतावनी देते हुए एक सभासद के कहने पर छोड़ दिया।

श्री गीता भागवत सत्संग में झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवरात्र महोत्सव व श्री गीता भागवत सत्संग का आयोजन मंगलवार को अवंतिका पार्क व हरे कृष्ण चौक नवीन नगर में आयोजित हुआ। कथा व्यास धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कह कि चैत्र, आषाढ़, आश्विन एवं माघ के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक नवरात्र कहलाते हैं।

कथा व्यास ने कहा कि मार्च व सितंबर में पड़ने वाली गोल संधियों में साल के दो मुख्य नवरात्र पड़ते हैं। स्वस्थ रहने, शरीर को शुद्ध रखने, तन मन को निर्मल और पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया का नाम 'नवरात्र' है। अमावस्या की रात से अष्टमी तक या पड़वा से नवमी की दोपहर तक व्रत नियम चलने से नौ रात यानी 'नवरात्र' नाम सार्थक है। हमारे शरीर के भीतर निवास करने वाली जीवनी शक्ति का नाम ही दुर्गा देवी है। इन मुख्य इन्द्रियों के अनुशासन, स्वच्छता, तारतम्य स्थापित करने के प्रतीक रूप में शरीर तंत्र को पूरे साल के लिए सुचारू रूप से क्रियाशील रखने के लिए नौ द्वारों की शुद्धि का पर्व नौ दिन मनाया जाता है। सत्संग में सोनाली सरोज, सारिका अग्रवाल, शकुन अग्रवाल, आराधना शर्मा, राजीव कुमार, अनुराग कपूर, किरन महरोत्रा, कामिनी खन्ना, कुमकुम महेंद्र, साधना महेंद्र, वंदना टण्डन, कैलाश नाथ, दीनानाथ, पारस कपूर, सिमरन अरोड़ा, छवि कक्कड़, मनी टंडन, निशि भटनागर, विनीता वर्मा, अनिता देवी आदि मौजूद रहे।

नवीन नगर में नवरात्र महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संदेश : दिल्ली रोड स्थित एक यूनिवर्सिटी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाई गई सैंड आर्ट से मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण में निर्धारित समय पर न आने वाले कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 14 अप्रैल (11 अप्रैल को छोड़कर) राजकीय पॉलीटेक्निक के 11 कक्षों और राजकीय महिला पॉलीटेक्निक के 10 कक्षों में आयोजित किया जाएगा। एक कक्ष में 13 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ सुमित यादव ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए इन कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं। मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक प्रथम पाली में होगा। जबकि दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से से शाम 4:30 बजे तक होगा। मतदान कार्मिकों को प्रथम पाली के लिए प्रशिक्षण स्थल पर निर्धारित कक्ष में 10 बजे और द्वितीय पाली के प्रशिक्षण में 2 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। ऐसा न होने पर उन्हें अनुपस्थित मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इन्हें आखिरी दिन 14 अप्रैल को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए अंतिम अवसर दिया जाएगा। मतदान कार्मिकों की प्रशिक्षण शुरू होने और समाप्त होने पर दो बार उपस्थिति दर्ज की जाएगी। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

सेवा पोर्टल पर मिली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने निर्वाचन कार्यालय के डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सेवा पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिकायतकर्ता मोहम्मद फैजान, वीरपाल आदि से बात कर टोल फ्री नम्बर 1950 पर की गई शिकायतों के निस्तारण का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशिभूषण को डीसीसी सेंटर/राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं मॉनीटरिंग कर 100 प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा, उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, एसीएम प्रथम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आज वर्कशॉप को संबोधित करेंगे डीएम व एसएसपी

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर मीडिया सहभागिता व मॉनिटरिंग वर्कशॉप का आयोजन किया है। जिसमें जनपद के सभी मीडिया सहयोगियों को बुधवार 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वर्कशॉप के दौरान संबोधित करेंगे।

रैली से दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया

सदर तहसील से निकली रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, शत-प्रतिशत मतदान कराने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 19 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने को मंगलवार को सदर तहसील से दिव्यांगजनों की रैली निकाली गई। इसे हरी झंडी जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने दिखाई। इसमें शामिल लोगों को 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रेरित किया।

जिला समाज कल्याण कार्यालय के सहयोग से दिव्यांग मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निकली रैली आदर्श कॉलोनी होती हुई विभिन्न मार्गों से होकर लोगों को जागरूक करते पहुंची। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, दिव्यांगों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.अरुण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी विजय कुमार यादव, दिव्यांग स्वीप आइकॉन चमन यादव, स्वीप आइकॉन ऋतु नारंग के साथ विशेष शिक्षक (स्पेशल एजुकेटर) व दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से दोपहर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा बनाई गई सैंड आर्ट को देखकर सराहना की। विश्वविद्यालय के 600 छात्र-छात्राओं ने जिले के बाहर काम करने वाले अपने परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों से लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए पोस्टकार्ड भेजने का अनुरोध किया। सेल्फी प्वाइंट पर मुख्य विकास अधिकारी ने भी छात्रों के साथ सेल्फी ली। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों, शैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई।

दिव्यांग जनों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम मानवेंद्र सिंह, सीडीओ व अन्य।

एमआईटी में आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ सीडीओ, डीआईओएस, बीएसए आदि। ● अमृत विचार

एमआईटी में हुई पोस्टकार्ड लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता

मुरादाबाद, अमृत विचार : एमआईटी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता, अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए पोस्टकार्ड लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, रंगोली व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी एमआईटी निदेशक रोहित गर्ग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे। संस्थान के 500 छात्र-छात्राओं ने इसमें सहभागिता की। मुख्य विकास अधिकारी ने रंगोली व पोस्टर देखा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस दौरान संस्थान के डॉ. एसआर स्वाइन, डॉ. एनके साहू, रजिस्ट्रार डॉ. एके सिंह, प्रधानाचार्या मंजुला कंबोज, डॉ. क्षितिज सिंघल आदि मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशी रुचि वीरा पर एक और एफआईआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन मामले में एक और मामला दर्ज हो गया है। यह मामला नागफनी थाने में दर्ज कराया गया है। इसमें रुचि वीरा और पूर्व विधायक राहत मौलाई के बेटे असद मौलाई को नामजद किया गया है।

थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि सपा की प्रत्याशी रुचि वीरा ने आठ अप्रैल की दोपहर मुहल्ला डेहरिया स्थित असद मौलाई के आवास पर बिना अनुमति जनसभा की थी। फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) के प्रभारी शिव मोहन की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर में कांग्रेस नेता असद मौलाई को भी आरोपी बनाया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व विधायक के बेटे के आवास पर हुई सभा में रुचि वीरा करीब 80 लोगों के साथ मौजूद थीं। एफएसटी प्रभारी ने पुलिस को बताया है कि सभा की अनुमति के बारे में जानकारी की गई तो वहां मौजूद नेता अनुमति पत्र नहीं दिखा पाए। इस कार्रवाई से पहले भी शनिवार को नगर विधानसभा क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वायड टीम-द्वितीय के प्रभारी उमेश कुमार त्रिवेदी ने रुचि वीरा के विरुद्ध चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

जनसंपर्क

मुरादाबाद देहात क्षेत्र में वोट के लिए लोगों से अपील करतीं सपा प्रत्याशी रुचि वीरा।

सपा प्रत्याशी की बेटी ने मां के लिए मांगा आशीर्वाद

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी-गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा ने देहात क्षेत्र में गांव-गांव जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्हें लोगों का समर्थन मिला। क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मंगलवार को सबसे पहले प्रत्याशी रुचि वीरा डुंगरपुर पहुंचीं। जहां से वह आगे बढ़ते हुए मंडिया, मलुपुरा, खबड़िया, पाशियापुरा, निवाड़ खास, करया नंगला, राई नंगला आदि गांवों में जनसंपर्क के दौरान लोगों से मिली। उन्हें क्षेत्रवासियों ने पूरा समर्थन का भरोसा दिलाकर स्वागत किया। गांव में चौपाल पर जुटे लोगों को प्रत्याशी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। उन्होंने लोगों से वोट देकर सांसद बनाने की अपील की। वहीं नवरात्र के पहले दिन प्रत्याशी की बेटी स्वाति वीरा ने दुर्गा मंदिर जाकर मां दुर्गा के दर्शन किए और अपनी मां की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान सपा जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, विजय वीर सिंह, फिरासत हुसैन गामा, गौरव चौहान, कामिल सिद्दीकी, दुर्गा शर्मा, चौधरी नरेन्द्र सिंह, चेयरमैन शाहनवाज, जरीनुद्दीन खां, जिगर चौधरी, इकबाल अंसारी आदि उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव में अंतर्राज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश में जिले में अन्य राज्यों से आने वाले मार्गों पर पर कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है। ताकि चुनाव के दौरान अपराधी प्रवृत्ति के लोग, अवैध शस्त्र व शराब न आ सके। ठाकुरद्वारा की सीमा से लगे तीन अंतर्राज्यीय बॉर्डर और चार ग्रामीण क्षेत्रों से उत्तराखंड की सीमा लगी है। जिसके लिए हर रास्ते पर पुलिस, पीएसी व अन्य सुरक्षा बल लगाए गए हैं। यहां चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है।

ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र से सात मार्ग उत्तराखंड राज्य की सीमा से लगे हैं। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश में ठाकुरद्वारा से उत्तराखंड की सीमा से लगे अंतर्राज्यीय बार्डर पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। जिसमें ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पास ब्लू चेकपोस्ट बनाया गया है। यहां से उत्तराखंड से भारी वाहनों का आना जाना है। वाहनों की चेकिंग के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। वहीं तिकोनिया पार्क ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर लगे बैरियर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को पीएसी व पुलिस बल के तैनात किया गया है। वहीं सुरजन नगर और खैरुल्लापुर के बीच अंतर्राज्यीय बार्डर है। जहां दिन-रात उत्तराखंड से भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यह भी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। ठाकुरद्वारा- जसपुर मार्ग पर मस्तल्लीपुर और तालमपुर गांव के बीच दोनों राज्यों की सीमा है। जहां से छोटे वाहनों का आवागमन रहता है। वहीं जसपुर मार्ग पर रधुवाला और सन्यासी वाला गांव के बीच से ग्रामीण मार्ग के जरिए उत्तराखंड जाने का रास्ता खुला है। यहां 24 घंटे की कड़ी निगरानी के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। इस मार्ग से आने जाने वाले हर वाहन व व्यक्ति की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। काशीपुर मार्ग पर भयपुर गांव के पास लिंक रोड है जहां अंतर्राज्यीय बॉर्डर होने के कारण रात में प्रत्येक वाहन की चेकिंग की जा रही है। वहीं देवीपुर-असालतपुर गांव के बीच दोनों राज्यों की सीमा है। इसके लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पीएसी व पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं कटारमल गांव व रमनवाला गांव के पास श्याम नगर चौकी पर भी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जनपद में चुनाव के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ठाकुरद्वारा से उत्तराखंड की सीमा लगे होने के कारण अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गए हैं। इसके लिए ठाकुरद्वारा क्षेत्र में तीन पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सभी सात सीमा वृत्तीय मार्गों पर 24 घंटे पुलिस निगरानी कर रही है। कोतवाली पुलिस में तैनात 21 उपनिरीक्षक, एक इंस्पेक्टर क्राइम व 32 सिपाहियों की दो शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पीएसी 25वीं वाहिनी की ए कंपनी के जवान भी सुरक्षा में लगे हैं।

- अंतर्राज्यीय सीमाओं पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पीएसी के जवान भी तैनात
- ठाकुरद्वारा की सीमा से लगे मार्गों पर बैरियर लगाकर हो रही वाहनों की सघन चेकिंग

तिकोनिया पार्क में चेकिंग करते सेक्टर मजिस्ट्रेट,वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार।

एक नजर

पहले मतदान, फिर करें जलपान

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों के आधार पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यदि अच्छे जनप्रतिनिधि निर्वाचित होंगे तभी इसका लाभ नागरिकों को मिलेगा और समाज व राष्ट्र का विकास होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि युवा वर्ग अपने माता-पिता, अभिभावकों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों से लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान फिर जलपान और अन्य कार्य इसके लिए जागरूक करें।

मनमानी | सामान्य ड्रेस के साथ हाउस और योगा ड्रेस लेना भी जरूरी, हर साल ड्रेस में भी हो जाता है बदलाव

निजी स्कूलों ने मचाई लूट, छात्रों को तीन ड्रेस लेना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नया सत्र शुरू होते ही कई निजी स्कूलों की मनमानी शुरू हो गई है। हालात यह हैं कि जिला प्रशासन के आदेश के बाद भी मनमाने ढंग से फीस निर्धारित करने वाले निजी स्कूल संचालकों ने नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जूता, मोजा के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम भी बदल दिया है। क्वालिटी एजुकेशन के नाम पर अभिभावकों को जमकर लूटा जा रहा है।

अधिकतर स्कूल संचालकों ने कहीं कापी-किताबों और ड्रेस के लिए दुकानों से सेटिंग कर ली है तो कहीं खुद स्कूल से ही पूरा कोर्स बेच रहे हैं और फीस बढ़ाकर जेब भरी जा रही है, कापी-किताब और अब ड्रेस से भी मोटी कमाई की जा रही है। इन स्कूल संचालकों पर जिला प्रशासन का किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है।

निजी और कॉन्वेंट स्कूलों में अच्छी शिक्षा और व्यवस्था का लालीपॉप देकर अभिभावकों को ठगा जा रहा है। यहां अधिकांश कान्वेंट स्कूल ऐसे हैं, जिनमें प्रतिवर्ष नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें लागू कर दी जाती हैं, और उन्हें भी एक निश्चित दुकान से खरीदने को मजबूर किया जाता है। महंगी पुस्तकों को बदलने और ड्रेस चेंज करने के पीछे और कुछ नहीं बल्कि अभिभावकों का आर्थिक शोषण करना लक्ष्य होता है। हालात इतने खराब हैं कि स्कूलों ने हफ्ते में तीन-तीन ड्रेस लागू कर रखी हैं। सामान्य ड्रेस के साथ हाउस ड्रेस और योगा ड्रेस लेना भी जरूरी कर दिया है। जिसका सीधा असर अभिभावकों पर पड़ रहा है। रामंगगा विहार निवासी पूनम अग्रवाल ने कहा कि दो बच्चे स्कूल जाते हैं। अब स्कूल ने बच्चों की ड्रेस बदल दी है। जबकि, पिछले साल ही दो-दो जोड़ी नई ड्रेस खरीदी थीं। स्कूलों की इस मनमानी पर रोक लगनी चाहिए। वहीं हरथला निवासी मनीष ने बताया कि पहले स्कूल में टीशर्ट चलती थी। अब ड्रेस कोड पैंट-शर्ट कर दिया है। इससे पहले खरीदी सारी यूनिफॉर्म बेकार हो गई हैं। नई ड्रेस खरीदी तो पहले से ज्यादा महंगी मिली। उधर, शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन अभी तक किसी अभिभावक की ओर से शिकायत न आने का दावा कर रहा है।

बाजार से महंगी किताबें

अभिभावकों का आरोप है कि पहले से तय प्रकाशक की किताबें अधिक मूल्य पर मिलती हैं। वहीं एनसीईआरटी की कक्षा छह की सभी किताबें 1600 रुपये के आस-पास बाजार में उपलब्ध हैं जो महंगे प्रकाशक की 4500 रुपये से 6000 रुपये तक के मूल्य के मुकाबले काफी कम हैं। बावजूद इसके उन्हें महंगी किताबों को खरीदना पड़ता है।

सचिव ने जारी किया अलर्ट, नंबर बढ़ाने के प्रलोभन से बचें

मुरादाबाद, अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियां चेक की जा चुकी हैं। छात्रों को बोर्ड परीक्षा परिणाम का इंतजार है। इस बीच साइबर ठगों ने बच्चों के नंबर बढ़ाने के बहाने अभिभावकों के पास कॉल करना शुरू कर दिया है। इसके मद्देनजर यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने छात्रों और अभिभावकों से इस तरह के झांसे में न आने की अपील की है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि सचिव के आदेश अनुसार विद्यार्थी व अभिभावक अंक बढ़ाने या पास कराने का लालच देने वाले ठगों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में ऐसे प्रलोभन देकर अभिभावकों से ठगी की जा चुकी है। बताया कि साइबर ठगों के आने वाले फोन कॉल्स का संज्ञान न लें। उनके किसी भी तरह के प्रलोभन के जाल में न फंसें। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई कॉल आए तो इसकी जानकारी अपने जिले के डीआईओएस को दें।

बोर्ड परीक्षा रिजल्ट का है इंतजार

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित की गई थीं। इसके बाद कॉपियों का मूल्यांकन कार्य 16 मार्च से 30 मार्च तक किया गया। यूपी बोर्ड अब रिजल्ट जारी करने की तैयारी कर रहा है। उम्मीद की जा रही है कि नतीजे 15 अप्रैल तक जारी कर दिए जाएंगे।

न्याय पत्र से होगा समस्याओं का समाधान: इकराम कुरैशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कांग्रेसियों का रुचि वीरा को पूरी ताकत से चुनाव लड़ाने का ऐलान

अमृत विचार: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चुनावी न्याय पत्र 2024 के संकल्प पत्र की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी ने हाथ बदलेगा हालात की बात कही है।

मंगलवार को कांग्रेस जिला कार्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी ने कहा कि राहुल गांधी की 6200 किलोमीटर की न्याय यात्रा में भारत की जनता ने जितनी भी परेशानियां व मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर इंडिया गठबंधन के साथ वह सभी समस्याएं न्याय पत्र 2024 के आधार पर पूरे किए जाएंगे। इसमें सामाजिक न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय व किसान न्याय आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी योजना में आय और अवसर की असमानता को सरकार दूर करेगी। गरीब परिवार को बिना शर्त एक लाख रुपये प्रतिवर्ष महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत दिए जाएंगे। यह राशि परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला के खाते में स्थानांतरित की जाएगी। बताया कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी दी जाएगी। पूर्व विधायक ने कहा कि इंडिया गठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा को कांग्रेस कमेटी पूरी ताकत से चुनाव लड़ा रही है, जिससे इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बने और लोगों को न्याय मिलेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अनूप दुबे, अमीरुल जाफरी, विवेक गुप्ता, अफजल साबरी, राजेंद्र वाल्मीकि, मौतसिम मुख्तार, भयंकर सिंह बौद्ध, विवेक अग्रवाल, गुलवेज सिद्दीकी, श्याम शरण, पूनम कश्यप आदि शामिल रहे।

शहर में आज

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एसएस इंटर कॉलेज में दोपहर 12 :00 बजे।
- राजकीय पुरुष व महिला पालिटेक्निक कांठ रोड में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण सुबह 10 :00 बजे।
- नवरात्र के दूसरे दिन महानगर के मंदिरों में पूजा अर्चना सुबह 6 :00 बजे।
- मनोकामना मंदिर में कीर्तन शाम 5 :00 बजे।

हादसे में भाई-बहन घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : उत्तराखंड के गांव मडुवा खेड़ा निवासी राहुल अपनी बहन ममता को लेकर देर शाम डिलारी क्षेत्र के गांव हुजरा जा रहा था। करनपुर मार्ग स्थित लेदा गांव के निकट तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई-बहन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आरोपी चालक डंपर लेकर फरार हो गया। घायलों को परिजनों ने उत्तराखंड के काशीपुर में भर्ती कराया है।

सात स्थानों पर अवैध निर्माण किए सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। मंगलवार को एमडीए की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर सात प्रॉपर्टी को सील करने की कार्रवाई की। एमडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो लोग प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए निर्माण करा रहे हैं, ऐसे निर्माण को चिह्नित कराया जा रहा है। जिसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसलिए सभी महानगरवासी निर्माण कराने से पहले नक्शा जरूर पास करा लें। उन्होंने बताया कि महानगर के कांठ रोड स्थित वशिष्ठ विहार कालोनी में सतीश कुमार द्वारा 150 वर्ग गज में आवासीय भवन का निर्माण किया जा रहा था। इसी प्रकार अनीता द्वारा मंगल बाजार में भी बिना नक्शे के निर्माण कराया गया। दोनों प्रापर्टी को सील करने की कार्रवाई की गई। वीके सिंह द्वारा इस्लाम नगर बाईपास रोड पर 200 वर्ग गज में व्यावसायिक भवन का निर्माण किया गया। उनकी भी प्रापर्टी सील की गई। निसार अहमद द्वारा शेरुआ चौराहे से आगे भवन का निर्माण कराया गया, उसे भी सील किया। इसी प्रकार रहीश द्वारा डिलारी रोड पर 70 वर्ग गज में दुकानों का निर्माण कार्य, नासिर द्वारा इस्लाम नगर चौराहे से आगे 200 वर्ग मीटर में व्यावसायिक दुकानों का निर्माण के अलावा संजीव अग्रवाल द्वारा प्रभात मार्केट निकट कमल हैण्डीक्राफ्ट रामपुर रोड पर 200 वर्ग मीटर में किए जा रहे मकान को भी सील किया गया। एमडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

रामपुर रोड पर अवैध निर्माण को सील करती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम।

▸▸ एमडीए की कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप

खाबरी अव्वल में दो पक्षों में हुए विवाद की जांच में गए थे दरोगा, वहीं पड़ा दिल का दौरा

सुनवाई के दौरान हार्ट अटैक से दरोगा की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/बिलारी

अमृत विचार : बिलारी थाने में तैनात दरोगा मतीन अहमद (47) मंगलवार सुबह जन सुनवाई कर रहे थे। उनके साथ थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह भी जनसुनवाई में थे। इसी दौरान दरोगा के ही क्षेत्र का एक मामला आ गया तो वह मौके पर चले गए थे। जहां उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी तो साथी पुलिसकर्मी उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे, जहां डॉक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

सीएचसी की डॉ. शतावरी त्यागी ने बताया कि जिस तरह दरोगा मतीन अहमद की मृत्यु हुई है, उसे यही लगता है कि इनको हार्ट अटैक आया होगा। लेकिन, मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम से ही पता लगेगा।

मतीन अहमद का फाइल फोटो।

दरोगा मतीन मेरठ जिले के कस्बा फलावदा के मूल निवासी थे। वह 1998 में यूपी पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुए थे। वर्ष 2013 में उन्हें दरोगा पद पर पदोन्नति मिली थी। कई वर्षों से उनकी तैनाती मुरादाबाद जिले के अलग-अलग थानों में रही। एक मार्च को थाना नागफनी से उनका स्थानांतरण बिलारी थाने के लिए हो गया था। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह 10 बजे के दौरान दरोगा अपने हल्के के खाबरी अव्वल गांव में दो पक्षों में हुए विवाद की जांच करने पहुंचे थे। उनके साथ कांस्टेबल नितिन कुमार, सचिन सैनी और चालक संजय सिंह भी गए थे। इन पुलिसकर्मियों के मुताबिक, जैसे ही दरोगा जीप से उतरकर खाबरी अव्वल गांव में एक गली से गुजर रहे थे। उसी समय अचानक वे लड़खड़ा कर गिरे और बेहोश हो गए। जिस पर उन लोगों ने दरोगा को संभाला और उपचार के लिए सीएचसी बिलारी लाए थे। सीएचसी में डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। उधर, दरोगा की हालत बिगड़ने की खबर थाने भी आ चुकी थी। तुरंत प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, निरीक्षक अपराध राजेश यादव व अन्य कई दरोगा, कांस्टेबल सीएचसी पहुंचे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक दरोगा का परिवार मुरादाबाद में ही रह रहा है। पुलिस की सूचना पर मृतक दरोगा की पत्नी और अन्य रिश्तेदार भी बिलारी सीएचसी पहुंचे थे।

पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

दरोगा मतीन अहमद की पत्नी फौजिया उर्फ रुकैया, बेटी सिदरा (13) और नमरा (11), बेटा यासिर (9) और शोएब (3) का रो-रोकर बेहाल हैं। बताया जा रहा है कि कुछ समय से दरोगा की पत्नी और बच्चे मुरादाबाद में किराये के मकान में रह रहे हैं। वैसे मतीन अहमद की असमय मौत की खबर न देकर बिलारी पुलिस ने दरोगा की पत्नी को बताया था कि अचानक तबीयत बिगड़ गई है और उनका इलाज चल रहा है। पत्नी और बच्चे जब सीएचसी पहुंचे तब सच्चाई का पता चला। जिस पर रुकैया दहाड़ मारकर रोने लगी थी और कुछ पल में ही बेसुध हो गई थी।

लाजपतनगर में विवाद के बाद दोस्त ने पत्थर से कूंच कर की युवक की हत्या

घटना से पहले कार बुक कराकर विष्णु आरोपियों के साथ गया था अमरोहा स्थित ननिहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शराब के नशे में विवाद के बाद दोस्त ने ही युवक की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। युवक की मौत से पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में रात में ही पुलिस ने मृतक के दोनों दोस्तों को हिरासत में ले लिया है।

मामला कटघर थाना क्षेत्र में लाजपतनगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि जयंतीपुर निवासी विष्णु (40) पुत्र होरी लाल अपने दो दोस्तों के साथ सोमवार की सुबह कार से अमरोहा के सूदनपुर में अपने मामा सुरेश के यहां गया था। कार डबल फाटक के पास किराए से ली थी। मामा के यहां से ये तीनों लोग शाम को मुरादाबाद लौटे थे। डबल फाटक के पास कार छोड़ दी थी और फिर विष्णु ने अपनी स्कूटी उठाकर दोनों दोस्तों को लेकर श्मशान की तरफ गया था, जहां इन लोगों ने शराब पी थी। बताया जा रहा है कि यहीं पर विष्णु व उनके एक दोस्त से कुछ विवाद हो गया। जिस पर दोस्त ने पत्थर से कूच कर युवक की हत्या कर दी। लाजपतनगर पुलिस चौकी इंचार्ज ब्रजेश कुमार ने बताया कि श्मशान के पास शव पड़े होने की सूचना रात के करीब 12 बजे राहगीर ने दी थी। इसके बाद एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व कटघर सीओ रुद्र प्रताप सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। वहां स्कूटी बरामद हुई, जो मृतक की ही थी। स्कूटी के नंबर के आधार पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर जयंतीपुर में जाकर घर वालों को सूचना दी थी। साथ ही पुलिस ने डबल फाटक से श्मशान की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांचे तो विष्णु व उसके दोनों दोस्त स्कूटी पर श्मशान की तरफ जाते भी दिखे। जिस कार से वे लोग डबल फाटक पर उतरे थे। उसका विवरण भी पुलिस को मिल गया था। फिर रात में कार चालक से पुलिस ने पूछताछ की थी। इसके बाद कार चालक के बताने और फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने उन्हें भी रात में ही उठा लिया था।

इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी पकड़े जा चुके हैं और उनसे पूछताछ हो रही है। अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

पत्नी व चार बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

विष्णु तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। इनसे छोटे हरदेव व रमेश हैं। रमेश ने बताया कि विष्णु के परिवार में दो बेटियां रेशू व कशिश और दो बेटे अमन व अंश हैं। इनमें रेशू 21 साल की है, जबकि कशिश 17 वर्ष की है। विष्णु अपनी बड़ी बेटी का रिश्ता भी खोज रहे थे। वह अपने परिवार के लालन-पालन के लिए जयंतीपुर रोड शिवनगर गली नंबर-एक में मंदिर के बगल में छोटा सा रेस्टोरेंट चलाते थे। विष्णु की पत्नी सुषमा और चारों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दोस्त की पत्नी को लेकर विष्णु ने कर दी थी हंसी-ठिठोली

सूत्रों की माने तो विष्णु के एक दोस्त की पत्नी नाराज होकर मायके में रहती है। उसका कोई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसका जिक्र विष्णु ने हंसी-ठिठोली में कर दिया था। इसको लेकर अमरोहा में भी इन लोगों में विवाद हुआ था। शाम को श्मशान के पास भी इसी बात को लेकर इन लोगों में विवाद हो गया और दोस्त ने विष्णु की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी।

घटना

▸▸ लाजपतनगर के श्मशान के पास हुई घटना, पुलिस ने दोनों दोस्तों को हिरासत में लिया

विवाहिता का शव एक माह बाद कब्र से निकाला

मुरादाबाद, अमृत विचार : विवाहिता की मौत के एक महीने बाद मायके पक्ष की सुनवाई हुई है। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्र से निकाल कर पोस्टर्माटम के लिए भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि महीने भर पहले संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित शबाना की मौत हो गई थी। मायके वालों ने मूंढापांडे थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शबाना का मायका रामपुर जिले में थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटारिया का मंझरा में है। शबाना के पिता शौकत अली ने अपनी बेटी की शादी मुबारक पुत्र अफसर निवासी समदाराय सहाय मजरा खता गांव के साथ की थी। मृतका के भाई नौशे अली ने बताया कि उनको 7 मार्च को सूचना मिली थी कि उनकी बहन की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई है। फिर उसकी ससुराल वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। शबाना पांच भाई-बहनों में छोटी थी। मृतका के परिवार में उसका सात महीने का बेटा वारिस अली है। मायके वालों ने जब ससुरालियों से घटना की जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिस पर मायकेवालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मूंढापाडे थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पार्टनर ने की 20 लाख की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पार्टनरशिप के व्यापार में 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यह व्यापार प्रिंस रोड गांधी नगर के मोनिस जलील, शुभम अग्रवाल और अनुराग अग्रवाल ने मिलकर शुरू किया था। इसमें शुभम और उसके स्टॉफ साथी मोहम्मद दानिश पर धोखाधड़ी का आरोप है। पीड़ित पक्ष की ओर से सिविल लाइंस थाने में धोखधाड़ी-जालसाजी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

इन लोगों ने मिलकर पूर्व में पार्टनरशिप में एक व्यापारिक फर्म आईआरआईएस द एस्थेटिक क्लीनिक के नाम से बनाई थी। इस क्लीनिक में सिर के बाल लगाने/बालों का ट्रांसप्लांट आदि कार्य होता था। मोनिस जलील ने बताया कि वह गलशहीद थाना क्षेत्र में प्रिंस रोड गांधी नगर के रहने वाले हैं। 16 फरवरी 2019 को उन्होंने अनुराग अग्रवाल और शुभम अग्रवाल की पार्टनरशिप में व्यापारिक फर्म आईआरआईएस द एस्थेटिक क्लीनिक के नाम से बनाई थी। इसका पता रामगंगा विहार फेज-1 ऑफीसर कॉलोनी रोड सोनकपुर स्टेडियम था। इस फर्म में पीड़ित पक्ष के मोनिस जलील व अनुराग अग्रवाल 40-40 प्रतिशत और शुभम अग्रवाल 20 प्रतिशत के भागीदार थे। पार्टनरशिप डीड तैयार होने के बाद पैन कार्ड व उद्योग आधार पर बनाकर फर्म की सभी औपचारिकताएं पूरी हुई थीं। फर्म का खाता आईसीआईसीआई बैंक में है। फर्म के सभी आय-व्यय का कार्य इसी बैंक खाते से किया जाना पार्टनरों के बीच तय हुआ था। फर्म के तहत विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से सिर के बाल लगाने/बालों का ट्रांसप्लांट आदि कार्य किए जाते रहे हैं। फर्म में शुभम अग्रवाल को लिपिकीय कार्य करने का भार दिया गया था। इसके बदले शुभम को अलग से प्रति महीने 15,000 रुपये फर्म के खाते से ही दिए जाते थे। पीड़ित पक्ष का कहना है कि फर्म से वर्ष 2022 व 2023 में बेहतर व्यापार भी हुआ। इसी दौरान शुभम अग्रवाल की नीयत खराब हो गई। फिर शुभम फर्म की आय को फर्म के खाते में न जमाकर अपने व फर्म के एक अन्य स्टॉफ दानिश के बैंक खाते में ग्राहक से लेना शुरू कर दिया था। पीड़ित पक्ष ने बताया कि जब उन्होंने अगस्त 2023 में बैंक खाता चेक किया तो देखा कि एक अगस्त 2023 को बैलेंस 3,59,618.34 रुपये था और 29 अगस्त 2023 को बैलेंस 3,77,660.34 रह गया। इस तरह पूर्व के बैलेंस की अपेक्षा 18,042 रुपये कम थे। जबकि उस अगस्त महीने में आय की धनराशि 3,88,690 है। फिर एक सितंबर को बैलेंस धनराशि 3,80,160.34 रुपये थी, जो 29 सितंबर को 4,49,592.06 रुपये प्रदर्शित हुई। इस तरह शुभम ने दोबारा फर्म की आय को केवल 79,431.71 रुपये प्रदर्शित की गई। इस तरह शुभम ने दोबारा फर्म की आय को केवल 79,431.71 रुपये प्रदर्शित की गई, जबकि सितंबर में आय 3,43,261 रुपये हुई। यही हाल अगले महीने अक्टूबर में भी रहा। आरोप है कि अरोपी शुभम ने फर्म के नाम से पेटीएम व गूगल-पे फर्जी एकाउंट बनाकर ग्राहक से धनराशि ली है। ये धनराशि अपने व्यक्तिगत खाते में जमा करा ली है। इस तरह शुभम व उसके साथी दानिश ने 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली है। यही नहीं, आरोपी शुभम ने फर्म ऑफिस से रजिस्टर, लैपटॉप चोरी कर अपना अलग से सेंटर खोल दिया था।

▸▸ रामगंगा विहार में सोनकपुर स्टेडियम के पास खोला था बालों का ट्रांसप्लांट क्लीनिक

लापरवाही : यह फोटो सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आंबेडकर पार्क के पास का है। जहां एक स्कूटी पर चार किशोर सवार होकर जाते नजर आ रहे हैं। इनमें से दो एनसीसी की ड्रेस पहने हुए हैं, जबकि एनसीसी कैडेट अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। लेकिन यहां तो इन्होंने यातायात के सारे नियम ही तोड़ दिए। ● अमृत विचार

सामूहिक दुष्कर्म करने के तीनों आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली से मुरादाबाद आते समय रास्ते में चलती कार में किशोरी से दुष्कर्म करने के तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन आरोपियों में गाजियाबाद कमिश्नरेट के रहने वाले तीनों व्यक्ति भरत सिंह, अनिल व सोनू हैं।

पीड़िता मॉडलिंग करती है। वह छह अप्रैल को जयपुर से लौट रही थी। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि कोतवाली नगर में सोमवार को ही तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर में आरोपियों के विरुद्ध लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए उन्होंने एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व में टीमें गठित की थी। इन टीमों का सुपरविजन सीओ कोतवाली कुलदीप गुप्ता भी कर रहे थे। पुलिस टीमों ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

चलती कार में किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार तीनों अभियुक्त।

गाजियाबाद कमिश्नरेट के हैं आरोपी

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त गाजियाबाद कमिश्नरेट के रहने वाले हैं। इनमें भरत सिंह पुत्र मानसिंह लाल कुआं थाना वेब सिटी, अनिल पुत्र अग्गन निवासी लाल क्वार्टर थाना सिहानी गेट और सोनू उर्फ वसीम पुत्र बसीर निवासी पुराना बस अड्डा मालीवाड़ा थाना सिहानी गेट है। इन्हें कोतवाली नगर के दरोगा कुलदीप राणा, घनश्याम गौतम, शुभम और कांस्टेबल प्रदीप सागर, मनीष तोमर और हेड कांस्टेबल चालक यामीन खां ने गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त बोला-षड्यंत्र के तहत बैठाया था कार में

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वह तीनों दोस्त हैं। महानगर/शहरों की मल्टीप्लैक्स कॉलोनियों, मॉल आदि में फायर फाइटिंग (आग बुझाने के उपकरण) को लगाने का कार्य करते हैं। अभियुक्त भरत सिंह ने बताया है कि उसकी किशोरी से एक-दो बार पहले कुछ इवेंटों में मुलाकात हुई थी। वहीं से वह लड़की से जान-पहचान रखने लगा था। रविवार को वह अपने साथी अनिल व सोनू उर्फ वसीम के साथ दिल्ली गया था। उसे लौटते समय धौलाकुंआ मेट्रो स्टेशन पर उसकी पहचान की किशोरी मिली थी। जिसे उसने षडयंत्र के तहत अपनी कार में बैठाया था। फिर रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर कार में ही उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना करने के बाद वह लोग किशोरी को रेलवे जंक्शन के पास के एक होटल छोडकर चले गए थे।

जूते की दुकान पर मारपीट में पांच नामजद

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में बुध बाजार में सोमवार रात में एक दुकान पर जमकर बवाल हुआ। मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष के समीर ने पांच लोगों के विरुद्ध कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें दुकानदार मुशर्रफ, उमर, रफीक और शमीम नामजद हुए हैं।

मुगलपुरा थाना क्षेत्र में लालबाग में कहारों वाली गली के समीर ने बताया कि सोमवार रात 11 बजे के दौरान वह अपने दोस्त अब्बास के साथ बुध बाजार में चौराहे पर स्थित जूते की दुकान पर गए थे। दुकान मालिक मुशर्रफ व अन्य ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी थी। विरोध पर वह लोग हमलावर हो गए और मारपीट करने लगे। किसी ने समीर के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई है।

तीन किसानों की गेहूं की फसल जली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मंगलवार को गेहूं की फसल में आग लग गई। घटना दलपतपुर पुलिस चौकी के पीछे की है। आगजनी की घटना से तीन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

साहूनगला के हाजी जिलेहसन की 6 बीघा, ककरघटा के हाजी शाहिद की 3 बीघा और इसी गांव के ताहिर की भी तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इनकी फसल में आग लगाई है। गेहूं की फसल पक चुकी थी। ये तीनों किसान अब कटाई की तैयारी कर रहे थे। खेत में आग की ऊंची लपटें देखकर कोई बुझाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहा था। खेत में आग लगने की खबर पर तीनों किसान पहुंचे थे, उन लोगों ने आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन, आग प्रचंड होने से वहां मौजूद लोगों ने उन लोगों को रोक लिया। हाजी जिलेहसन ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है। फिर भी किसी ने फसल में आग लगा दी। फसल जलने की सूचना उन्होंने लेखपाल को दी है। किसान ने बताया कि उन्हें लेखपाल ने बताया है कि वह बुधवार को जली फसल का मौका मुआयना करने आएंगे। हाजी शाहिद और ताहिर ने बताया कि उनकी फसल के जलने से बच्चों के स्कूल की फीस भी नहीं जमा हो पाएगी। वह इस फसल के गेहूं बेचकर बच्चों की फीस जमा करते और धान की फसल बोने की तैयारी करते, लेकिन अब सब कुछ बर्बाद हो गया है।

दलपतपुर पुलिस चौकी के पीछे गेहूं की फसल में लगी आग। ● अमृत विचार

नशीला पदार्थ सुंघाकर मामी से दुष्कर्म का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भांजे ने अपनी सगी मामी को नशा सुंघाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। मामला दर्ज न होने पर महिला ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरुद्वारा जसपुर मार्ग पर स्थित एक गांव की महिला ने शिकायती पत्र में कहा कि गांव सुल्तानपुर दोस्त निवासी युवक उसके पति का सगा भांजा है। 9 जनवरी की रात्री 11 बजे वह घर में घुस आया। उसने कोई नशीला पदार्थ सुघांकर उसे बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया और वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। विरोध करने पर उसने उसके दो बच्चों का अपहरण करने की धमकी दी।

अवैध शराब बेचने में तीन और पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : थाना मझोला पुलिस व एसओजी टीम ने फर्जी बार कोड व नकली सील को बोतल पर टैग लगाकर अवैध शराब बनाकर बिक्री करने वाले फरार चार अभियुक्तों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से भारी संख्या में अवैध शराब भी बरामद की है। इन गिरफ्तार हुए अभियुक्तों में मोहित सक्सेना, आदित्य और रविंद्र वर्मा हैं। इनकी जल्द गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था।

गिरफ्तारी की इस कार्रवाई से एक दिन पहले पुलिस ने सात आरोपियों को दबोच कर उनके पास से भारी मात्रा में नामित कंपनियों के टैग, फर्जी बार कोड, अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए थे।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि थाना मझोला पुलिस व एसओजी टीम ने इस अवैध धंधे में शामिल अभियुक्त मुनाजिर उर्फ साहिल को सबसे पहले शनिवार रात में दबोचा था। यह स्कूटी पर 12 बोतलों में शराब लेकर सप्लाई देने जा रहा था। फिर पुलिस इसके अवैध शराब निर्माण एवं पैकिंग वाले कारखाने (खुशहालपुर में रविंद्र के घर) ले गई थी, जहां से छह अभियुक्त संजय कुमार, परवेंद्र, तरुण सैनी, राम सिंह, फैजुर्रहमान उर्फ फैजान और मोहम्मद जावेद को भी गिरफ्तार किया था और यहां से भारी मात्रा में नामित कंपनियों के टैग, बार कोड, अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए थे। इस कार्रवाई में चार अभियुक्त भाग निकले थे। इनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित कर पुलिस की दो टीमें लगाई गई थीं। पुलिस ने तीन और गिरफ्तार किए हैं। इनमें बिलारी के बकैनिया चांदपुर का मोहित सक्सेना पुत्र संतोष कुमार सक्सेना, कटघर क्षेत्र के बरवलान का आदित्य पुत्र चोखेलाल और होली का मैदान निवासी रविंद्र वर्मा पुत्र स्वर्गीय बाबूराम वर्मा हैं। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार हुए तीनों अभियुक्तों के पास से पुलिस ने तीन पेटी में और अलग से कुल 60 बोतल बलंडर प्राइड तथा दो पेटी में व अलग से 70 क्वाटर रॉक फोर्ड बरामद हुए हैं।

▸▸ एसएसपी ने फरार आरोपियों पर घोषित किया था 15 हजार का इनाम

पीएसी कांस्टेबल की बाइक चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कमिश्नर आवास के सामने मार्ग पर बाइक की टक्कर से घायल हुए साइकिल सवार के इलाज के चक्कर में पीएसी कांस्टेबल कृष्णा कुमार की बाइक भी चोरी हो गई है।



एक नजर

भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की

डिलारी, अमृत विचार : थाना परिसर में मंगलवार को ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के संभ्रात लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी पवन कुमार ने ईद शांतिपूर्वक, आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सांसद के प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद अयूब, हरपाल सिंह, नगर पंचायत ढकिया के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन, जगदीश सिंह, डॉ. अनुपम शर्मा, विक्रम सिंह, रईस अहमद, फारूक, जाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

हिंदू नववर्ष का महत्व बताया

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी स्थित मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को हिंदू नव वर्ष धूमधाम के साथ मनाया गया। रहांगीर व ग्रामीणों को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा की और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि वर्ष के 365 दिनों में सबसे सर्वश्रेष्ठ दिन वर्ष प्रतिपदा होता है। आज ही के दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की।

नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार : नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका सोमवार को गांव कासमपुर में दुकान से सामान ले गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। पीड़िता की मां ने शक के आधार पर गांव के ही दिलशाद व उसके साले मुन्ना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : गांव मघपुरी में खेत की मेढ़ पर पेड़ लगाने को लेकर दो भाइयों में हुई मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। गांव मघपुरी इनायतपुरी निवासी लियाकत ने बताया कि 10 फरवरी की शाम वह अपने खेत में कार्य कर रहा था। इस बीच उसका पड़ोसी शहानवाज, शराफत व शौकत का साला खेत की मेढ़ पर पेड़ लगाने लगे। मना करने पर गाली गलौज और मारपीट की। इससे वह घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

कांठ, अमृत विचार : महिला से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के एक गांव की महिला के अनुसार, 23 जनवरी गांव के शिमोन ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया था। इसके बाद पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गया था। आरोपी ने महिला का अश्लील वीडियो भी बनाया था।

कांठ में कलशयात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

रामलीला मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बिलारी में मंदिर में मूर्ति को नए वस्त्र पहनाकर पूजा करते लोग। ● अमृत विचार

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन की मां शैलपुत्री की आराधना

नगर में धूमधाम से निकाली कलशयात्रा, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन भक्तों ने उपवास रखकर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। घरों में कलश स्थापना की। मां शैलपुत्री का गुणगान किया।

नगर के प्रसिद्ध माता का थान मंदिर, श्री रामलीला मंदिर, बड़े शिव मंदिर, मोहिनी मंदिर समेत अन्य मंदिरों पर सुबह से ही माता के भक्तो का तांता लगा रहा। महिलाओं ने भजन, गीत गाकर मां दुर्गा का गुणगान किया। उधर, नवरात्रों के चलते बाजार भी गुलजार हो गए हैं। बाजारों में दुकानों पर सजे नारियल, माता की चुनरी व पूजन सामग्री के समान बिक रहे हैं। उधर, प्रथम नवरात्र पर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही। नगर के रामलीला मंदिर से कलश यात्रा का आरंभ हुआ। लाल साड़ियों में सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर श्री रामलीला परिसर में एकत्रित हुईं, जहां पूर्व सांसद कुमार सर्वेश सिंह के चचेरे भाई भूपेंद्र सिंह ने फीता काटकर कलश यात्रा का आरंभ किया। इसमें मां दुर्गा की झांकी मां भगवती के भजनों से भक्ति भावना भक्तों को आकर्षित कर रही थी। कलशयात्रा रोडवेज बस अड्डा, मुख्य बाजार, सैनी धर्मशाला, मोहल्ला पट्टी वाला, संत रविदास मंदिर समेत अन्य मुख्य मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान पर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह कलशयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शाम को मंदिर पर कीर्तन का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में सचिन चौहान उर्फ बंटी, अशोक कुमार बिश्नोई नेताजी, सौरभ अग्रवाल, जितेंद्र चौहान के अलावा वीर वाला देवी, मधु चौहान, कंचन चौहान, रेखा देवी, अमृता देवी, अलका देवी, मालती आदि रहीं।

नगर में निकाली कलशयात्रा, झांकियां रहीं शामिल

कुंदरकी, अमृत विचार : हरियाना संपर्क मार्ग स्थित श्री वैष्णव मंदिर से धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई चामुंडा देवी स्थल पर परिक्रमा के बाद प्राचीन श्री शिव मंदिर पर पहुंची। जहां महिलाओं ने कलश स्थापना की और भक्तों ने मंदिरों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। माता रानी के जयकारे गूंजे। कलश यात्रा में मां शेरावाली के स्वरूप, माता रानी, गणेशजी की सुंदर झांकियों ने लोगों के मन मोह लिया।

कलश यात्रा में माता के स्वरूपों की झांकियां।

प्राचीन मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को पहनाए नए वस्त्र

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो गए। इससे पहले मंदिरों को सजाया गया। पहले दिन क्षेत्र के मंदिरों में देवी माता की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने मां की आराधना कर घर-परिवार में सुख समृद्धि की कामना की।

बताया गया कि नगर के प्राचीन पौंणा खेड़ा मंदिर परिसर में पूरब दिशा की ओर श्री काली माता और श्री भैरो बाबा का प्राचीन मंदिर 1972 में व्यापारी स्वर्गीय लाला हर नारायण अग्रवाल सराफ ने बनवाया था। चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर का सौंदर्यकरण और सभी देवी देवताओं की मूर्तियों को नए वस्त्र पहनाई जाती है। इसके बाद विशेष पूजन-अर्चना की जाती है। नवरात्र प्रारंभ होते ही माता की अखंड ज्योत विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ प्रज्ज्वलित की जाती है। माता रानी को चांदी का छत्र पहनाया जाता है। इस दौरान मनोज कुमार अग्रवाल, युक्ति अग्रवाल, व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, नवनीत, संजय, डॉ. नितिन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, मेहुल, प्रिंस, आयुष अग्रवाल, तुषार उपस्थित रहे। यह शुभ कार्य पंडित दिनेश चंद पाराशरी की देखरेख हुआ।

बैठक में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते तहसील अध्यक्ष हाजी इमरान।

किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : मोहल्ला पट्टी में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष हाजी इमरान के आवास पर मंगलवार को मासिक पंचायत हुई। इसमें संगठन व किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

तहसील अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव संपन्न होते ही भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर ग्राम इकाई का गठन करेंगे। तहसील क्षेत्र के एक-एक पदाधिकारी को 10 ग्रामों का प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। नगर पंचायत में धरना प्रदर्शन के दौरान समस्याओं के समाधान के लिए पालिका अध्यक्ष से दो महीने का समय लिया था। गर पंचायत के कार्यालय में आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस दौरान शमीम अहमद, नाजिर, दीपक कुमार, गुड्डू घोसी, इरशाद अहमद आदि रहे।

शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : हिंदू नववर्ष पर नगर में मंगलवार को आर्य समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

बुध बाजार स्थित आर्य समाज स्कूल से शोभायात्रा की शुरूआत हुई। इसमें स्वामी दयानंद सरस्वती, झांसी की रानी, देवी देवताओं व महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा शुगुन तिराहा, मस्जिद कुरैशियान, गंज बाजार, राजीव मार्केट, छीपियान मस्जिद, मछली बाजार, धीमरों वाली मस्जिद, इमली वाली जियारत, मस्जिद वाल्मीकि बस्ती, जाटवान, आंबेडकर पार्क, मालियों वाले चौराहे, पठानों वाली मस्जिद, बड़ा बाजार, सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज, बस स्टैंड, कोतवाली होते हुए आर्य समाज स्कूल में जाकर संपन्न हुई। दोपहर को आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वेद प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वेद प्रचारकों ने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और समाज में उनकी भूमिका बताई। वेद मित्रों व योगेश दत्त आर्य ने यज्ञशाला का शिलान्यास किया। सुभाष चंद्र आर्य ने ईंटें नींव में रख कर आरंभ किया। इस दौरान प्रबंधक गुलाब सिंह वर्मा, इंदु कांत आर्य, अनिल चौहान, संजीव सिंघल, आशुतोष अग्रवाल, कारन चंद शर्मा, वेद प्रकाश, प्रदीप वर्मा, गौरव वर्मा आदि रहे।

शोभायात्रा में शामिल झांकी के साथ मौजूद लोग। ● अमृत विचार

सार संक्षेप

ईद मिलन के दिन अवकाश का लिया निर्णय

बिलारी, अमृत विचार : तहसील परिसर में मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें चैत्र नवरात्र और ईद मिलन समारोह के अवकाश को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पहले नवरात्र के दौरान अधिकतर वादकारी व्यस्त रहते हैं। इसलिए अवकाश का निर्णय लिया गया। 15 अप्रैल को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उस दौरान भी तहसील के सभी न्यायालय में न्यायिक कार्य को स्थगित रखा जाएगा। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन, सचिव विनय कुमार सिंह, महेश चंद शर्मा, तेज प्रताप सिंह चौहान, विक्रांत कुमार, अवधेश शर्मा, प्रेमपाल सिंह, कुमार पाल सिंह, बिशन सिंह आर्य, सुनील कुमार, भगवान शरण माथुर आदि मौजूद रहे।

नववर्ष पर गोशाला में की गोसेवा

कांठ, अमृत विचार : भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और चैत्र नवरात्र के अवसर पर जिला गोसेवा गतिविधि की टीम ने सादकपुर खिचड़ी की गोशाला में गो सेवा की। गोवंशों को हरा चारा व गुड़ का भोग लगाया। इस दौरान बीमार गोवंशो का उपचार कराया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गोसेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी आदित्य गोयल, विशाल, योगेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू, प्रकाश यादव, लोग मौजूद रहे।

गेहूं के खेत में पानी भरने का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल में पड़ोसी किसानो ने पानी भर दिया। इससे फसल नष्ट हो गई। विरोध करने पर पड़ोसी किसानों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर मारपीट भी की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव निर्मलपुर निवासी किसान खुशीराम ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोसी किसानों ने खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल में पानी भर दिया। आरोप है कि उसने दो बार खेत में पानी भरा। इससे उसकी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की।

किसान की चार भैंसों की मौत, चारे में जहर की आशंका

डिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव नवादा में एक किसान की चार भैंसों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। उसका इलाज किया जा रहा है। भैंसें की मौत होने से परिवार में गम का माहौल है। पशु चिकित्सक ने चारे में जहर की आशंका जताई है। बताया कि किसान लोक नारायण सिंह सोमवार शाम सात बजे अपनी पांच भैंसों को चार डालकर खाना खाने लगा। साढ़े आठ बजे पशुशाला में देखा तो चार भैंसें मृत अवस्था में पड़ी थीं। किसान ने बताया कि भैंसों का दूध बेचकर वह परिवार का पालन पोषण कर रहा था। घर के खर्च के अलावा बेटी की शादी करनी थी। चार भैंसें मरने से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना के बाद पशु चिकित्साधिकारी नरेश चंद्र व स्वास्थ्य टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने चारा की जांच की। उन्होंने जहर की आशंका जताई है। उन्होंने पशुओं का पोस्टमार्टम करने के लिए कहा। लेकिन पीड़ित किसान ने इनकार कर दिया।

पांच किलोग्राम गांजा पकड़ा, तस्कर गिरफ्तार

कुंदरकी, अमृत विचार : पुलिस ने पांच किलोग्राम गांज के साथ स्कूटी सवार एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने और आरोपी को भी पकड़ा है। चक फाजलपुर रोड पुल के नीचे सोमवार देर शाम गांव नीली खेड़ी थाना डिडौली जनपद अमरोहा निवासी बुरहान को पकड़ लिया। आरोपी पाकबड़ा में रहता है। बताया कि आरोपी के पास से पांच किलोग्राम गांजा, स्कूटी, एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, ईदगाह वाली सड़क पर गांव जैतवाड़ा के रहने वाले फिरोज को भी गिरफ्तार किया गया है। उसके पास तमंचा और कारतूस बरामद हुआ था। मंगलवार को आरोपी का चालान कर दिया गया।

मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : नगर स्थित एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंधक हाजी मेहंदी हसन ने मंगलवार को अंग्रेजी व हिंदी माध्यम की कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दीं। बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

कक्षा-11 अ में प्रियांशु प्रथम, मेहजबी द्वितीय और मोहम्मद आसिफ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा-11 विज्ञान वर्ग में इफरा प्रथम, अनामिका द्वितीय, रीनू सोफिया रानी तृतीय रहीं। कक्षा 9 में शाहेनूर प्रथम, महक द्वितीय, संजूम बेबी तृतीय, कक्षा 8 में अफसीन प्रथम, शाहेदीन द्वितीय, फिजा तृतीय, 7वीं में नूरानी प्रथम, अलफिया द्वितीय, फिजा तृतीय, कक्षा-6 में इकरा प्रथम, रिफा द्वितीय, सोफिया तृतीय, कक्षा-5 मे महक प्रथम, शान बी द्वितीय, रेहान, कक्षा-4 में सीरी प्रथम, माहेनूर द्वितीय, सुहैल तृतीय, कक्षा-3 में जज्बी हैदर प्रथम, लकी द्वितीय, अर्शी तृतीय, कक्षा-2 में इस्मा रानी प्रथम, अयान द्वितीय, अल्तमश तृतीय, कक्षा-1 में अब्दुल वफा प्रथम, मोहम्मद सेफ द्वितीय, समरीन तृतीय स्थान पर रहीं। यूकेजी में अलकासिया प्रथम, इनाया फातिमा द्वितीय, फैज तृतीय, नर्सरी मैं शीश प्रथम, अल शिफा द्वितीय, मोहम्मद शमी तृतीय स्थान पर रहे हैं। इस दौरान प्रधानाचार्या शबाना, शाहनवाज हैदर, नजबुल हसन, पुष्पेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार, रईस आदि रहे।

परीक्षाफल के बाद सम्मानित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

घर में घुस दंपती को पीटकर किया घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : घर में घुसकर दंपती को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला मछली बाजार निवासी नईम ने तहरीर में बताया कि मंगलवार को काशीपुर रोड निवासी एक व्यक्ति व उसके दो पुत्र उसके घर में घुस आए। ये आरोपी उनके साथ मारपीट करने लगे। उसकी पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। अश्लील हरकतें कर निर्वस्त्र कर घुमाने की धमकी दी। इस दौरान हमलावर उसे मारते हुए घर से बाहर ले आए। इस मारपीट में पीड़ित की आंख में गंभीर चोट लगी है। पीडित ने पुलिस से आरोपियो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरुक करते राशन डीलर। ● अमृत विचार

रैली से मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : क्षेत्र के राशन डीलरों ने बाइक रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूक किया। मंगलवार सुबह 10 बजे राशन डीलर तहसील परिसर में एकत्र हुए। यहां से गांव रसूलपुर गुर्जर के राशन डीलर धर्मवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया गया।

रैली के दौरान नगर कांठ, गांव गढ़ी, सलेमपुर के अनेक स्थानों पर रुक कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। छज्जा नंगला के डीलर नेपाल आर्य ने लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का आह्वान किया। रैली में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जितेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार, पूर्ति लिपिक अनुज कुमार व कुमारी काजल, रईस अहमद, ब्रिजेश चौधरी, तेजपाल सिंह, रवि कुमार आदि रहे।

भारतीय नववर्ष | हिंदू नववर्ष पर आरएसएस की ओर से आयोजित किया गया एकत्रीकरण कार्यक्रम

पश्चिमी परंपराओं को छोड़कर अपनाएं भारतीय संस्कृति : करन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : रमना वाला रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंलगवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से हिंदू नववर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आरएसएस के नगर कार्यवाह नागेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 और संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वयं सेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम हुआ।

इसमें विभाग परिवार प्रबोधन के प्रमुख करन सिंह व जिला प्रचारक संजीव का मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ। करन सिंह ने स्वयं सेवकों को चैत्र शुल्क प्रतिपदा के बारे में जानकारी दी। कहा कि जब हिंदू नववर्ष आता है, तो ऋतु बदलती है। पेड़ो पर फल आते हैं और चारों ओर हरियाली होती है। वित्तीय वर्ष बदलता है। लेकिन, जब अंग्रेजी नववर्ष होता है तो ऐसा कुछ नहीं होता है। इसलिए पश्चिमी परंपराओं को छोड़कर हमें अपनी संस्कृति अपनानी चाहिए। हिंदू संस्कृति का इतिहास विशाल है भव्य है। उन्होंने डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार के जीवन से जुड़े रोचक तथ्य भी बताए। प्रचारक संजीव ने स्वयं सेवकों को शाखा में आने के लिए प्रेरित किया।

कहा कि शाखा में प्रतिदिन जो भी स्वयंसेवक आता है, उसका मानसिक, शारीरिक विकास निश्चित ही होता है और उस स्वयंसेवक के अंदर नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है जो भी नियम से शाखा पर आते है, उन सभी स्वयंसेवकों को कहीं भी अपनी बात रखने में कोई दिक्कत नहीं होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर सह संघचालक सुनील पुठिया ने सभी को भारतीय नववर्ष व नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रखर, आरव, अभिलास, शरद पुठिया, साक्षी, जयपाल, मुदित, जयवीर, गृजेश, पंकज, मुकुल, अर्जुन, तरुष, शगुन, जितेंद्र, अशोक, हर्ष कुमार, विवेक कुमार, अमित, तरुण कुमार, नितिन, विशुल अग्रवाल, सौरभ, सम्राट और रमेश आदि मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में मौजूद आरएसएस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में नववर्ष की दी जानकारी

कुंदरकी, अमृत विचार : नगर में मंगलवार को भारतीय नववर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रामलीला ग्राउंड में एकत्रीकरण कार्यक्रम किया। इसमें विभाग के सह कार्यवाह चंद्रपाल ने हिंदू नववर्ष के बारे में बताया। इस दौरान यशवीर, आकाश शर्मा, योगेश, रामपाल सिंह, अजय, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री अमरीश, आकाश, रोहित, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार, अजय आदि उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं को जागरुक करते प्रधानाचार्य मदन सिंह। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए

कांठ, अमृत विचार : गांव पट्टी मौढा स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में मंगलवार सुबह प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी। साथ ही इनसे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि संचारी रोग प्रदूषित जल, वायु, सूक्ष्म कीटों के माध्यम से फैलते हैं। लोगों को इनकी रोकथाम के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, खाना खाने से पहले हाथ व चेहरा साफ करें। इस दौरान पदम सिंह, निशिकांत पाठक, दीपक कुमार, गौरव चौहान, विवेक कुमार राठी, ओम प्रकाश सिंह, सुनील कुमार, लोकेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

सास और देवर ने महिला को पीटा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सुल्तानपुर दोस्त निवासी शहनाज पत्नी दिलशाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी सास महरूम और देवर नन्हे कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हैं। मंगलवार को उसके बच्चे घर पर रो रहे थे। इस बीच सास और देवर ने गालियां देना शुरू कर दीं। उसने विरोध किया तो दोनों ने मारपीट की। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर

अमरोहा में योगेंद्र कुमार को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक।

पुलिस अधीक्षक ने लिपिक को किया सम्मानित

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने लिपिक को बेहतर कार्य करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने लिपिक योगेंद्र कुमार को सराहनीय कार्य और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का पालन करने पर नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इंटरनेट केबल समेत अन्य सामान चोरी

अमरोहा, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीरजादा निवासी फैज सिद्दीकी नौगांवा सादात में निजी कंपनी के जरिए इंटरनेट सेवा प्रदान करते हैं। उनका बस्ती के ही मोहल्ला बुध बाजार में कार्यालय है। उनके मुताबिक 23 मार्च की रात कॉलोनी में इंटरनेट के लिए डाली गई नई लाइन के अलावा चोरों ने फैट बॉक्स, स्प्लिटर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। अगले दिन लाइन सर्वे होने पर चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गरीबों का हक है सदका जकात : मौलाना शमीम

चौधरपुर, अमृत विचार : जामा मस्जिद में मंगलवार को बाद नमाजे असर जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज कारी मौलाना शमीम ने रोजेदार नमाजियों से कहा की इस्लाम ने हर एक मुसलमान पर पांच फर्ज का हुक्म दिया है। उनमें जकात भी है। जिस पर गरीबों और जरूरतमंदों का हक है। साहिबे निसाब माल से हर रोज गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें, माहे रमजान में इसको अफजल माना है। इस माह में किए खर्च को अल्लाह एक के बदले 70 नेकियों का सबाब अता फरमाता है। उन्होंने फितरे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि सदका-ए-फितरा रोजे के अन्दर हुई कमी को पूरा करता है। बताया कि गुरुवार को ईद मनाई जाएगी।

मंडी धनौरा में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हसनपुर में मंदिर में पूजन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

गजरौला के चामुंडा देवी मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मां शैलपुत्री की पूजा कर समृद्धि की कामना, मंदिरों में गूंजे भजन

जिले भर में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी रहीं कतारें, घरों और मंदिरों में कलश स्थापना कर व्रत शुरू किए

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमत विचार : चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में मां के शैलपुत्री स्वरूप के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। हर तरफ आदि शक्ति के मंत्रों के स्वर गुंजायमान रहे। मां की भक्ति और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से देर शाम तक लगा रहा। नगर के मोहल्ला महादेव स्थित प्राचीन नव दुर्गा मंदिर में भक्तों की भीड़ रात तक लगी रही।

मंगलवार को मंदिरों में आस्था उमड़ी। इस दौरान मां दुर्गे का जयकारा लगता रहा। मां आदि शक्ति की साधना, आराधना और उपासना के महापर्व नवरात्र में आस्था हर ओर दिखाई दी। इसके साथ ही सिद्धि का नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया। मां के विविध स्वरूपों के दर्शन-पूजन व कृपा प्राप्ति के लिए घर-घर में कलश स्थापित किए गए। नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में मां के शैलपुत्री स्वरूप के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। नगर के प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में फूल मालाओं से मां का श्रृंगार किया गया। महिलाओं द्वारा मंदिर में भजन कीर्तन भी किया गया। शाम को प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में महाआरती की गई। उधर, पूरे नवरात्र व्रत रखने वालों ने ब्राह्मणों द्वारा घरों में कलश स्थापना कराया और षोडशोपचार हवन-पूजन एवं मां आदिशक्ति के आह्वान के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ किया। पंडित हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि हिंदू धर्म में नवरात्र का विशेष महत्व होता है। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा करने से सुख-समृद्धि और घर में शांति रहती है।

चैत्र दुर्गा महोत्सव पर निकाली कलश यात्रा

गजरौला, अमृत विचार : नगर के मायापुरी स्थित प्राचीन चामुण्डा मंदिर में श्री चैत्रीय दुर्गा महोत्सव का आरंभ कलश यात्रा से किया। इसमें भगवान शिव-पार्वती और मां दुर्गा की झांकियों ने लोगों का मन मोहित कर लिया। कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा तैयार की गईं देवी प्रतिमाएं आकर्षण का केन्द्र रहीं। मंगलवार को कलश यात्रा निकालकर महोत्सव का आरंभ किया गया। कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमकर मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. सुमेर चंद्र, पूर्व सभासद चंद्रपाल सिंह पाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, नगर अध्यक्ष ईशान अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, महिपाल चौहान, आकाश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, सुंदर चौहान, प्रदीप गोयल, गोलू चौहान, विशाल चौहान, अशोक चौहान, उमेश प्रजापति, सुभाष प्रजापति, ललिता देवी, प्रियंका चौहान, कुसुम देवी, प्रीति वर्मा, रामकुमारी देवी, मीनाक्षी देवी, बृजेश कुमारी, संतोष देवी, मीना देवी, मीनाक्षी देवी, केला देवी, वंशिका,आरुषि, अंशिका, सीमा चौहान,पायल देवी आदि मौजूद रहे।

गजरौला में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

गजरौला में ललिता देवी मंदिर में दर्शन को लगी लाइन। ● अमृत विचार

मंदिरों में सुबह से शाम तक लगी रही कतार

मुबारिजपुर, अमृत विचार : पहले नवरात्र पर देवी शैलपुत्री की पूजा के लिए तड़के से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से देर शाम तक भक्त मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन करते रहे। नवरात्र पर मंदिरों को रंगबिरंगी लाइटों और फूल मालाओं से सजाया गया। ब्लाक गंगेश्वरी सहित क्षेत्र के रहरा, आदमपुर, ढवारसी, दढ़ियाल, मुबारिजपुर, पौरारा, चंदनपुर, दौरारा, छपना आदि कस्बा व गांवों में मंदिरों के कपाट तड़के पांच बजे से रात 10 बजे तक खुले रहे। मंदिर के पुजारियों के अनुसार शैलपुत्री माता का यह रूप अनेक नामों से लोक में प्रसिद्ध है।

मंदिरों में पूजन कर भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

हसनपुर, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन नगर स्थित देवी मंदिरों में भक्तों द्वारा मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। दोपहर को भक्तों ने मां का भजन कीर्तन किया। ग्राम सोहरका मार्ग स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर उनकी ज्योत जलाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महिलाओं ने घर में कलश की स्थापना की और माता रानी की पूजा अर्चना की।

आरती कर दुर्गा चालीसा का पाठ किया

गजरौला, अमृत विचार : मां भगवती के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री के पूजन के साथ ही मंगलवार से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव संग मां के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन कर परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्रि पर्व के पहले दिन श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। माता का रोली से तिलक कर पुष्प व फल अर्पित कर नवरात्रि व्रत कथा का पाठ किया। इसके बाद आरती व दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ ही पूजन भी किया। श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री के साथ ही धूप, कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान के साथ आहुति देकर पूजन किया। शहर की बस्ती स्थित चामुंडा देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर के अलावा ललिता देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। वहीं ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में भी विशेष पूजन किया गया।

अखंड ज्योति की स्थापना कर पूजा की

अमरोहा, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिलेभर में मां शैलपुत्री की आराधना की गई। भक्तों ने मातारानी के भजन गए। मंदिरों में अखंड ज्योति की स्थापना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। घरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां की आरती की। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना की। घर व मंदिरों में विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति जलाई। सुबह से ही देवी शैलपुत्री की पूजा के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में घंटे की ध्वनि और शंखनाथ की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में भजन कीर्तन किया। माता रानी की चौकी सजाई। उपवास का सिलसिला नौ दिन तक चलता रहेगा।

मां ललिता देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : ललिता देवी मंदिर में चैत्र माह के तीसरे मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर बच्चों का मुंडन भी कराया।

चैत्र माह में प्रत्येक मंगलवार को शहर के सिद्धपीठ ललिता देवी मंदिर में मेले का आयोजन होता है। वहीं, तीसरे मंगलवार को मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विधि-विधान संग पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी के दर्शन किए। प्रसाद वितरित कर परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। अमरोहा के अलावा आसपास के जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के बाद बच्चों का मुंडन संस्कार करा प्रसाद वितरित किया।

मेले में की खरीदारी

गजरौला, अमृत विचार : मंदिर परिसर में लगे मेले में महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की। चाट-पकौड़ी का लुत्फ भी उठाया। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ लगी रही। खिलौनों की दुकानों पर बच्चों की भीड़ रही। वहीं, महिलाओं व बच्चों ने मेले में लगे झूलों का आनंद लिया। देवी में श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने पर दिनभर जाम की स्थिति रही। ई-रिक्शा व अन्य बड़े वाहन मंदिर परिसर तक पहुंचे तो मुख्य रास्ता संकरा हो गया।

बुरावली में कथा सुनाते मनोज शास्त्री। ● अमृत विचार

रहरा में श्री कृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार।

कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : शिव मंदिर बुरावली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक मनोज शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुनाया।

मनोज शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है। तब भगवान विष्णु अवतार लेकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। इन अवतारों में सबसे महत्वपूर्ण अवतार राम और कृष्ण के ही माने जाते हैं। कथावाचक ने कृष्ण की जीवन लीला के बारे में बताया।

बनखंडी देवी मंदिर में नाटक का मंचन

रहरा, अमृत विचार : गांव चचौरा के बनखंडी देवी मंदिर पर कृष्ण लीला प्रारंभ हुई। श्री कृष्ण लीला जिसके मुख्य अतिथि बाबा सुंदरलाल महाराज रहे। कृष्ण लीला मंगलवार से शुरू हुई। जिसमें सुभाष शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, प्रवेश, अजय कुमार, महेश ठाकुर, कुलदीप ने धूमधाम से कृष्ण लीला, इंद्रदेव और कामदेव के नाटक का मंचन किया। कई गांवों के लोग श्री कृष्ण लीला का मंचन देखने पहुंचे।

इस दौरान धर्मवती, चंचल, प्रेमवती, रूपा, मोमराज, अमन, विपिन ठाकुर, कलवा सिंह, राहुल, श्यामलाल, प्रकाश, छत्रपाल, डॉ. रोहतास, कुंवरपाल, बलेश, मदन, डॉ. सतीश, मानसिंह, संजय मौजूद रहे।

दो पक्षों में चले लाठी डंडे, आठ पर रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : रंजिश के चलते दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को लाठी-डंडे से पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया। मामले में दोनों पक्षों की तरफ से आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर का है। यहां पर आमिल व बाबू का परिवार रहता है। सोमवार शाम आमिल खेत पर जा रहा था। तभी राशिद ने घर के सामने नादिर, शफीक और नौशाद के साथ उसे पीट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में लाठी-डंडे चले। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की तरफ से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में आमिल की तहरीर पर राशिद, चांद, अशरफ व नाजिम के साथ ही दूसरे पक्ष से बाबू की तहरीर पर नादिर, शफीक, आमिल व नौशाद पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

त्योहारों पर अशांति फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नवरात्र, रामनवमी, ईद और हनुमान जयंती आदि त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जाएं और शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। पुलिस सभी पर नजर रख रही है। अफवाह फैलाने और अराजकता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात अमन कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने कही।

मंगलवार को नगर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ बनाना रहा। जिसमें प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहारों में अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार ईद, चैत्र नवरात्र, रामनवमी, हनुमान जयंती आदि कई त्योहार एक साथ आ रहे हैं। इन त्योहारों को सभी लोग आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। त्योहार में किसी भी तरह कि अफवाह न फैलाएं। जिससे कानून व्यवस्था खराब हो। बैठक में मुकेश गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, सचिन गुप्ता, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल, चमन अंसारी, विवेक शर्मा, मनोज गोयल, शाहनवाज अंसारी, जावेद जड़ताव, धर्मपाल चौहान, योगेंद्र शर्मा, अनुपम त्यागी, अतुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

हसनपुर में अमन कमेटी की बैठक में कोतवाली प्रभारी व अन्य।

आदमपुर थाना में बैठक करते थाना प्रभारी व अन्य।

त्योहारों को लेकर अमन कमेटी की बैठक में दी चेतावनी

पुलिस ने लोगों से की सहयोग की अपील

रहरा, अमृत विचार : त्योहारों व चुनाव को लेकर आदमपुर थाना परिसर में बैठक हुई। बैठक में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने ग्रामीणों को बताया गांवों में शांतिपूर्वक शांति बनाए रखें एवं पुलिस का सहयोग करें। आने वाले त्योहारों को लेकर ईद, आंबेडकर जयंती और लोकसभा चुनाव आदि में शांति व्यवस्था बनाए रखें। इस मौके पर समस्त क्षेत्र के प्रधान व राशन डीलर और ग्रामीणों ने बैठक में हिस्सा लिया। सभी ने मिलजुलकर त्योहार मनाने की बात कही।

गजरौला में धनौरा मार्ग पर दुकान में लगी आग। ● अमृत विचार

बिजली की लाइन में फाल्ट से दुकान में लगी आग, नुकसान

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : धनौरा मार्ग के निकट तेवा एपीआई प्राइवेट लिमिटेड के सामने छप्परनुमा कन्फेक्शनरी की दुकान के ऊपर से निकल रही बिजली की लाइन में अचानक फाल्ट हो गया।

जिससे गिरी चिंगारियों से दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धरण कर लिया। आग लगने पर दुकान स्वामी काले सिंह निवासी मोहल्ला मायापुरी गजरौला ने भागकर जान बचाई। आग फैलते हुए बिजली के खंभे तक पहुंच गई। काले सिंह के मुताबिक उसने परिवार की गुजर बसर के लिए दुकान खोली थी, मगर आग ने सब कुछ तबाह कर दिया। काले सिंह ने बताया कि उसे एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

रायशुमारी जिले में लोकसभा सीट के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होगा मतदान

जनता के बीच रहकर विकास कराने वाला हो सांसद

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : पांच साल बाद फिर लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस ली है। दूसरे चरण में होने वाले 26 अप्रैल को चुनाव में अमरोहा से 12 प्रत्याशी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं।

प्रत्याशी लोगों के सामने वादों का पिटारा खोलने लगे हैं, लेकिन मतदाताओं ने सोच समझकर सांसद चुनने का मन बनाया है। मंगलवार को अमृत विचार की टीम ने लोगों से बात की तो अध्यापक, छात्र, युवाओं ने अपनी राय रखी कहा कि हमारा सांसद जनता के बीच रहकर विकास करने वाला हो। आगे कहा कि हर चुनावी साल में हम इस उम्मीद से वोट डालते हैं कि इस बार ऐसा सांसद चुनेंगे, जो हमारी समस्याओं को दूर करे। हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो हमें सिर्फ आश्वासन न दे बल्कि अपने वादों को अमली जामा पहनाने में गंभीर रहे। गरीबों को स्थायी आवास, आवागमन के लिए सड़कें, बच्चों के लिए स्कूल, पानी, जल निकासी की व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि समस्याओं को दूर करे। मतदान का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि लोगों से मिलेगा और क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा और क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर होगा।

"लोगों को ऐसे लोगों का बहिष्कार करना चाहिए, जो जनता की समस्याओं का समाधान न कर सकें। हमारा सांसद ऐसा हो जो जनता के बीच रहकर क्षेत्र का विकास कर सके। संसद में जनहित के मुद्दे उठा सके।"

-बबित धामा, जिला अध्यक्ष गुर्जर स्वाभिमान समिति

"शिक्षा को बढ़ावा दे, ऐसा सांसद हो और उच्च शिक्षा को लेकर आगे आए। युवाओं को रोजगार दिलाए। विकास अब सिर्फ सड़क बिजली पानी तक सीमित ना रहे, बल्कि अच्छा रोजगार मिले, उच्च शिक्षा मिले। क्षेत्र में अच्छे-अच्छे कालेज खोले जाएं।"

-चौधरी शादान, छात्र

"हमारा सांसद ऐसा हो जो किसी के साथ पक्षपात न करे। सभी वर्गों को एक समान समझे। जाति धर्म से ऊपर उठकर जन समस्याओं का निराकरण करे। बिना किसी भेदभाव के काम कराए। चुनाव जीतने के बाद सबको साथ लेकर चले।"

-लोकेश राणा, युवा

"सांसद ईमानदार व शिक्षित होना चाहिए। जिसको योजनाओं की जानकारी हो, वही जनता को योजनाओं का लाभ दिला सकता है। ऐसा सांसद हो जो स्कूल कॉलेज की कमी को दूर करे। जनता को स्वच्छ छवि व शिक्षित व्यक्तियों को ही सांसद बनाना चाहिए।"

-हर्षित त्यागी, अध्यापक

अमरोहा में पैदल मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने और निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने के लिए पुलिस ने देहात क्षेत्र में पैदल मार्च किया।

मंगलवार को थाना अमरोहा देहात पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से कराने के लिए क्षेत्र में पैदल मार्च किया और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा पुलिस ने पैदल मार्च के दौरान क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर त्योहार और चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखना के लिए पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने क्षेत्र के लोगों से शरारती तत्वों पर नजर रखकर उनकी गतिविधियों के बारे में पुलिस को बताने को कहा। पैदल मार्च क्षेत्र के विभिन्न चौराहा से होता हुआ थाने पर जाकर सम्पन्न हुआ।

एक नजर

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता।

मांगें पूरी होने तक शम्भू सीमा से नहीं हटेंगे किसान

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन धनौरा उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू के कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि किसान काफी समय से स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने व किसानों का कर्ज माफ करने की मांग को लेकर दिल्ली के शम्भू बॉर्डर पर बैठे हैं। लेकिन सरकार किसानों की मांगें मानने के लिए तैयार नहीं है। भाकियू के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं होगी और जब तक किसानों के कर्ज को माफ नहीं किया जाएगा। तब तक भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर किसानों का शम्भू बॉर्डर पर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर डूंगर सिंह, खचेडू सिंह, पहलवान सिंह, रमेश सिंह, सुरेश यादव, वचन सिंह, रामवीर सिंह, जन्म सिंह, दिनेश सिंह, इस्तियाक अल्वी आदि मौजूद रहे।

जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य पांच लाख क्विंटल

अमरोहा, अमृत विचार : जिले में गेहूं खरीद के लिए 344 केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर जल्द ही खरीदारी शुरू हो जाएगी। शासन की ओर से जिले में गेहूं की खरीद का लक्ष्य पांच लाख क्विंटल रखा गया है। गेहूं खरीद के लिए जिले में 344 केंद्र खोले गए हैं। इन पर गेहूं खरीद की सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। डिप्टी आरएमओ सुभाष सिंह ने बताया कि जिले में खोले गए सभी गेहूं खरीद केंद्रों पर जल्द खरीदारी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर कर्मचारियों को तैनात कर दिया है। गेहूं को रखने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि जो व्यवस्था पिछले वर्ष रही वही व्यवस्था इस वर्ष भी रहेगी। शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य से अधिक गेहूं के खरीद करने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि इस वर्ष गेहूं खरीद में आचार संहिता के कारण देरी होने की संभावना है। अधिकांश कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव में लगा दिया गया है। इसलिए कुछ कर्मचारियों की कमी है।

पैर में दर्द होने पर दो झोलाछापों ने महिला को लगाए छह इंजेक्शन, मौत

उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाते समय मौत, सलेमपुर गोंसाई का मामला

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : दो झोलाछापों के छह इजेंक्शन लगाने से महिला की मौत हो गई। घटना सोमवार की देर रात की है। परिवार वालों ने क्लीनिक पर जमकर हंगामा किया। मौका देख झोलाछाप क्लीनिक बंद करके फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की और महिला के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गजरौला में परिजनों से जानकारी करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

क्षेत्र के सलेमपुर गोंसाई गांव निवासी अनित की पत्नी सुंदरी के पैर में सोमवार रात तेज दर्द हो गया था। अनित उसे गांव में ही झोलाछाप के यहां ले गया। आरोप है कि झोलाछाप ने सुंदरी को एक के बाद एक तीन इजेक्शन लगा दिए। इससे उसकी हालत और ज्यादा खराब हो गई। उसके बाद परिजनों ने महिला को गांव में ही दूसरे झोलाछाप को दिखाया तो उसने भी तीन इजेक्शन और लगा दिए। इसके बाद सुंदरी की हालत और बिगड़ गई। इसके बाद परिवार वाले सुंदरी को देर रात मुरादाबाद के अस्पताल में ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन सुंदरी के शव को लेकर वापस घर लौटे तथा झोलाछाप पर गलत उपचार करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। इससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौका पाकर झोलाछाप क्लीनिक बंद करके फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया

गजरौला, अमृत विचार : झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत हो गई। जिससे तीन बालकों के सिर से मां का साया उठ गया। मां की मौत से तीनों बच्चों का बुरा हाल हो गया। बच्चों ने पिता से पूछा कि पापा मां अब नहीं रही। यह कहकर तीनों बच्चे अपने पिता से लिपटकर रोने लगे। यह देख मौके पर मौजूद लोगों के आंखों से आंसू निकल आए।

भाजपा की चुनाव संचालन समिति की बैठक में दी जिम्मेदारियां

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष उदयगिरी की उपस्थिति में जनकपुरी में हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राजीव सिसौदिया रहे।

बैठक में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जिम्मेदारी का विभाजन किया गया तथा सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा का नारा है इस बार फिर मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। इस मौके पर बृजेश चौधरी ने कहा कि हम सभी का कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि आम चुनाव में सभी जिम्मेदारी समझते हुए भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का समर्थन करें तथा नरेंद्र मोदी की माला में अमरोहा का कमल भी तंवर सिंह तवर के रूप में हो। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश त्यागी, राजपाल सैनी, अनुराग दुबे, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, रमेश कलाल, अतुल चौधरी, राकेश वर्मा, पूरन सिंह, अवनीश बंसल आदि रहे।

घोषणा पत्र दिखाते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

घोषणा पत्र में रखा हर वर्ग के हितों का ध्यान : अनिल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनिल यादव ने प्रेस वार्ता में घोषणा पत्र की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का युवाओं के लिए रोजगार सहित किसानों के उत्थान, जरूरतमंदों के लिए कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था के लिए कदम उठाए जायेंगे।

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनेंगे और महिला आरक्षण का बिल जो पास हुआ है, सरकार बनने के अगले वर्ष से ही उसे राज्यों में होने वाली विधानसभा में लागू कराया जाएगा। कांग्रेस का घोषणापत्र केवल किताबी नहीं है, इसकी सत्यता का उदाहरण यही है कि कांग्रेसनीत राज्यों में जनता से किए गए वादों को पूरा किया जा रहा है। हसनपुर रोड स्थित आसिम पैलेस में हुई पत्रकार वार्ता में अनीसुर्रहमान, फैज आलम राइनी, आसिम हुसैन साबरी, ओमप्रकाश पंवार, नकुल पंवार रहे।

मार्शल आर्ट हमारी सांस्कृतिक विरासत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिला सीनियर ताइक्वांडो खिलाड़ी विवेक मधुकर को नेशनल ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट 4जी डान की डिग्री प्रदान की गई। इस प्रतिस्पर्धा में कोरियन ग्रैंड मास्टर ली वोंग योंग ने विवेक मधुकर को ब्लैक बेल्ट बांध कर सम्मनित किया।

विवेक मधुकर जिला अमरोहा के पहले 4जी डान डिग्री ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी हो गए हैं। उनको इस खेल में लगभग 30 साल हो गए हैं। उन्होंने कहा अब हमारी युवा पीढ़ी मोबाइल पर खेल में व्यस्त है, जबकि मार्शल आर्ट हमारी सांस्कृतिक विरासत है। जिससे तन और मन स्वस्थ रहता है। आजकल सरकार भी महिलाओं की आत्मरक्षा और सुरक्षा के लिए प्रोत्साहन दे रही है तथा प्रशिक्षण शिविर भी चला रही है। उन्होंने अपने खेल जीवन की सफलता का आधार अपने कोच अकबर उद्दीन को बताया। कोरियन ग्रैंड मास्टर ली वोंग योंग 9जी डान डिग्री ने साथ ही महिला शक्ति खिलाड़ी वंशिका आनंद को भी ब्लैक बेल्ट डान डिग्री प्रदान की। वंशिका आनंद भी महिला शक्ति को प्रशिक्षण दे रही हैं।

कोरियन ग्रैंड मास्टर ली वोंग योंग के साथ मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

मुंबई खेल महोत्सव में बैडमिंटन में अभिषेक प्रथम

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के व्यापारी एवं भाजपा नेता संदीप गुप्ता के पुत्र अभिषेक गुप्ता मुंबई में रहकर शिक्षण कार्य करते हैं। मुंबई खेल महोत्सव के तहत प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें अभिषेक गुप्ता द्वारा प्रतिभाग कर चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पहले भी अभिषेक गुप्ता मुंबई यूनिवर्सिटी में बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। संदीप गुप्ता ने बताया कि अभिषेक गुप्ता बचपन से ही खेलों में प्रतिभाग करते आए हैं। बैडमिंटन में विशेष रूचि है। मेरठ यूनिवर्सिटी एवं मुंबई यूनिवर्सिटी में बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

सार संक्षेप

हसनपुर में भाकियू की बैठक में बोलते तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह व अन्य।

भाकियू किसी भी राजनीतिक दल का नहीं करेगा प्रचार

हसनपुर, अमृत विचार : भाकियू की पंचायत में नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूनियन किसी भी पार्टी का चुनाव प्रचार नहीं करेगी। न ही कोई पदाधिकारी किसी भी पार्टी का समर्थन करेगा। मंगलवार को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की तहसील स्तरीय पंचायत हुई। पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह का किसानों ने स्वागत किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का डर इस कदर है कि किसान रात दिन खेत पर रहकर जिंदगी गुजर रहा है। प्रशासन पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाएं। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी मेवाराम सिंह ने की तथा संचालन काले सिंह ने किया। पंचायत में चौधरी भगवान दास, सीता आर्य, शांति देवी, इमरती, सुरेंद्र चौधरी, फूल सिंह, महेंद्र सिंह, टीटू त्यागी, महावीर सिंह चौहान, चंचल चौहान आदि किसान रहे।

फॉगिंग मशीन की शुरुआत करते पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी।

पालिका अध्यक्ष ने नगर में शुरू कराई फॉगिंग

हसनपुर, अमृत विचार : मंगलवार को पालिका प्रांगण में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फॉगिंग मशीन का आरंभ कराया। पालिकाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। फॉगिंग मशीनों की मदद से पालिका के कर्मचारी संकरी गलियों में जा कर फॉगिंग कर सकेंगे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही और फॉगिंग मशीन खरीदी जाएंगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, राहुल सैनी, नितिन सैनी, राजपाल सैनी, जावेद, जाहिद अली, नौशाद अली, हम्जा अली, अलीमुद्दीन आदि सभासद मौजूद रहे।

हसनपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता।

भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : मंगलवार को भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि तिगरी में गंगा घाट क्षेत्र में कुछ ही दिनों के अंदर कई लोग स्नान करने के दौरान डूबकर मर चुके हैं। प्रशासन इन घटनाओं पर रोकथाम लगाने के उद्देश्य से घाटों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए। इसी के साथ उन्होंने जनपद से होकर गुजरने वाली गंगा पोषक नहर की अधिक गहराई होने के कारण लोगों को खतरा बना हुआ है। नहर में जल स्तर को मात्र चार फीट किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, ओमवीर, यशवीर सिंह, अमित सिंह, मांगेराम, महिपाल सिंह, राजू रहे।

अमरोहा में कुत्ता पकड़ते नगर पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

पालिकाकर्मियों ने अभियान चलाकर 20 कुत्ते पकड़े

अमरोहा, अमृत विचार : मंगलवार को नगर पालिका परिषद के ईओ डॉ. बृजेश कुमार के निर्देश पर नगर में कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका की टीम में विभिन्न मोहल्लों में कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की और उनको नसबंदी के लिए बिजनौर भेज दिया। इससे पहले भी नगर पालिका ने कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था और उनकी नसबंदी कराने के बाद उनको छोड़ दिया। कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए नगर पालिका की ओर से समय-समय पर कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाता है। बताया कि नगर पालिका की टीम ने मोहल्ला कुरैशी, कोट चौक क्षेत्र से 20 कुत्तों को पकड़ा गया है।

ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने ईदगाह पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईद की नमाज को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

ईद-उल-फितर संभवत गुरुवार को मनाया जाएगा। ईदगाह पर ईद की नमाज होगी। जिसमें बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए पहुंचेंगे। नमाज को सकुशल संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने ईदगाह का भ्रमण कर ईद की नमाज की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने नमाजियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समय से सभी इंतजाम पूरे करने को लेकर निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने धर्मस्थल की सुरक्षा व्यवस्था में लगी फोर्स को निर्देश दिए। कहा कि ईदगाह के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद रहे। ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। एसपी ने भ्रमण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आसपास के व्यक्तियों के संवाद कर किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के अपील की। इस मौके सीओ अरूण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

ईदगाह का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह।

अमरोहा में ईदगाह का निरीक्षण करतीं पालिका अध्यक्ष व अन्य।

चेयरमैन ने ईदगाह की सफाई का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : ईद की नमाज के लिए ईदगाह में साफ सफाई चल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने नमाज सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहां पर पेयजल आदि की व्यवस्था भी देखी। ईद का पर्व 11 अप्रैल को मनाया जाएगा। ईद की नमाज के लिए नगर पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार और नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने ईदगाह में सफाई के आदेश दिए थे। मंगलवार को ईदगाह में नगर पालिका की ओर नमाज के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ईद का क्षेत्र में की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि ईद का क्षेत्र में चूने का छिड़काव भी किया जा रहा है। ईदगाह के अलावा मोहल्ले में भी मस्जिदों के मार्गों पर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

गोताखोरों ने गंगा से बरामद किया डूबे युवक का शव

संवाददाता, गजरौला

▸▸ अंतिम संस्कार में आए युवक की डूबने से हो गई थी मौत

अमृत विचार : सोमवार को तिगरी गंगा में स्नान कर रहे तीन युवक गंगा में डूब गए थे। दो युवकों को तो गोताखोरों ने बचा लिया था। तीसरे युवक का शव सोमवार देर रात गोताखोरों ने गंगा से बरामद कर लिया था।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के मूंडाखेड़ा गांव निवासी बुजुर्ग महिला प्रेमवती का सोमवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार करने के लिए तिगरी श्मशान घाट लाए थे। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कई रिश्तेदार गए हुए थे। जिनमें मैनाठेर थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव निवासी कुशल (25) पुत्र घासीराम अपनी मौसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तिगरी आया था। अंतिम संस्कार के बाद मोहल्ले के लोग व रिश्तेदार भी गंगा में स्नान कर रहे थे। उनके साथ कुशल भी स्नान करने लगा था। नहाते वक्त वह अचानक गहरे पानी में डूब गया था। चीख पुकार की आवाज सुनकर वहां मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचाया तो गोताखोर दौड़ पड़े थे। लेकिन सफलता नहीं मिली थी। बाद में सोमवार की देर रात परिजनों ने गोताखोरों से कुशल की तलाश कराई थी। तब कुशल का शव गोताखोरों ने गंगा से बरामद कर लिया था।

इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि देर रात युवक का शव गोताखोरों ने गंगा से बरामद कर लिया था। पुलिस को बिना सूचना दिए ही परिजन युवक को अपने घर ले गए।

आयोजन | सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हसनपुर में हुई भजन गायन प्रतियोगिता

हिंदू नववर्ष पर हुई भजन प्रतियोगिता, जनजागरण यात्रा निकाली

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हसनपुर में नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र पर भजन गायन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का आंरभ मां सरस्वती, मां दुर्गा एवं आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार गुप्ता ने उपस्थित अतिथियों एवं निर्णायकों का परिचय कराया। प्रतियोगिता में भजन गायिका कृपापात्र सलोनी दीदी, मीनाक्षी दीदी, गायक सौरव मित्तल एवं विक्की राजपूत निर्णायक रहे। सभी गायकों ने भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्या भारती के प्रांत सह मंत्री एवं विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य अक्षि अग्रवाल ने सभी को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 एवं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू काल गणना पूर्णतया वैज्ञानिक है। आज के ही दिन सम्राट विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त करके विक्रम संवत काल गणना का प्रारंभ किया। इसी दिन संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ और इसी दिन महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की। छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

भजन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

हसनपुर में जनजागरण यात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

दुकानों पर भगवा झंडा लगाया

हसनपुर, अमृत विचार : हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र प्रतिपदा के मौके पर सनातन जागरण मंच के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा निकाली और भारतीय सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों ने तिलक लगाकर तथा दुकान पर भगवा झंडा लगाकर शुभकामनाएं दीं। दिनेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, सचिन गुप्ता, अरुण त्यागी, मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नीरज त्यागी, संजय टाटा, तरुण अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, संजीव गोयल रहे।

मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में नहीं जाएगा कोई वाहन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेक्षक राहुल शर्मा ने लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा रहे उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के साथ प्रेषक राहुल शर्मा, व्यय प्रेक्षक अश्विनी कुमार धनरूप और जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बैठक कर आचार संहिता के संबंध में जानकारी दी एवं आचार संहिता का उल्लंघन के संबंध में होने वाली कार्रवाई से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने उम्मीदवारों को चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा 95 लाख रुपये की खर्च सीमा निर्धारित के जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा यदि प्रत्याशी द्वारा उससे अधिक की राशि खर्च की जाती है तो उम्मीदवारी खत्म हो जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान की तारीख के 48 घंटे पहले प्रचार बंद हो जाएगा। 25 अप्रैल को जनपद में पोलिंग पार्टी रवानगी होगी। 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मतदान के दिन कोई भी उम्मीदवार मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में कोई भी वाहन नहीं लाएगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम, सीडीओ समेत नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जानकारी देते प्रेक्षक राहुल शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ उम्मीदवारों को पढ़ाया आदर्श आचार संहिता का पाठ

एक नजर

बाइक की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, तीन घायल

असमोली, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सिरपुड़ा निवासी जमील ई रिक्शा में सवार होकर जोया से घर आ रहा था। संभल जोया मार्ग पर गांव मनोटा के पुल पर बाइक की टक्कर लगने से ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिससे जमील, ई रिक्शा चालक और बाइक सवार घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। हालत गंभीर होने पर जमील को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

दरवाजा लगाने के विवाद में मारपीट, मां-बेटी घायल

संभल, अमृत विचार : गांव पीपली रहमापुर निवासी खुर्शीद चारदीवारी कराकर रास्ते की ओर दीवार में दरवाजा लगवा रहे थे। आरोप है कि खुर्शीद का बड़ा भाई रास्ते को अपना बताकर दरवाजा लगाने का विरोध करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में लाठी डंडे चले। जिसमें खुर्शीद की पत्नी शाहजहां पुत्री निशा घायल हो गई। मारपीट होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की ओर से एक-एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।

मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर मांगी मनौती

चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिले के मंदिरों में उमड़े भक्त, गूंजे जयकारे, सुबह से ही लगी भक्तों की कतारें

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिले भर के मंदिरों में भक्तों ने मां दुर्गा के स्वरूप शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने घरों में घट स्थापना करते हुए व्रत रखा और आराधना की। महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति देकर माता रानी का गुणगान किया। शाम हुई तो महाआरती में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

मंगलवार को भोर से ही भक्तों ने मां दुर्गा के मंदिरों का रुख किया। विधि विधान से मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना शुरू हुई। मुहल्ला हल्लू सराय स्थित चामुंडा मंदिर में सुबह पांच बजे से ही भक्तों की कतारें लग गईं। लोग बारी-बारी से दर्शन पूजन करते रहे। घंटों की आवाज और माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। हयातनगर में स्थित चामुंडा मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

संभल के चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मौलागढ़ स्थित कंकाली देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

महिलाओं ने भजन कर किया देवी का गुणगान

सरायतरीन, अमृत विचार : सरायतरीन के मुहल्ला पीला खदाना में सीमा आर्या के निवास पर नारी उत्थान समिति, दक्ष प्रजापति समाज की महिलाओं ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुति देकर गुणगान किया। महिलाओं ने माता रानी का व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना की। घरों और मंदिरों में विधि विधान से कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति जलाई। इसके अलावा घरों पर सुंदर रंगोली बनाई। इस दौरान सीमा आर्य, पूर्वी गुप्ता, बबली आर्य, आशा आर्य, रेखा, विनीता आर्य, अंशु, कंचन, कृष्णा प्रजापति, मनीषा, आदेश प्रजापति आदि महिलाएं रहीं।

श्रद्धालुओं ने घरों में की घट स्थापना

चन्दौसी, अमृत विचार : नवरात्र के प्रथम दिन माता रानी के प्रथम स्वरूप शैल पुत्री की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार अपने घरों में घट की स्थापना की। सुबह से ही भक्त देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। शाम को आरती के बाद भक्तों ने व्रत का पारण किया। नवरात्र के पहले दिन माता रानी की घर व मंदिरों पर पहुंच विधि विधान से पूजा-अर्चना की और उपवास रखा। बुधवार की सुबह छह बजे से ही भक्तों का रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर, सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, जारई गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर तथा शहर से सटे गांव मौलागढ़ स्थित कंकाली देवी मंदिर पर पहुंच पूजा-अर्चना की।

छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. वीके गुप्ता। ● अमृत विचार

शत प्रतिशत मतदान की ली शपथ

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: बहजोई महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने छात्र - छात्राओं व स्टाफ को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में न केवल हमको स्वयं मतदान करने के लिए जागरूक होकर मतदान करना होगा बल्कि आसपास के लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए भी जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने घर जाकर अपने अभिभावक को मित्रों से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन सलोनी रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर गौरव कुमार, श्रीनिवास सिंह यादव, डॉ. रामचंद्र, मनोज कुमार यादव, संजय कुमार, प्रीति शर्मा, रामतीर्थ, निधि राघव, नेमपाल सिंह यादव, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

नहीं नजर आया चांद 11 को मनाई जाएगी ईद

संभल, अमृत विचार : मरकजी रुयते हिलाल कमेटी की बैठक मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में हुई। शहर में आम तरीके से चांद नजर नहीं आने पर देश के तमाम शहरों से संपर्क किया गया।

कहीं से भी चांद दिखाई देने की जानकारी नहीं मिली। इसलिए उलेमा की मौजूदगी में ऐलान किया गया कि 10 अप्रैल को 30वां रोजा है। 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। बैठक में मुफ्ती आसिफ मिस्बाही, कारी तनजीम अशरफ अजमली, मुफ्ती अहमद रजा, इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम, मौलाना नफीस अख्तर अशरफी, मुफ्ती महबूब, मौलाना शरीफ अहमद, कारी वसी अशरफ, कारी शुऐब अजमली, हाफिज अब्दुल मन्नान अशरफी, तकी अशरफ एडवोकेट आदि मौजूद रहे। सदारत शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन अजमली ने की।

गेहूं की आठ बीघा फसल जलकर राख

संवाददाता संभल/जुनावई

अमृत विचार: जुनावई थाना क्षेत्र में गेहूं फसल की कटाई करते समय ट्रैक्टर मशीन से निकली चिंगारी से तीन किसानों की आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मशीन में लगी आग बुझाते समय ट्रैक्टर चालक भी गंभीर रुप से झुलस गया। चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चालक को हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव करियामई निवासी किशनपाल मंगलवार को ट्रैक्टर के पीछे मशीन लगाकर गांव लहरा नगला श्याम निवासी अपने ससुर नरेश की खेत में खड़ी गेहूं फसल की कटाई कर रहा था। अचानक से गेहूं काटते समय मशीन से निकली चिंगारी से फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पड़ोस के खेत में खड़ी फसल व गेहूं काट रही मशीन को भी अपनी चपेट में ले लिया। गेहूं व मशीन में आग लगती देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन तब तक नरेश की चार व रजवाना निवासी पातीराम व प्रेमशंकर के दो दो बीघा गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई।

आग से जली गेहूं की फसल व परेशान किसान। ● अमृत विचार

गंभीर रूप से झुलसा ट्रैक्टर चालक

जुनावई,अमृत विचार : किशनपाल मशीन की आग बुझाते समय गंभीर रुप से झुलस गया। नरेश अपने दामाद किशनपाल को लेकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर किशनपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। आग लगने की सूचना मिलने पर लेखपाल कृष्णानंद सक्सेना भी मौके पर पहुंचे और मुआवजा दिलाने के लिए नुकसान का आकलन किया।

▸▸ **कटाई करते समय मशीन से निकली चिंगारी से लगी आग**

रॉयल पब्लिक स्कूल में मां शैलपुत्री की रंगोली बनती छात्राएं। ● अमृत विचार

रंगोली बनाकर मनाया नव संवत्सर

संवाददाता बहजोई

अमृत विचार: रॉयल पब्लिक स्कूल में नव संवत्सर धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। वहीं हिंदू नव संवत्सर को लेकर प्रबंधक ने छात्राओं को जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, डायरेक्टर मृदुल वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य नैना वार्ष्णेय माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर किया। अध्यापिकायों के सहयोग से छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाई। डॉ. रश्मि वार्ष्णेय ने कहा कि हम नवरात्रि के पहले दिन विक्रम संवत 2081 से नव वर्ष के रूप में मनाते हैं। इस दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। पतझड़ समाप्त होकर बसंत का आगमन होता है। इसी दिन से हम नव संवत्सर के उपलक्ष में नवरात्रि भी मानते हैं। पूरे नवरात्र व्रत रखकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना करते हैं। इस दौरान चारु, उन्नति, निशा, डाली, शांभवी, कात्यानी, खुशी, छाया, राधा, साक्षी, महक, कसक, गुंजन आदि ने सहयोग किया। संचालन डोली वार्ष्णेय ने किया।

नववर्ष पर लगे भगवा ध्वज छात्राओं ने बनाई रंगोली

बबराला, अमृत विचार : हिंदू नववर्ष का उल्लास और उमंग से अभिनंदन किया गया। घरों, दुकानों पर भगवा ध्वज लगाए गए। छात्राओं ने मुख्य मार्ग पर रंगोली के माध्यम से धर्म व संस्कृति के प्रति अपनी आस्था जताई। वहीं आरएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को चंदन तिलक लगा उनकी सुख समृद्धि की कामना की।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों और घरों में घट स्थापना की गई। भक्तों ने उपवास रख कर मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को उत्सव की तरह मनाया। नगर प्रचारक ऋषभ ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का सनातन संस्कृति में खास महत्व है। भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ था। इसी दिन की गई। भगवान झूलेलाल का जन्म दिवस है। साथ ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिन भी है।

बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय रहें अधिकारी

संवाददाता,बहजोई

▸▸ **जिलाधिकारी ने बाल विवाह की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर किया जारी**

▸▸ **बाल विवाह करने पर होने वाली शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश**

अमृत विचार: अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोके जाने को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। वर्चुअल बैठक में अधिकारियों को जनपद में बाल विवाह रोके जाने के व्यापक प्रबंध किए जाने को कहा है। वहीं हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा ऑनलाइन बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में अधीनस्थों को अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्हें बताएं कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति है। इसको पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। डीएम ने कहा कि यदि इस प्रकार की कोई घटना किसी के भी क्षेत्र में होती है। तो वह जिला जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण को दें। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी का मोबाइल नंबर 75180 2440 25 व जिला बाल संरक्षण इकाई का मोबाइल नंबर 82180 49 686 भी जारी किया। बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, डीआईओएस बेदराम, बीएसए चंद्रशेखर, डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

धार्मिक स्थान पर लगाई नेजा मेला की ढाल

संभल, अमृत विचार : धार्मिक नगर नेजा कमेटी के पदाधिकारियों ने धार्मिक स्थल पर परंपरागत तरीके से नेजा मेले की ढाल लगा दी। कमेटी के अध्यक्ष ने लोगों से घरों में रहकर नियाज नजर करने की अपील की।

धार्मिक नगर नेजा कमेटी के पदाधिकारी मंगलवार को मुहल्ला चमन सराय से एजेंटी तिराहा स्टेशन रोड, मुहल्ला ठेर दरीबा होते हुए धार्मिक स्थल कोतवाली के सामने पहुंचे। वहां परंपरागत तरीके से नेजा मेले की ढाल लगाई। कमेटी के पदाधिकारियों ने सहयोग के लिए जियाउर्रहमान बर्क और पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। कमेटी के अध्यक्ष शाहिद हुसैन मसूदी ने कहा कि इस वर्ष नेजा मेला नहीं मनाया जाएगा। इस वर्ष लोग अपने-अपने घरों में रहकर नियाज नजर करके सय्यद सालार मसूद गाजी की याद मनाएं। इस दौरान चौधरी शरफ अली खां, मुस्तफा कमाल, मुहम्मद उमर, शकील एडवोकेट, सय्यद तालिब मियां रहे।

महंगाई | फलों की कीमतों में हुई वृद्धि, आम लोगों की पहुंच से हुए दूर, बिक्री पर पड़ रहा असर

रमजान और नवरात्र में आसमान पर पहुंचे फलों के दाम

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : मुकद्दस रमजान महीने के बीच चैत्र नवरात्र भी शुरू हो गए तो फलों के दाम में बेतहाशा वृद्धि हो गई। कई फलों के दाम इतने ज्यादा बढ़ हैं कि आम आदमी खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। हालांकि फलों की बिक्री हो रही है लेकिन लोग जेब देखकर ही थोड़ा बहुत फलों से ही काम चला रहे हैं।

महंगाई के दौर में खानपान की हर चीज के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। रमजान हों या फिर नवरात्र लोग फलों का सेवन भी करते हैं लेकिन इस बार फलों के दाम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रमजान में तो फलों के दाम पहले से ही बहुत ज्यादा थे, अब चैत्र नवरात्र शुरू हुए तो मूल्य में और वृद्धि हो गई है। करीब एक महीने पहले और वर्तमान में फलों के दाम को देखा जाए तो बेतहाशा वृद्धि की बात सामने आ रही है। अंगूर 70 और 80 रुपये से बढ़कर 100 एवं 120 रुपये किलो है। पपीता 50 रुपये किलो ही बिक रहा है। केला 50 रुपये से बढ़कर 60 रुपये प्रति दर्जन पहुंच गया है। सेव 120 से बढ़ा है और वर्तमान दाम 150 रुपये किलो है। पहले अनार 80 से 100 रुपये किलो बिक रहा तो अब दाम 150 रुपये किलो है। अमरूद 80 से बढ़कर 100 रुपये पहुंचा है। खजूर का पैकेट 140 से बढ़कर 150 का हो गया है। खरबूजा 60 रुपये और तरबूज 25 रुपये किलो है। एक कीवी 40 से बढ़कर 50 रुपये का हो गया है। संतरा 60 रुपये से 80 रुपये किलो पर पहुंचा है। नवरात्र को लेकर नारियल का दाम 10 रुपये बढ़ गया है। अब 50 रुपये का नारियल बिक रहा है। फलों के बढ़े दाम को लेकर लोग परेशान हैं। दाम में वृद्धि का असर सीधा बिक्री पर दिखाई दे रहा है। लोग थोड़े बहुत फल खरीद रहे हैं।

संभल में दुकान से फल खरीदते लोग। ● अमृत विचार

क्या बोले विक्रेता

रमजान के बाद नवरात्र में फलों के दाम में बढ़ोतरी हुई है। जिस कारण बिक्री पर असर पड़ रहा है। लोग फलों के दाम सुनकर चौंक रहे हैं और जेब की तरफ देखकर ही खरीदारी कर रहे हैं। **-दीपक**

लगभग हर फल के दाम बढ़े हैं। 10 रुपये से लेकर 30 रुपये प्रति किलो वृद्धि हुई है। फलों की बिक्री हो रही है लेकिन दाम बढ़ने के चलते दुकानदारी ज्यादा अच्छी नहीं हो रही है। **-प्रेमपाल**

फर्जी पत्रकार कर रहे ब्लैकमेल, दी तहरीर

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा के चिकित्सा अधीक्षक समेत स्टाफ ने पुलिस को कथित फर्जी पत्रकारों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि कुछ पत्रकार प्रसव कक्ष में वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हैं। इमरजेंसी में भी मरीजों की वीडियो बनाकर इलाज में बाधा डालने का काम हो रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनमोहन शर्मा और स्टाफ ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि ये पत्रकार दुर्घटना के घायलों को भड़काकर वीडियो बनाते हैं। कर्मचारियों को धौंस दिखाकर ब्लैकमेल किया जाता है और वसूली करते हैं। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता रैली को लेकर किया मंथन

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 15 अप्रैल को शहर में रैली निकाली जाएगी। जिसके लिए अधिकारियों ने इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक में मंथन किया। मंगलवार को नई तहसील सभागार में आयोजित हुई बैठक में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, तहसीलदार रवि सोनकर, खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और अन्य के साथ मतदाता जागरूकता रैली को लेकर चर्चा की। किस कॉलेज के कितने छात्र छात्राएं रैली में शामिल होंगे, इसे लेकर जानकारी की गई। रैली के समय को लेकर भी चर्चा की गई। तहसीलदार रवि सोनकर ने बताया कि 15 अप्रैल को रैली निकाली जानी है। रैली में 1000 से अधिक छात्र छात्राओं के शामिल होने की उम्मीद है। सुबह 8 बजे रैली निकालने को लेकर विचार विमर्श किया गया है। रैली का आयोजन हिंद इंटर कॉलेज से होगा। विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर रैली हिंद इंटर कॉलेज पर ही समाप्त होगी। बैठक में प्रधानाचार्य नरेंद्र वर्तवाल, विनोद कुमार खन्ना, रवींद्र कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृत शिक्षक हरेश शर्मा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

सेवानिवृत्त प्रवक्ता को दी गई भावभीनी विदाई

गुन्नौर, अमृत विचार : डीएवी इंटर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हुए प्रवक्ता हरेश शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार और गणमान्य लोगों ने प्रवक्ता हरेश शर्मा का माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनके मधुर व्यवहार और बेदाग चरित्र की सराहना की। कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। वह जीवन के अंतिम समय तक समाज हित में कार्य करता है। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव, प्रबंधक डॉ. राजेश यादव, केवी यादव, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव, प्रधानाचार्य चंद्रकेश, दीपक यादव, अरूणकांत, कमल शर्मा, आदि ने प्रवक्ता का माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

सिरसी में फागिंग कराते चेयरमैन कौसर अब्बास। ● अमृत विचार

ईद पर दुरुस्त रहे सफाई व्यवस्था, न बरतें लापरवाही

सिरसी, अमृत विचार : ईद को लेकर नगर पंचायत सिरसी अध्यक्ष कौसर अब्बास और अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें सफाई कर्मचारियों को ईद के मौके पर नगर में बेहतर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। कहा गया कि ईद के मद्देनजर नगर की ईदगाहों, धार्मिक स्थलों, सड़कों, गली कूचों, नाले नालियों की सफाई बेहतर तरीके से की जाए। धार्मिक स्थलों पर चूना डाला जाए। सफाई को लेकर गंभीरता से काम किया जाए। इसमें लापरवाही कतई सहन नहीं की जाएगी। बैठक में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

बहजोई में स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

रेलवे क्रॉसिंग के गड्ढे ठीक कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बहजोई, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल व अन्य संगठनों ने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। रेलवे क्रॉसिंग पर गड्ढों को ठीक किए जाने की मांग उठाई। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, रघुनाथ मंदिर समिति व सनातन धर्म धर्मशाला से जुड़े पदाधिकारी बहजोई के रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। जहां उन्होंने रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपकर कहा कि रेलवे विभाग द्वारा गेट नंबर 46 बी रेलवे क्रॉसिंग पर रेल लाइन मरम्मत का कार्य 4 महीने पहले किया गया था। जिसके कारण पटरी मध्य दोनों और गड्ढे हो गए। वह आज तक ठीक नहीं किए गए। जिसके कारण लोग घायल हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर लाइन नंबर दो पर प्लेटफॉर्म भी नहीं बनाया गया। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चंद्र वार्ष्णेय, अनुज कुमार, मुनेंद्र कुमार, सचिन वार्ष्णेय, अशोक कुमार, अरविंद कुमार, नवरत्न, ज्ञानेश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

गुन्नौर में पैदल भ्रमण करते अर्द्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

गुन्नौर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने क्रिटिकल क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। पुलिस बल ने आम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने व पुलिस का सहयोग करने की अपील की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाल संजीव बालियान ने पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ कस्बा गुन्नौर, बबराला, बाघऊ, सैंजना मुस्लिम और अकबरपुर में पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर व जेल से छूटे अपराधियों के घरों पर पहुंचकर उनके बारे में जानकारी जुटाई। अपराध नहीं करने और पुलिस का सहयोग करने को कहा। पुलिस ने आम जनता से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करने की सलाह दी।

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, रामपुर (उ0प्र0)
नम्बर मुकदमा - पिटिशन सं० 07 सन् 2024
जुबैर मसूद बनाम उ०प्र० सरकार आदि बनाम- आम जनता
चूंकि श्री जुबैर मसूद पुत्र स्व० शैदा अली नि० मौ० सादात, निकट नवाब वाली मस्जिद, तह० शाहाबाद, रामपुर द्वारा उक्त पिटिशन इस न्यायालय में कु० अफशा जमाल का संरक्षक अन्तर्गत धारा-14, द्वियांगजन अधिकार अधिनियम 2016 नियुक्त किये जाने हेतु प्रस्तुत की है। अतः यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त पिटिशन के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22-04-2024 को प्रातः 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। वाजे हो कि तारीख गुजरने के पश्चात् फिर किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और निर्णीत आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिवस 08 माह 04 सन् 2024 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
मुंसरिम (परिवार न्यायालय, रामपुर)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक : पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजन : ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

संपादकीय

मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा, पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं, पर इस बार मुद्दा ईडी, सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है, जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए, एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ, रैलियां, सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम, 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है, क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं, पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है, समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

प्रसंगवश

चर्चित समय का इतिहास

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल, म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है, जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी, हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई, पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं, वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है, जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

लोक, जनसभा, रैली और भीड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है, जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है, उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती, भीड़ तालियां बजा सकती है, जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है, लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का, मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है, नारे लगाता है, भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं, किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है, जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है, एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है, भागो और भगदड़ मच गई, दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है, लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है, तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं, असहनशीलता का विस्फोट होना, उत्तरदायित्व का अभाव, सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति, असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है, भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं, भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है, क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा, पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है, इसको कई दशक हो चुके हैं, हां, अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

सोशल फोरम

जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन, मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश, जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है, वहां मानव ही पूंजी है, मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है, पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं, उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी, पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं, पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त, पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं, डिग्री है, मोबाइल है, खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है, चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं, उसके बाप की हालत देखकर लगता है, इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में, प्रेम करके छिपाने में, घूस लेकर छिपाने में, बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है, बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

-फेसबुक वॉल से

मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू

डॉ. पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना, विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म, धूल भरी, उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है, परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है, परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं, यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, अधर्म का नाश, धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है, परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

शिव भी निःशक्त हैं जिनके बिना

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं, वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं, जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं, "शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली, उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली, अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया, तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं, जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप, भेद, वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती, सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं। वे हैं, ब्राह्मी, वैष्णवी, माहेश्वरी, ऐन्द्री, कौमारी, वाराही, चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई, तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं, मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मूझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

एक नजर

कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

चन्दौसी, अमृत विचार : लायंस कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। सोमवार की सुबह दस बजे लायंस कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र पांडेय बाहर से अपने घर पहुंचे और बाइक घर के बाहर खड़ी करके अंदर चले गए। वह दोपहर 12 बजे घर के बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने परिजन व परिचितों के साथ बाइक की कई स्थानों पर खोजबीन की। मगर कोई सफलता नहीं मिली।

गायत्री महामंत्र की माला का जाप शुरू

बबराला अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में गायत्री शक्तिपीठ पर सामूहिक साधना के तहत साधकों ने गायत्री महामंत्र की 27 माला का जप शुरू किया।नगर में स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र में 9 से 17 अप्रैल तक आत्म कल्याण एवं विश्व कल्याण के लिए सामूहिक गायत्री साधना अनुष्ठान की शुरूआत हुई। घट स्थापना, देव खोज एवं पूजन हुआ। रोजाना सुबह गायत्री महायज्ञ होगा। कुलदीप शर्मा ने यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराए।

ट्रैक्टर से टकराई बाइक युवक घायल

गुन्नौर अमृत विचार : बदायूं रोड पर बाइक की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जुनावई निवासी आसिफ पुत्र कल्लू मंगलवार को किसी काम से बबराला आया था। शाम को लौट रहा था। मेरठ बदायूं स्टेट हाईवे पर गांव हुमायूंपुर से आगे बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। जिससे आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसिफ को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

वारंटी सहित दो गिरफ्तार अवैध शराब बरामद

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली व कैलादेवी थाना पुलिस ने अवैध शराब बरामद कर मंगलवार को अलग अलग जगहों से वारंटी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी वारंटी मोहम्मद सुहैल उर्फ मोहम्मद सुहेब को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव साकिन शोभापुर की मिलक निवासी प्रमोद को गांव सेमला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर प्रमोद के पास से पुलिस को 50 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

फंदे पर लटका मिला शिक्षक का शव

पत्नी से विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम, पहुंचे सीओ व प्रभारी निरीक्षक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के शक्ति नगर में शिक्षक ने पंखे के सहारे रस्सी के फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे दंपती में विवाद होना बताया जा रहा है।

जनपद मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र की गांव जरगांव निवासी बलवीर सिंह 32 वर्ष पुत्र दिनेश सिंह 9 वर्षों से गोशाला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज में फिजिक्स का शिक्षक था। वह घर पर भी ट्यूशन पढ़ाता था। उनका विवाह दीपिका सिंह से दो वर्ष पहले हुआ था। वह चार वर्ष से शक्ति नगर में किराये के मकान में रहता था। 15 दिन पहले उनके परिवार में किसी मौत हो गई थी। तो शिक्षक अपनी पत्नी के साथ गांव चला गया। मंगलवार की सुबह विद्यालय जाने की बात कहकर चन्दौसी आ गया। शाम चार बजे कॉलोनी में बच्चे खेल रहे थे और मेन गेट का चैनल खुला हुआ था। तभी कुछ बच्चे अंदर पहुंचे और कमरे में देखा तो शिक्षक पंखे पर प्लास्टिक की रस्सी के फंदा से लटका हुआ था। बच्चों ने आसपास के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कुछ देर बाद प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की जानकारी होने पर मृतक शिक्षक के पिता दिनेश सिंह व छोटा भाई गौतम सिंह भी आ गए। भाई ने बताया कि उनके बड़े भाई व भाभी में किसी बात को विवाद हुआ था। इसके बाद उनका भाई बाइक से चन्दौसी आ गया।

शिक्षक के आत्महत्या करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

> शिक्षक द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी मिली है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। आत्महत्या की क्या वजह रही यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। **-डॉ. प्रदीप कुमार, सीओ**

पत्नी से विवाद के बाद पेड़ से लटका मिला शव

धनारी, अमृत विचार : पत्नी से विवाद होने पर सोमवार की शाम घर से निकले युवक का शव जंगल में पेड़ रस्सी के फंदे पर लटका मिला। थाना क्षेत्र के गांव सेमला भूड़ निवासी ओमवीर 22 वर्ष की शादी तीन साल पहले बदायूं जिले के गांव कृपालपुर निवासी साक्षी के साथ हुई थी। कई दिन से दोनों के बीच विवाद था। सोमवार की शाम ओमवीर खेत पर चला गया था। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा तो ओमवीर शीशम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और फंदा खोलकर ओमवीर को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में रिठाली मंडलाई बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। तीन दिन पहले दादी की मौत होने से युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी मजदूर हसीब 22 वर्षीय तीन दिन पहले अपनी दादी अहमदी पत्नी अब्दुल वहीद का इंतकाल होने पर घर आया था। तभी से हसीब की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। मंगलवार को परिजनों के साथ हसीब नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय अपनी ननिहाल आया था। यहां से हसीब परिजनों को बिना बताए पैदल ही चला गया। परिजन इधर उधर ढूंढते हुए हसीब की तलाश कर रहे थे। कि शाम तीन बजे थाना क्षेत्र के गांव मंडलाई के पास स्थित भोलेश्वर पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन से हादसे में घायल होने की पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और एंबुलेंस से उपचार के लिए हसीब को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने देखते ही हसीब को मृत घोषित कर दिया।

सार-संक्षेप

राहुल सांकृत्यायन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनाई

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से साहित्याकार व हिंदी के महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती व भारत माता पूजन का आयोजन छोटे लाल कॉलोनी स्थित शिव शांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में किया गया। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आधुनिक हिंदी साहित्य में राहुल सांकृत्यायन एक यात्राकार, इतिहास विद, साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। साहित्य में योगदान के लिए 1958 में साहित्य अकादमी पुरस्कार 1963 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। नवसंवतसर पर एक-दूसरे को तिलक चंदन का तिलक लगाया गया। राजेश कुमार, अलका सक्सेना, वर्षा गर्ग, ममता मौर्य, वानी वार्ष्णेय, शालू गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, रजनी गुप्ता, रितिका कनौजिया, रेनू शर्मा, आरती, निशा, अनमोल, वैशाली अग्रवाल, वंदना, मीनू, आदि मौजूद रहे।

चंदन लगाते संस्कार भारती के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

नवसंवत्सर पर हुआ चंदन-वंदन कार्यक्रम

चन्दौसी, अमृत विचार : संस्कार भारती की ओर से नवसंवत्सर 2081 व नवरात्र के आरंभ होने के उपलक्ष्य में चंदन वंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने घंटाघर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बाहर सड़क पर राहगीरों के मस्तक पर चंदन तिलक लगाकर नवसंवतसर की शुभकामनाएं दी। कहा गया कि सनातन धर्म में नववर्ष पहले चैत्र के प्रथम नवरात्र से आरंभ होता है। इस दौरान डॉ. राजीव लोचन शर्मा, आईपी शर्मा, ब्रजनंदन शर्मा, रामकिशोर शर्मा, अशोक कुमार, प्रवीन कुमार आर्य, हरिओम कश्यप, डॉ. टीएस पाल, सभासद तरुण नीरज, आकाश अग्रवाल, रुचिका गुप्ता, रश्मि हर्षवर्धन, आशा बिसारिया, डॉ. जयशंकर दुबे आदि मौजूद रहे।

सिरसी में पुरस्कार पाने के बाद बच्चे। ● अमृत विचार

कुरान पढ़ मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की

संभल/सिरसी अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला शर्की के स्थित मस्जिद सादात में कुरान का दर्स खत्म होने पर पुरस्कार वितरित किए गए। मस्जिद में रमजान की पहली तारीख से कुरान पढ़ाने के लिए कक्षा लगी। जिसमें मौलाना मीसम अब्बास मुजफ्फरनगरी ने पढ़ाया। कुरान पढ़ने में 100 बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। कुरान पढ़ने के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। जिसके बाद मंगलवार को कुरान पढ़ने वालों को कुरान और पुरस्कार वितरित किए गए।

ब्रहमशक्ति पुस्तिका का विमोचन करने ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ट्रस्ट ने किया ब्रहमशक्ति पुस्तिका का विमाचन

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट ने नव संवत्सर आगमन पर ब्रहमशक्ति पंचांग पुस्तिका का विमोचन किया। स्टेशन रोड सीएचसी स्थित महामृत्युंजय मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सभी को चंदन लगाकर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर राघवेंद्र मोहन मिश्र, जेएन मिश्रा, डॉ. वाईपी जोशी, राजीव शर्मा आरके, अशोक पाठक, सौरभ मिश्रा, राजेश शंखधार, सचिदानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव मुडैना निवासी घमंडी मंगलवार को तमंचे के साथ थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर के पास महोबा नदी के पुल पर टहल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घमंडी से पूछताछ की। तमंचा बरामद होने पर पुलिस ने घमंडी को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने घमंडी का चालान कर दिया।

आग से पांच बीघा गेहूं की फसल जली

सिरसी, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी निवासी नजफ अली व मुसाहिब हुसैन के मंगलवार को सिरसी पोटा मार्ग पर स्थित खेत में खड़ी गेहूं में अचानक से आग लग गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मिट्टी पानी डालकर आग को बुझाया। तब तक नजफ अली व मुसाहिब हुसैन की पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नजफ अली ने बताया कि फसल के पास बच्चे खेल रहे थे, लेकिन आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक फायर ब्रिगेड कर्मी गाड़ी लेकर पहुंचे थे। तब तक आग को बुझा लिया था।

बैंक आए युवक से दो लाख रुपये की लूट

वजीरगंज(बदायूं), अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन टप्पेबाजी की घटनाएं हुईं। सोमवार दोपहर दिनदहाड़े डिग्री कॉलेज की प्रबंधक की कार पर कैमिकल डालकर टप्पेबाजी की घटना के अगले दिन रुपये जमा करने बैंक आ रहे युवक से दो लाख रुपये की लूट हुई। सूचना मिलने पर पुलिस बदमाशों की तलाश में गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। सीओ बिसौली सुनील कुमार पहुंचे। पीड़ित के बताए घटनास्थल पर दुकानदारों से बात की। दुकानदारों ने घटना की जानकारी न होने की बात कही। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसमें कोई संदिग्ध नजर नहीं आया। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।मंगलवार दोपहर कस्बा वजीरगंज निवासी दीपक कुमार पुत्र उमा शंकर ने पुलिस को सूचना दी कि वह घर से दो लाख रुपये लेकर एसबीआई शाखा में जमा करने जा रहे थे। इस बीच मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर ब्लॉक के सामने एक बाइक पर सवार दो लोगों ने उनके हाथ से दो लाख रुपये रखा बैग छीन लिया और बदायूं की ओर भाग गए हैं।

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का कैश बॉक्स जंगल से बरामद

कार्यालय संवाददाता, संभल

कार्रवाई

- 24 घंटे बीतने के बाद भी बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर
- आलमारी का ताला तोड़कर चार लाख की नकदी ले गए थे

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र के देहपा में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से लाखों की नकदी चोरी के खुलासे को जुटी पुलिस टीम ने मंगलवार को बैंक शाखा से 200 मीटर दूर जंगल से कैश बाक्स बरामद कर लिया। हालांकि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश 24 घंटे बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

थाना क्षेत्र के गांव देहपा में स्थित शाखा प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में जंगल की ओर लगी खिड़की तोड़कर नकाबपोश बदमाश रविवार की रात बैंक में घुस गए थे। दीवार में नकब लगाकर बदमाशों ने स्टॉग रूम में दाखिल होकर यहां रखी अलमारी का ताला तोड़कर चार लाख रुपये की नकदी सहित लोहे का कैश बाक्स लेकर भाग गए थे। मंगलवार को ग्रामीणों ने बैंक से 200 मीटर की दूरी पर तालाब के किनारे जंगल में लोहे का कैश बाक्स देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कैश बाक्स को बरामद कर लिया। वहीं 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर हैं। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बदमाशों को पकड़ने के लिए पांच पुलिस टीमों को लगाया है। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि जंगल से खाली कैश बाक्स को बरामद किया है। बदमाशों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

राजनाथ सिंह आज करेंगे सम्मेलन को संबोधित, प्रशासन तैयारियों में जुटा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार की अपराह्न तीन बजे आशीष गार्डन में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंगलवार को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने हैलीपैड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। रक्षामंत्री हैलीपैड से कार्यक्रम स्थल पर कार से पहुंचेंगे।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार की अपराह्न संभल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा गांव देवरखेड़ा स्थित आशीष गार्डन में होगी। हैलीपैड मुरादाबाद रोड पर बनाया जा रहा है। मंगलवार को तैयारियों लेकर जनसभा स्थल व हैलीपेड पर जनपद के अधिकारियों ने व्यवस्था देखी। हैलीपैड पर भारी संख्या में पुलिस बल व अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है। एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी श्रीश चंद्र, एनएसजी के जीवन चंद्रा सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

मुरादाबाद रोड पर बनाए हैलीपेड का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान एनएसजी के घेरे में रहेंगे रक्षामंत्री

चन्दौसी, अमृत विचार : भारत सरकार के रक्षामंत्री की सुरक्षा के लिए एनएसजी टीम ने हैलीपेड व कार्यक्रम स्थल पर डेरा डाल दिया। हैलीपेड से उतरने के बाद रक्षामंत्री एनएसजी के घेरे में रहेंगे। बुधवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंच रहे हैं। उनका उड़नखटोला मुरादाबाद रोड स्थित हैलीपेड पर अपराह्न तीन बजे उतरेगा। इसके बाद उन्हें एनसीजी की निगरानी में कार्यक्रम स्थल पर कार द्वारा ले जाया जाएगा।

कार्यक्रम में नृत्य करते परिषद की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

नव संवत्सर पर भजन संध्या का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सीता रोड स्थित बगिया वाले देवी मंदिर पर हुई भजन संध्या

अमृत विचार: भारत विकास परिषद ने नव संवत्सर व नवरात्रि के पावन अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति दी गई।

मंगलवार को सीता रोड स्थित बगिया वाली माता रानी के मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष एसएन शर्मा ने भारतीय नववर्ष एवं शक संवत के इतिहास को बताया। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा श्वेत वृष पर सवार मां शैलपुत्री सभी पापों का नाश करने वाली है, साथ ही उन्होंने नौ देवियों के महत्व को बताया।

डॉ. टीएस पाल ने भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू नववर्ष के विषय में बताया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक रुप से डांडिया खेला। सत्यप्रिया मिश्रा ने भजन सुनाए। आशा गोस्वामी, रेखा रस्तोगी ,भावना गुप्ता , सरोज शर्मा ने भजन सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर वित्त सचिव दिनेश चंद्र गुप्ता, बृजेंद्र प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी अभिषेक गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, आभा रानी, मंजु अग्रवाल, गीता रस्तोगी, उमेश यादव आदि मौजूद रहे।

रक्षामंत्री को लेकर डीएम ने भाजपाइयों संग की बैठक

चन्दौसी, अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। मंगलवार की दोपहर जिलाधिकारी ने अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ भाजपाई के साथ बैठक की। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बुधवार की अपराह्न तीन बजे राजनाथ सिंह का हैलीकाप्टर मुरादाबाद रोड स्थित एक मैदान में उतरेगा।

यहां भाजपा के कुछ ही मुख्य नेता मौजूद रहेंगे। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर भी कुछ ही भाजपा प्रत्याशी सहित कुछ ही नेता मंच साझा करेंगे। कुछ भाजपा नेताओं ने अपने-अपने सुझाव भी रखे। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी श्रीश चंद्र सहित भाजपा के नेता मौजूद रहे।

पुलिस ने दर्ज की कुंडल खींचने की रिपोर्ट,बदमाश पकड़ से बाहर

संवाददाता,संभल

अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के ओबरी गांव में महिलाओं के कुंडल खींचकर ले जाने व विरोध करने पर एक व्यक्ति को ईंट मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

ओबरी गांव में शनिवार रात बदमाशों ने नबी हसन के घर पर धाबा बोलकर उसकी पत्नी रेशमा के कान से कुंडल खींच लिये थे। रेशमा के शोर मचाने पर नबी हसन ने पीछा किया तो बदमाशों ने उस पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया था। इसी रात बदमाशों ने गांव में एक वृद्ध के घर से संदूक चोरी कर लिया था। इसके अलावा मासूक अली की पत्नी के कानों से भी कुंडल खींच लिये थे। पुलिस ने नबी हसन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि मुकदमें में केवल एक व्यक्ति द्वारा कुंडल खींचने का जिक्र किया गया है।

उड़नदस्ता टीम ने जब्त किए 1.60 लाख

गुन्नौर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए गठित उड़नदस्ता टीम ने मंगलवार को देरशाम बैरपुर महराजी में बोलेरो पिकअप की तलाशी ली। बोलेरो पिकअप से 1.60 लाख रुपये बरामद करते हुए साक्ष्य नहीं दिखाने पर जब्त कर ली गई।टीम प्रभारी राम लखन यादव ने बताया कि मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर गांव बैरपुर महराजी में मंगलवार को देरशाम साढ़े सात बजे बोलेरो पिकअप सवार हापुड़ जनपद के पिलखुवा निवासी नबाव से 1.60 लाख रुपये मिले। पूछताछ के दौरान नवाब नकदी संबंधित साक्ष्य नहीं दे सका।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को व्यवस्थाओं के बारे में बताते एएसपी श्रीश्चंद्र।

एसपी ने ईदगाहों पर देखे सुरक्षा प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने संभल और सरायतरीन में ईदगाहों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा इंतजामों को देखा। पुलिस ड्यूटी को लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए। संभल में पैदल भ्रमण करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों और अन्य से संवाद भी किया।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने मंगलवार को संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह और सरायतरीन की ईदगाह का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी ली। पुलिस ड्यूटी को लेकर निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा प्रबंध दुरुस्त रहने चाहिए। यातायात व्यवस्था की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने संभल शहर में पैदल भ्रमण करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों और अन्य से संवाद किया। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार शांतिपूर्वक सौहार्द्र के साथ मनाया जाए। त्योहार पर शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग किया जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद्र,सीओ अनुज कुमार चौधरी व हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार भी मौजूद रहे।

तैयारी | जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मिक फर्जी वोटर के प्रति रहें सावधान

ईवीएम सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के उद्देश्य से पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम का मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मतदान कार्मियों को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक प्रशिक्षण का अनुपालन करेंगे तो सकुशल मतदान संपन्न होगा। मतदान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने मतदान कार्मिकों को समय से प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचने व पार्टी रवानगी के दिन भी समय से स्थल पर पहुंचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदान कार्मिकों को फर्जी वोटर के प्रति सावधान रहने के भी निर्देश दिए। कार्मिकों को मानदेय सीधे उनके खाते में भेज दिया जाएगा। कहा कि ड्यूटी कटवाने का अनुचित प्रयास करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा ने कहा कि मतदान कार्मिक विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त करें, अगर किसी भी स्थिति में संदेह उत्पन्न होता है तो मास्टर ट्रेनरों से जानकारी प्राप्त करें। बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रत्येक दिन दो पाली में दिया जाएगा। जिसमें प्रत्येक वाली में 760 कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुशील कुमार, ज्ञान सिंह, एबीएसए चंद्रशेखर, डीआईओएस वेदराम, ओंकार सिंह, एसके वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के निरीक्षण को पहुंचे डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

- मतदान ड्यूटी कटवाने का अनुचित प्रयास करने वालों पर होगी कार्रवाई

एक नजर

कल सुबह 7:30 बजे ईदगाह में होगी नमाज

नगीना, अमृत विचार : नगर में ईद की नमाज के समय का ऐलान कर दिया गया। बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर स्थित ईदगाह में ईद की नमाज गुरुवार सुबह 7 :30 बजे मौलाना अरशद अदा कराएंगे। नगर की जामा मस्जिद में सुबह आठ बजे मुफ्ती मोहम्मद उवैस अकरम नमाज पढ़ाएंगे। मोहल्ला पंजबियान स्थित दौलत शाह वाली मस्जिद में सुबह 7 :45 बजे नमाज होगी। यहां मौलाना उमेर नमाज पढ़ाएंगे। मोहल्ला बिश्नोई सराय स्थित खजूर वाली मस्जिद में मौलाना इस्लामुदीन सुबह 8 :15 बजे नमाज अदा कराएंगे। मोहल्ला काजी सराय स्थित पत्थर वाली मस्जिद में सुबह 8 :15 बजे मुफ्ती अब्दुल्ला अयाज नमाज अदा कराएंगे। यह जानकारी मस्जिदों के जिम्मेदारों ने दी गई है।

विधि-विधान से की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना

नगीना, अमृत विचार : मंगलवार को चैत्र नवरात्र शुरू हो गए। प्रथम दिन भक्तों ने विधि-विधान से मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। भक्तों ने उपवास रखकर अपने घरों में कलश स्थापना की। देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। सुबह से ही भक्त श्री रामलीला ग्राउंड स्थित देवी के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर में आने शुरू हो गए थे। मंदिर में प्रसाद व देवी के श्रृंगार का सामान चुनरी, नारियल आदि चढ़ाया। अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के आसपास प्रसाद व देवी के श्रृंगार का सामान बेचने वालों की दुकाने लगी रहीं।

आरा मशीन की सील सागौन की लकड़ी बरामद

किरतपुर, अमृत विचार : वन विभाग की टीम ने मंगलवार शाम प्रतिबंधित लकड़ी कब्जे में लेकर आरा मशीन को सील कर दिया। वन विभाग के क्षेत्राधिकारी महेश चंद गौतम ने अपनी टीम के साथ युसूफ उर्फ काले की आरा मशीन पर छापेमारी की। उन्हें मौके पर प्रतिबंधित 70 क्विंटल लकड़ी मिली। नीम, तुन, सागौन, शीशम की लकड़ी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी की कार्रवाई सूचना के आधार पर की गई। मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित लकड़ी पाई जाने पर आरा मशीन को सील कर दिया है। टीम में वन विभाग के दरोगा नीतीश कुमार, डिप्टी रेंजर हरगोविंद, श्रमिक राजेंद्र व सार्थक चौधरी मौजूद रहे।

आज दिखा चांद तो कल मनाई जाएगी ईद, लोगों में उत्साह

बाजारों में दिख रही रौनक, खरीदारी बढ़ने से कारोबारी खुश, सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : मंगलवार शाम ईद के चांद का दीदार नहीं हुआ। अब बुधवार को चांद दिखा तो गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। इसे लेकर लोगों में उत्साह दिख रहा है। देर रात तक नगर के बाजारों में खरीदारों की भीड़ जुटी रही।

अब रमजान का एक दिन बाकी है। इसके बाद ईद मनेगी। इसको लेकर देर शाम तक बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। छोटी-बड़ी दुकानों में लोग मनपसंद सामान की खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में बच्चे भी काफी उत्साहित हैं। वह भी अपनी पसंद के कपड़े, जूते व चप्पल के साथ अन्य सामान को खरीद रहे हैं। शहर के मुख्य सदर बाजार, चांदनी मार्केट स्थित बाजार में महिलाएं, बच्चे व पुरुष देर शाम तक कपड़े खरीदते दिखे। महिलाएं व युवतियां सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर उमड़ी रहीं। कुछ महिलाए घरों को सजाने-संवारने और मेहमान नवाजी में कमी न हो, इसके लिए पर्दे व क्राकरी के बर्तन समेत अन्य सामान की खरीदारी करते हुए दिखाई दीं।

बाजार में चूड़ियां खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

आपस में मिलजुकर मनाएं ईद अफजलगढ़, अमृत विचार : ईद व लोकसभा चुनाव को लेकर कोतवाली में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें कस्बा इंचार्ज सुमित राठी ने कहा कि सभी साथ मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और भाईचारे की मिसाल पेश करें। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव और ईद को लेकर हुई बैठक में कस्बा इंचार्ज ने नगर और क्षेत्र के लोगों से सौहार्द के साथ त्योहार को मनाने कहा। आचार संहिता के नियमों का भी पालन करने की अपील की। ईदगाह में सफाई व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान पूर्व विधायक शेख सुलेमान, जावेद विकार, नफीस कुरैशी, सलीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

कपड़े की दुकानों पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

कपड़ों और जूतों की दुकानों पर उमड़े ग्राहक

नहटौर, अमृत विचार : क्षेत्र में गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। इससे पहले मंगलवार को बाजारों में रौनक दिखाई दी। देर शाम तक लोग खरीदारी कर रहे। ईद से पहले घरों में रंगाई पुताई, सफाई की गई। इसके अलावा बाजारों में जूते-चप्पल, रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भीड़ जुट रही है। युवा, बच्चे अपने परिजनों व दोस्तों के साथ जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शहर से गांव तक रंग बिरंगी चूड़ी कपड़ों से पूरा बाजार पटा हुआ है। महिलाएं रंग बिरंगी चूड़ियां व नई ड्रेस खरीदकर ईद की खुशी मनाने को उत्साहित दिख रही हैं। टोपी, इत्र, सजावट, रंग बिरंगी लाइट आदि सामानों की खरीदारी जमकर की जा रही है। उधर, कोतवाल धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि ईद की नमाज को संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

ईदगाह में सफाई व्यवस्था देखी, संतोष व्यक्त किया

किरतपुर, अमृत विचार : नगर पालिका के अध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने ईदगाह पर चल रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने मंगलवार को ईदगाह पहुंचकर वहां नगर पालिका परिषद द्वारा की गई सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कहा कि जिले की सबसे बड़ी ईदगाह पर हजारों की तादाद में नमाजी आते हैं। उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए पालिका प्रशासन द्वारा कई दिनों से सफाई अभियान चलाया गया है। इसमें ईदगाह कमेटी का भी पूरा सहयोग रहता है, उन्होंने कहा कि ईदगाह के अलावा जिन मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की जाती है वहां भी पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था व पेयजल व्यवस्था का माकूल इंतजाम किया गया है,

इस मौके पर मोहम्मद सुहैल, सचिन अग्रवाल, दिलशाद अल्वी, मोहम्मद याकूब, मलिक मेहरबान, रोहिल खान, शरीफ मलिक, मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

तनाव में आकर किसान ने की आत्महत्या, तहरीर दी

संवाददाता, अफजलगढ़

▸▸ **परिजनों ने ऋण वसूली के लिए बैंक कर्मचारियों पर लगाया परेशान करने का आरोप**

अमृत विचार : बैंक ऋण वसूली के लिए कर्मचारियों की बात से दबाव में आकर मंगलवार को किसान ने आत्महत्या कर ली। पीड़ित परिवार ने बैंक कर्मचारियों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव गोवर्धनपुर नाबका निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई गजेन्द्र सिंह (45) ने कुछ समय पहले जिला सहकारी बैंक व प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से ऋण लिया था। आरोप है कि ऋण वसूली के लिए दोनों बैंकों के कर्मचारी लगातार को गजेन्द्र प्रताड़ित कर रहे थे। उसकी पत्नी से घर पर आकर अभद्रता करते थे। 22 मार्च को बैंक के कर्मचारी व अमीन ने घर पर जाकर गजेन्द्र व पत्नी गीता देवी से गाली गलौज की थी। गजेन्द्र ने उनसे समय मांगा तो समय न देकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जिससे वह तनाव में रहने लगा। मंगलवार सुबह उसने अपने खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बेहोश अवस्था में जसपुर में निजी चिकित्सक के यहां उसे भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों सहित पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गया है। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कानून व्यवस्था, आचार संहिता का पालन करना चुनाव में अहम

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मंगलवार को चुनाव प्रेक्षक राहुल कुमार जैन और पंकज अग्रवाल ने बैठक की। इसमें लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना पर विचार किया गया।

कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए प्रेक्षक ने दायित्वों के क्रियान्वयन, आदर्श आचार संहिता, ईवीएम-वीवीपैट, निगरानी समिति, व्यय अनुरीक्षण, निर्वाचन व्यय लेखा की जानकारी ली। कहा कि कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता का पालन करना चुनाव कार्यों में अहम भूमिका होती है। उन्होंने जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना के तहत सभी निर्वाचन में की जा रही तैयारियों के संबंध में दायित्वों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पोलिंग बूथ, पोलिंग स्टेशन की स्थिति और ईवीएम मशीनों की समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों को सतर्क रखने व सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

बैठक करते चुनाव प्रेषक राहुल कुमार जैन व पंकज अग्रवाल। ● अमृत विचार

उन्होंने जिले के स्ट्रांग रूम में सभी व्यवस्थाओं व सुरक्षा को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने प्रेक्षकों को जानकारी दी। बताया कि रेंडमाइजेशन के दो कार्यक्रम हो चुके हैं और कमीशनिंग की कार्यवाही भी प्रगति पर है। इस दौरान प्रेक्षक पुलिस विमल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत

नगीना, अमृत विचार : ज्वलनशील पदार्थ से झुलसे युवक की एक सप्ताह बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव बिजा हेडी निवासी टिंकू कुमार (24) ने गृह क्लेश के चलते दो अप्रैल की दोपहर घर में ही ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगा ली थी। इससे टिंकू गंभीर रूप से झुलस गया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए उसे गंगादासपुर के निजी चिकित्सक के यहां ले गए थे। जहां उपचार के दौरान टिंकू की सात दिन बाद मौत हो गई। सोमवार देर शाम उसका शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बाद में उसका गांव के ही श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चों व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

बैठक मे मौजूद भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

किरतपुर, अमृत विचार : भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के गांव शाहपुर सुक्खा के आवास पर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राम अवतार फौजी ने की व संचालन तहसील महासचिव हितेश चौधरी ने किया। किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया। गांव हैबतपुर में बिजली के जर्जर तारों को बदलवाया जाए। पशुओं को पकड़वाया जाएं, अगर एक सप्ताह में इन समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो भाकियू बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी। इस दौरान देशराज सिंह, मनोज कुमार, श्याम लाल, राजीव, मुला सिंह, अनिल व सुभाष आदि किसान मौजूद रहे

पड़ोसियों ने महिला को पीटा, पुलिस से शिकायत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर निवासी रिहाना पत्नी नाजिम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसके पड़ोसी परवेज, सायदा पत्नी आफताब, उसके पुत्र रंजश रखते हैं। तीन अप्रैल को आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उसने पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को दोबारा परवेज, आफताब और सायदा ने उसे गालियां दीं। उसने विरोध किया तो लात घूंसों से मारपीट की। कानों के कुंडल भी छीन लिए। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

बच्चों ने दिया मतदान करने का संदेश

डिलारी अमृत विचार : अदलपुर के प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने अभिभावकों को 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया। हाथों पर मेहंदी रचाकर जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों ने घर घर जाकर अभिभावकों से अपील की कि 19 अप्रैल को वोट डालने जरूर जाए। इस दौरान प्रधानाध्यापक संयोगिता, रेनू और केशव कुमार ने बच्चों का मार्गदर्शन कर सहयोग किया।

प्रांतीय अधिवेशन में दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हापुड़, अमृत विचार : भारत विकास परिषद उत्तर प्रदेश "विकाश रत्न" प्रांत की ओर से प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन विराट बैंक्वेट हॉल में हुआ। इसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद बुलंदशहर की गौरव शाखा का अधिष्ठापन प्रांतीय महासचिव कवित बंसल ने पूर्ण कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुबलिश, नवीन कुमार उपस्थित रहे। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारियों, जिला टीम व शाखा दायित्वधारियों को उनके कार्यों के आंकलन के आधार पर सम्मानित किया। संचालन मंजू कंसल एवं मनीष मांगलिक ने किया।

वोट से देश का राजा बदल सकते हैं मतदाता: सुषमा

हापुड़, अमृत विचार : साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. सौम्या पांडे, अध्यक्ष डॉ. निधि शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व कुसुम सिद्धू ने गांव काठीखेड़ा व फूलगढ़ी में बालिकाओं एवं महिलाओं को निशुल्क सैनिटरी पैड्स वितरित किए। महिलाओं और छात्र-छात्राओं को मतदान के बारे में जागरूक कराया। फाउंडेशन की सदस्य सुषमा देवी ने बताया कि हमें मतदान का अधिकार इसलिए दिया गया है कि हम वोट रूपी हथियार से देश का राजा बदल सकते हैं। मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्म और धर्म है। फाउंडेशन की सदस्य ज्योति सैनी ने बताया कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होना चाहिए। इस दौरान अशोक आजाद, तपस्या, सिमरन व दिव्या आदि मौजूद रहे।

15 लाख न मिलने पर महिला को घर से निकाला

गजरौला, अमृत विचार : हसनपुर थाना क्षेत्र के रुखालू गांव निवासी लालाराम की बेटी की रीना रानी की शादी 2016 में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जगतपुरा निवासी आकाश उर्फ पिंटू के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ वर्ष बाद ही ससुरालवालों ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए 15 लाख रुपये व कार की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वाले महिला को परेशान करने लगे। आरोप है कि 26 मार्च को महिला के ससुर ने उससे अभद्रता की। महिला थाना ईंचार्ज निधि सिंह ने बताया कि इस मामले में महिला के पति आकाश, बृजपाल सिंह, केला देवी, आरती पूजा, कल्पना व रिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

डूंगरपुर के मामले में पत्रवाली अंतिम बहस में लगी

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में मंगलवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां पत्रावलियां अंतिम बहस में लग गई हैं। अब इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। सपा शासनकाल में 2019 में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर घरों में घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट का आरोप लगाते हुए कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इसमें आरोप लगाया था कि मकान खाली कराने के लिए तत्कालीन सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली व आजम खां के कहने पर घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की तथा सामान भी ले गए थे।

रामपुर के नेता की भैंस तलाशती थी पुलिस: योगी

संवाददाता, हापुड़

▸▸ **जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा-कांग्रेस और बसपा पर साधा निशाना**

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और बसपा को अंधेरा प्यारा था, इसलिए वे बिजली नहीं देते थे। किसान अपने खेत में पानी के लिए इंजन लगाने को मजबूर थे। वे भी चोरी हो जाते थे।

आज बिना भेदभाव के बिजली मिल रही है और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम हैं। यही वजह है कि हर जगह डबल इंजन की सरकार की चर्चा हो रही है। प्रदेश में पहले गोतस्कर हावी थे। समाजवादी पार्टी के एक नेता की भैंस को ढूंढने के लिए पुलिस को लगाया जाता था, लेकिन किसान के मवेशी चोरी होने पर पुलिस कुछ नहीं करती थी। आज प्रदेश में किसान, व्यापारी, बेटियों समेत हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता है। आज प्रदेश में दंगा और कर्फ्यू नहीं लगता है बल्कि धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। उन पर फूल बरसाए जाते हैं। पहले अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होता था। आज अपराधी गले में तख्ती लटकाकर घूमता है कि मेरी जान बख्श दो। इसका श्रेय आपको जाता है, क्योंकि आपने अच्छी सरकार को चुना है।आपका वोट जब सही जगह जाता है तो सही कार्य होते हैं।

जनसभा में बोलते मुख्यमंत्री।

ये बातें मुख्यमंत्री ने मंगलवार को हापुड़ में आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट की अपील की। कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में पहले ही लोग आश्वस्त हैं कि तीसरी बार भी मोदी सरकार ही बनेगी। कहा कि अभी हाल में उन्होंने महाराष्ट्र, राजस्थान का दौरा किया था, जहां लोग हमारी बढ़त ही पांच लाख से शुरू होने की बात कर रहे हैं।

जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में विकास की बदलती तस्वीर देखी है, इसलिए वे फिर से मोदी सरकार लाना चाहते हैं। आज देश की कमान मजबूत हाथों में है। दुनिया को पता है कि नया भारत बोलता नहीं है, बल्कि घर में घुसकर मारता है। प्रदेश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस हापुड़ से ही होकर जा रहा है। इससे हापुड़ से प्रयागराज की दूरी महज 6 घंटे में पूरी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि पिछली बार गलती से अमरोहा को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। यहां के ढोलक की थाप कमजोर पड़ रही थी। आप सबने सांसद का चरित्र संसद में देखा है। वह भारत माता का जयकारा लगाने में सोच रहे थे। उन्होंने कहा कि क्या ऐसे लोग संसद में जाने चाहिए, जो भारत को मां कहने में संकोच करते हैं। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें क्या हो गया है, जो ऐसे लोगों को प्रत्याशी बना रहे हैं। यह उनकी संकीर्ण सोच को दर्शाता है। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, राजीव तरारा, महेंद्र सिंह खड़गवंशी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष रविंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रेखा नागर आदि मौजूद रहे।

पेड़ पर लटका मिला प्रधान का शव, हत्या की आशंका

संवादाता, बरेली/शीशगढ़

अमृत विचार : शीशगढ़ थाना क्षेत्र के बिलसा गांव के प्रधान का शव मंगलवार को पेड़ पर लटका मिला। गले में तार का फंदा लगा था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।

गांव बिलसा निवासी कृष्णपाल ने बताया कि उनके भाई धर्मेंद्र कुमार (35) प्रधान थे। सोमवार रात को वह घर से गए थे। मंगलवार सुबह जब उन्होंने देखा तो वह बैठक में नहीं मिले। कुछ देर बाद पता चला कि धर्मेन्द्र का शव उनके ही गेहूं के खेत में लगे पेड़ पर तार से लटका है। जानकारी होने पर गांव वाले पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर सीओ अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को पेड़ से उतारा। पुलिस का कहना है कि प्रधान ने आत्महत्या की, जबकि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि परिजनों ने अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

धीरेंद्र शास्त्री का सिर तन से जुदा करने की धमकी

बरेली, अमृत विचार : बागेश्वरधाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का सिर तन से जुदा करने की धमकी दी गई है। फेसबुक पर धमकी की पोस्ट से नाराज राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आंवला थाने में हंगामा किया। जिलाध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके अलावा इज्जतनगर में भी एक व्यक्ति ने धीरेंद्र कृष्ण के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के आंवला जिला अध्यक्ष पवन ने बताया कि आंवला निवासी फैज राजा ने फेसबुक पर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का फोटो लगाकर उनका सिर तन से जुदा करने और अशब्द लिखते हुए स्टेट्स लगाया है।

परास्नातक सम सेमेस्टर के फार्म 12 से भरे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक और एलएलबी के सम सेमेस्टर की परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परास्नातक के फार्म 12 और एलएलबी के 16 अप्रैल से भरे जाएंगे। इसके अलावा स्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि भी विलंब शुल्क के साथ बढ़ा दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी, एमकॉम और एमएससी गृह विज्ञान के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा फार्म 12 से 28 अप्रैल तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 28 तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को 30 तक फार्म सत्यापित करने होंगे। इसके अलावा एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम और बीए एलएलबी के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम, अष्टम और दशम सेमेस्टर के संस्थागत, बैक, परीक्षा सुधार और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के फार्म 15 से 28 अप्रैल तक ऑनलाइन भरे जाएंगे।

स्नातक के फार्म के लिए 500 रुपये विलंब शुल्क देना होगा: विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 11 से 14 अप्रैल तक पांच सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ भर सकते हैं।

एलएलबी का परीक्षा परिणाम जारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी विषम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर का परिणाम छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा परास्नातक पाठ्यक्रमों के परिणाम भी अपडेट किए गए हैं।

पांच लाख न मिलने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने वाले ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। आरोप है कि ससुर छेड़छाड़ करता था। जिसके बाद तहरीर के आधार पर पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव का है। यहां के निवासी किसान ने बेटी का निकाह नौ अक्टूबर 2021 को रजबपुर निवासी युवक से किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग महिला को प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करते थे। विरोध करने पर कई बार महिला को पीटा और घर से निकाल दिया। आरोप है कि विवाहिता के ससुर और ननदोई भी उससे छेड़छाड़ करते थे। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामली की जांच की जा रही है।

गांव फौलादपुर के पास ट्रॉली से धंसी पुलिया। ● अमृत विचार

ईटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टूटी पुलिया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ **तीन गांवों का रास्ता बंद, सिर्फ दो पहिया वाहनों का संचालन शुरू**

अमृत विचार : नहर की पुलिया में ईंटों से भरी ट्रॉली धंस गई। पुलिया टूटने से तीन गांवों का रास्ता बंद हो गया। ट्रॉली को खाली कर जेसीबी से बाहर निकाला गया। इसके बाद दोपहिया वाहन के लिए रास्ता खुल सका है। हालांकि पुलिया टूटने से हादसे का खतरा बढ़ गया है।

गांव फौलादपुर की नहर के पास मंगलवार को ईंटें लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने पुलिया पर चढ़ा दी। ट्रॉली में ईंटों का वजन अधिक होने से पुलिया टूट गई। पहिया धंसने से ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई। इसके बाद गांव फर्रखपुर, इनायतनगर और फौलादपुर का रास्ता बंद हो गया। हालांकि बाद में दो पहिया वाहनों के लिए रास्ता खोला गया।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।

किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।

पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना

- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका







विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	पुरुष	महिलाएं	अन्य	कुल मतदाता
नजीबाबाद	186699	165469	19	352187
नगीना (सु.)	185663	164416	12	350091
धामपुर	161460	142520	18	303998
नहटौर (सु.)	162497	144680	04	307181
नूरपुर	172951	151912	09	324872

पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

प्रत्याशी प्रोफाइल

ओम कुमार – भाजपा

भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित–वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी

सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।

लोकतंत्र का पर्व लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता खूब मेहनत कर रहे हैं। देहरादून में महिला कार्यकर्ताओं ने हथेली पर पार्टी मेहंदी से कमल का निशान बनवाया।

महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो

नागपुर। नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।

- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार

मांगा समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान

पीलीभीत । सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।

अखिलेश यादव ।

बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी

नई दिल्ली। केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

अनिल एंटनी। एके एंटनी।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।

दलित वोट बैंक 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा

नई दिल्ली। कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।

वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन

वर्ष	भाजपा	बसपा	सपा	कांग्रेस	अन्य
2004	03	05	07	01	01
200	02	02	10	02	01
2014	17	--	--	--	--
2019	15	02	--	--	--

विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबर्ट्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

कांग्रेस ने आंध्र की छह लोस, 12 विस सीट के उम्मीदवार किए घोषित

अमरावती। कांग्रेस ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश की छह और लोकसभा सीट तथा 12 विधानसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के निर्णय के अनुसार तिरुपति के पूर्व सांसद सी. मोहन इसी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे और के. राजू को नेल्लोर से उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विशाखापत्तनम से पी. सत्यनारायण रेड्डी, अनाकापल्ली से वी. वेंकटेश, एलुरू से के. लावण्या और नरसराओपेटा से जी. अलेक्जेंडर सुधाकर को उम्मीदवार बनाया गया है।

दो अप्रैल को, कांग्रेस ने पांच लोकसभा सीट और 114 विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। पार्टी ने 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए मतदान 13 मई को और मतगणना चार जून को होगी।

प्रचार में झोंक रहे हैं ताकत

लोकसभा चुनाव का शंखनाद बस होने को है 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदाना होगा। सभी पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए जनता को रिझाने में लग चुकी हैं। इसी क्रम में तिनसुकिया में आम आदमी पार्टी नेता आतिशी अपने पहले एक रोड शो के दौरान डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार मनोज धनोवर के साथ जनता के बीच नजर आईं।

राजद ने लोकसभा चुनाव के लिए 22 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए 22 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा मंगलवार को कर दी। राजद के केंद्रीय और राज्य संसदीय बोर्ड द्वारा प्रत्याशी चयन एवं निर्णय लेने के लिए अधिकृत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर अपनी स्वीकृति दी है।

इसके बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के हस्ताक्षर से सूची देर शाम जारी कर दी गई। सूची में श्री लालू प्रसाद यादव की दोनों बेटी मीसा भारती और रोहिणी आचार्य का नाम भी शामिल है। पार्टी ने पाटलिपुत्र से मीसा भारती, सारण से रोहिणी आचार्य, गया से कुमार सर्वजीत पासवान, नवादा से श्रवण कुमार कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास,.बांका से जय प्रकाश यादव, पूर्णिया से बीमा भारती, दरभंगा से ललित यादव, बक्सर से सुधाकर सिंह, सुपौल से चंद्रहास चौपाल, वैशाली से विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला, औरंगाबाद से अभय कुमार कुशवाहा हाजीपुर से शिवचंद्र राम, अररिया से शाहनवाज आलम, जहानाबाद से सुरेंद्र प्रसाद, मुंगेर से अनीता देवी महतो, उजियारपुर से आलोक कुमार मेहता, सीतामढ़ी से अर्जुन राय, मधुबनी से अली अशरफ फातमी, वाल्मीकिनगर से दीपक यादव, शिवहर से रितू जायसवाल और मधेपुरा से कुमार चन्द्र दीप को अपना उम्मीदवार बनाया है।

एमवीए ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया सीटों का बंटवारा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की, जिसके तहत राज्य में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21, कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) 10 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने विवादास्पद सांगली और भिवंडी सीट पर दावा छोड़ दिया और वहां से अब क्रमशः शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) चुनाव लड़ेंगी।

राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट को लेकर मतभेद नहीं है और राज्य की 48 संसदीय सीट का आवंटन सर्वसम्मति से किया गया। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य भाजपा को हराना है और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि पार्टी ने इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए उदारता का परिचय देने का फैसला किया है। पवार, ठाकरे और पटोले ने कई सप्ताह की बातचीत के बाद सीट के लिए समझौते की घोषणा की। दक्षिण मुंबई स्थित शिवसेना (यूबीटी) कार्यालय 'शिवालय' में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि सीट-बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है।

राज ठाकरे ने मोदी का किया समर्थन

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने मंगलवार को राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' को बिना शर्त समर्थन देने की पेशकश की। 'महायुति' में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा घटक हैं। मनसे की आयोजित गुड़ी पड़वा रैली में ठाकरे ने मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा।

मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह

बदली अयोध्या तो बदल गया सपा और बसपा के वोटों का अंकगणित

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने का दौर भी शुरू हो गया।

सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।

सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत

साल	बसपा	सपा
1996	4.02	3.28
1998	4.67	4.93
1999	4.16	3.8
2004	5.33	4.32
2009	6.17	5.8
2014	4.19	3.4
2019	3.66	2.55

आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	प्रियंका सिंह रावत	4,54,214
कांग्रेस	पन्ना लाल पुनिया	2,42,336
बसपा	कमला प्रसाद रावत	1,67,150
सपा	राज रानी रावत	1,59,284

निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	प्रत्याशी का नाम	पार्टी
1951	गंगा देवी	कांग्रेस
1957	राम सेवक यादव	निर्दल
1962	राम सेवक यादव	एसओसी
1967	आर एस यादव	एसएसपी
1971	कुंवर रुद्र प्रताप सिंह	कांग्रेस
1977	राम किंकर	बीएलडी
1980	राम किंकर	आईएनपी(एस)
1984	कमला प्रसाद	कांग्रेस
1989	राम सागर	जेडी
1991	राम सागर	जेपी
1996	राम सागर	समाजवादी पार्टी
1998	बैजनाथ रावत	भाजपा
1999	राम सागर	समाजवादी पार्टी
2004	कमला प्रसाद	बीएसपी
2009	डॉ.पीएल पुनिया	कांग्रेस

बाराबंकी के क्षेत्र

2014	प्रियंका सिंह	भाजपा
2019	उपेंद्र सिंह रावत	भाजपा

2009 चुनाव के आंकड़े



17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

▸▸ 2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान

▸▸ स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
>
> **-सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत

चुनाव वर्ष	प्रतिशत	चुनाव वर्ष	प्रतिशत
1951	34.10	1989	52.59
1957	44.91	1991	51.19
1962	53.97	1996	46.23
1967	46.79	1998	52.59
1971	35.38	1999	57.93
1977	50.72	2004	44.47
1980	47.59	2009	52.30
1984	55.93	2014	62.00
		2019	63.05

सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम

मनोज कुमार मिश्र

सुलतानपुर, अमृत विचारः सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।

कृष्णचन्द्र पंत

कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

सन- 1961 (उपचुनाव)

बाबू गनपत सहाय	निर्दलीय	37,785
कृष्णचंद्र पंत	कांग्रेस	36,656

वर्ष : 2004

मो. ताहिर	बसपा	2,61,564
शैलेंद्र प्रताप सिंह	सपा	1,59,754
कैप्टन सतीश शर्मा	कांग्रेस	1,54,245
वीणा पांडेय	भाजपा	91328

चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

गर्भगृह में चांदी के कलश स्थापना के साथ मठ-मंदिरों में शुरू राम जन्मोत्सव का भक्तों में उल्लास

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामलला के वस्त्रों की बदली गई शैली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चैत्र शुक्ल नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही अयोध्या में रामनवमी मेले का आगाज हो गया है। पहले दिन दो लाख श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाई। हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में नवरात्रि प्रारंभ पर सुबह चार बजे रामलला का जलाभिषेक कर श्रृंगार पूजन किया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पहली बार प्रभु के वस्त्रों की शैली को बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिह्नों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ सोने और चांदी के तारों से कढ़ाई किए गए सूती वस्त्र में श्रद्धालुओं को रामलला अद्‌भुत दर्शन हुआ। मंदिर परिसर में 11.30 मिनट पर गर्भगृह में चांदी का कलश स्थापित किया गया। 11 वैदिक आचार्यों के द्वारा वाल्मीकि रामायण का नवाह परायण, राम रक्षास्त्रोत और दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ 9 दिवसीय आयोजन की शुरुआत हुई है। मठ मंदिरों में रामकथा, रामलीला और भजन संध्या के अयोजन किए जा रहे हैं। दशरथ महल में डॉ. रामानंद दास, बड़ा भक्तमाल की बगिया में रमेश भाई ओझा, राम वल्लभा कुंज में प्रेमभूषण, सियाराम किला में प्रभंजनानंद शरण, हिंदू धाम डॉ. रामविलास दास वेदांती, आचार्य लक्ष्मण दास और अन्य मंदिरों में भी रामकथा का संगीतमयी आयोजन लोगों के लिए आकर्षण बना हुआ है। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं।

ट्रस्ट ने जारी की रामलला की तस्वीर।

रामलला के ललाट पर उतरेंगी की सूर्य किरणें

अयोध्या, अमृत विचार : रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला का मस्तिकाभिषेक करेंगी। इसके लिए राम मंदिर के तीसरी मंजिल पर स्थाई रूप से ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम को स्थापित किया गया है। जहां से सूर्य की किरणें दर्पण से परिवर्तित होकर वर्टिकल पाइप के जरिए गर्भगृह में रामलला के मस्तक पर पांच मिनट तक 75 मिमी आकार का गोलाकार तिलक बनाएगी। राम मंदिर के गर्भगृह में सूर्य की किरणों को पहुंचाने के लिए बीते 15 दिन से कार्य किया जा रहा था, जिसमें सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रुड़की के वैज्ञानिकों ने सूर्य किरणों को रिफ्लेक्टर, दो दर्पण, तीन लेंस और वर्टिकल पाइप के माध्यम से मार्ग परिवर्तित करने का सफल परीक्षण किया है, जिसके लिए सबसे पहले तीसरी मंजिल पर एक रिफ्लेक्टर बॉक्स को लगाया गया है, जिसमें एक मुख्य लेंस है जो बिना बिजली के 19 गियर के जरिए काम करेगा। वहीं प्रथम और द्वितीय तल से वर्टिकल पाइप को गर्भगृह में उतारा गया है, जहां से सूर्य की किरणें गर्भगृह में लगे दर्पण पर पड़ने के बाद 60 डिग्री में परिवर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित होंगी।

यूपी मदरसा बोर्ड: ईद के बाद परीक्षा परिणाम हो सकते हैं घोषित

लखनऊ, अमृत विचार: यूपी मदरसा बोर्ड की व्यवस्थाओं को लेकर मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार ने बैठक की। इस दौरान मदरसों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण भी किए गए। साथ ही घोषणा की गई कि ईद के बाद ही परीक्षा परीक्षा घोषित की जा सकती है। सुप्रीम के आदेश के बाद मंगलवार को मदरसा बोर्ड की बैठक बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने जिलावार अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईद के बाद से पंजीकृत मदरसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। रजिस्ट्रार ने कई क्रमों में चली बैठक के दौरान मदरसा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण किए गए।

सार-संक्षेप

विशेष कानून के तहत किए गए अपराध समझौते के आधार पर रद करना उचित नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और पॉक्सो जैसे विशेष कानून के अंतर्गत किए गए अपराधों को केवल पीड़ित और अपराधी के बीच समझौते के आधार पर रद नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जहां आरोपी दुष्कर्म जैसे अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रहा है, वहां समझौते का प्रयास उसके लिए किसी भी तरह मददगार साबित नहीं हो सकता है। दुष्कर्म जैसे अपराध किसी महिला के सम्मान के खिलाफ अपराध है और कानून किसी महिला के सम्मान को समझौते की वस्तु नहीं मानता है। ऐसी स्थिति में आरोपी के खिलाफ गठित अपराध शमनीय नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने आईपीसी और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुए की।

अब तक 22 करोड़ की नकदी बरामद

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 08 अप्रैल, 2024 तक कुल 13296 .42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किए गए, इसमें 2211 .16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148 .71 लाख रुपये कीमत की 930045 .32 लीटर शराब, 4996 .70 लाख रुपये कीमत की 8126299 .13 ग्राम ड्रग, 1806 .08 लाख रुपये कीमत की 52778 .86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133 .78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। एजेंसियों द्वारा 08 अप्रैल, 2024 को कुल 218 .58 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नकदी आदि जब्त किया गया। इसमें 30 .79 लाख रुपये नकद धनराशि 100 .91 लाख रुपये कीमत की 27527 .68 लीटर शराब, 85 .98 लाख रुपये कीमत की 268991 .51 ग्राम ड्रग एवं 0 .90 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक समेत 11 लोग दोष मुक्त

अयोध्या, अमृत विचार : निषेधाज्ञा के उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पूर्व विधायक जयशंकर प्रसाद बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री मंसूर इलाही तथा अब भाजपा नेता गिरीश पांडे उर्फ डिंप्पुल समेत 11 लोगों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया है। दो अभियुक्तों ने पहले ही जुर्म स्वीकार कर लिया था जबकि एक की मौत हो गई थी। यह फैसला विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट प्रशांत शुक्ला की अदालत से मंगलवार को हुआ। अधिवक्ता गणेश दत्त पांडेय और रोहित मेहरोत्रा ने बताया कि घटना 22 फरवरी 2011 दिन में करीब 3 :30 बजे की है। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय के नेतृत्व में करीब 25--30 सपा कार्यकर्ता मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं सूचना के बिना सपा कार्यालय गुलाब बाड़ी से जुलूस की शक्ल में बैनर लिए सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए चौक घंटाघर जाकर रोड जाम करते हुए जिले में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। जिसके कारण चौक घंटाघर में अव्यवस्था फैल गई और आम जनता आहत हुई।

वसूली के आरोप में उप निरीक्षक निलंबित, गिरफ्तार

गोरखपुर, एजेंसी : गोरखपुर जिले के बेनीगंज पुलिस चौकी के प्रभारी आलोक सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ एक व्यवसायी से 50 लाख रुपये की जबरन वसूली करने के आरोप में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें चोरी, आपराधिक विश्वासघात, कदाचार के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि गंभीर आरोपों के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उप निरीक्षक को मंगलवार को निलंबित कर दिया है, और उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

व्हाट्सएप ग्रुप में जेल के सिपाही की वजह से पहुंचा प्रश्नपत्र

मास्टर माइंड ने वाराणसी जेल में तैनात सिपाही का लिया नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रश्नपत्र लीक मामले में नया मोड़ आया है। मास्टर माइंड राजीव नयन ने एसटीएफ की पूछताछ में बताया कि हम लोगों ने पेपर हाथों में लेकर अभ्यर्थियों को पढ़वाया था, लेकिन व्हाट्सएप ग्रुप पर पेपर वायरल होने का मुख्य कारण वाराणसी जेल में तैनात एक सिपाही है। उसी ने व्हाट्सएप पर यह पेपर वायरल किया था। वह स्वयं इस परीक्षा में शामिल हो रहा था।

राजीव नयन ने बताया कि 10 फरवरी की रात उसे मधुबनी के रहने वाले सुभाष प्रकाश ने पेपर दिया था। सुभाष प्रकाश को यह पेपर नौ फरवरी को ही प्राप्त हो गया था। बिहार के किसी कोचिंग संचालक ने सुभाष प्रकाश को नौ फरवरी को ही दे पेपर दे दिया था। राजीव ने बताया कि व्हाट्सएप पर अगर पेपर वायरल न होता तो यह पेपर प्रत्येक अभ्यर्थी के पास तक न पहुंचता। उसने कहा कि इसी लिए उसने आरोग्यम अस्पताल और लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर अभ्यर्थियों को बुलाकर पेपर पढ़वाया था।

उधर, सुभाष प्रकाश और डॉ. शरद सिंह को तलाश करने के लिए एसटीएफ कर्मी लगातार दबिश डाल रहे हैं। वहीं मामले की जांच कर रहे एसटीएफ के अफसरों का कहना है कि सुभाष और डॉ.शरद को गिरफ्तार करने के बाद सही वस्तुस्थित और स्पष्ट हो जाएगी।

मामले में आया नया मोड़

- राजीव नयन ने बताया-हम लोगों ने पेपर हाथों में लेकर अभ्यर्थियों को पढ़वाया था
- एसटीएफ के मुताबिक अन्य आरोपियों की तलाश के लिए डाली जा रही दबिश

लाठी चार्ज के आरोपी अजय राय के मामले में जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए लाठी चार्ज के मामले में दर्ज मुकदमे पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से हलफनामा मांगा, जिस पर सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 82 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से 81 व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा राज्य सरकार द्वारा उचित कार्रवाई के बाद वापस ले लिया गया है। यह नीतिगत मामला है और जहां तक याची अजय राय का सवाल है, उनके संबंध में निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 19 अप्रैल को सुनिश्चित की गई है। मालूम हो कि वाराणसी में वर्ष 2015 में गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य लोगों पर लाठी चार्ज किया गया।

हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी के हत्यारोपी को नहीं मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज:

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामला गंभीर बताते हुए किया इनकार

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह अत्यधिक सांप्रदायिक घृणा का मामला है, जिसमें मृतक की दिनदहाड़े क्रूर हत्या कर दी गई। कोर्ट ने कहा कि मृतक पर न केवल चाकू से कई घाव किए गए बल्कि उसका गला भी काट दिया गया और आग्नेयास्त्र का भी प्रयोग किया गया। इसके साथ ही मुख्य हमलावरों की पहचान दो गवाहों द्वारा की गई है। हमले के तरीके और बड़ी साजिश को देखते हुए गवाहों को प्रभावित किए जाने की उचित आशंका होने के कारण आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने साजिशकर्ता सैयद असीम अली को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि आरोपी अपराध में शामिल था और एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। उसे मुख्य हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने की स्थिति में कानूनी सहायता देने के लिए विशिष्ट भूमिका सौंपी गई थी। कहा कि इस बात के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हैं कि आरोपी ने घटना से ठीक पहले मुख्य हमलावरों को कई बार फोन किया। हालांकि याची के अधिवक्ता ने बताया कि सह अभियुक्त मोहम्मद जाफर सादिक कुप्पेलूर को इस न्यायालय ने जुलाई 2023 में जमानत दे दी है और दूसरे सह अभियुक्त फैजान की जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

पश्चिम बंगाल जा रहा 52 पेटी फेंसेडिल सिरप बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को 52 पेटी फेंसेडिल कफ सिरप बरामद किया गया। यह सिरप नशे के रूप में सेवन करने के लिए पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। टीम ने 20,800 शीशी कफ सिरप को कस्टडी में लेते हुए एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है।

एसटीएफ के उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को सूचना पर कूचबिहार एवं पश्चिम बंगाल के लिए ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से निकले एक ट्रक को पकड़ा गया है।

मुरादाबाद के लिए अभी तक नहीं शुरू हो सकी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: फ्लाईबिग एयरलाइंस एक माह बाद भी मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवा शुरू नहीं कर सका है। एयरलाइंस की ओर से संशोधित शेड्यूल भी जारी नहीं किया गया है।

बता दें कि उड़ान योजना के तहत चित्रकूट, श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़ और मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवाएं संचालित की जानी थी। दो मार्च को इसके लिए शेड्यूल भी जारी किया गया था मगर संचालन शुरू नहीं हो सका था। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नवनिर्मित टर्मिनल 3 का वर्चुअल शुभारंभ किया था। एयरलाइंस की ओर से मुरादाबाद को छोड़कर अन्य चार जिलों के लिए उड़ान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवाएं कब से संचालित होंगी इसकी अधिकृत जानकारी अभी तक नहीं दी है।

सार्वजनिक होगी वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना

लखनऊ, अमृत विचार: शासन ने वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना के पुनरीक्षित प्रारूप को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजते हुए इसे आम लोगों के लिए सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। नगर एवं आवास विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.नितिन रमेश गोकर्ण ने अपने निर्देश में कहा गया है कि वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना-2031 प्रारूप का प्रतिवेदन को शासकीय समिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। इसके अनुपालन में जन सामान्य के लिए महायोजना के मानचित्रों को प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें।

विदेशी नेता भी संभालेंगे भाजपा का चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अमेरिका-ब्रिटेन समेत कई देशों के 15 राजनीतिक दलों की ओर से आई सहमति
- विदेशी वालंटियर्स अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में रहकर भाजपा के लिए वोट भी साधेंगे

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में इस बार विदेशों की कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी भारत आ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया, युगांडा के 15 दलों ने आने की सहमति दे दी है। भाजपा इन्हें अपने बड़े नेताओं की सभाओं में ले जाएगी, साथ ही विदेशी वालंटियर्स के जरिए प्रभाव वाले क्षेत्रों में मोदी के लिए वोट भी जुटाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा की विदेश विभाग की टीम ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और द सोशल डेमोक्रेट्स और अमेरिका की डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन जैसी सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। नेपाल की सरकार में शामिल पांचों दलों को भी न्योता भेजा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया और युगांडा के 15 दलों की तरफ से शामिल होने की सूचना मिल गई है।

भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला के मुताबिक ऐसा पहली बार होगा, जब दूसरे देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव के साक्षी बनेंगे। भारत में किस तरह से चुनाव होता है, इसे जानने के लिए विदेशों में कई राजनीतिक दल इच्छुक हैं। आने वालों में पक्ष और विपक्ष दोनों दल शामिल हैं। भाजपा के प्रचार करने के तरीके दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों में लेकर जाएंगे।

विदेशी वालंटियर्स भी होंगे चुनाव में सक्रिय

देश के साथ विदेश में भी भाजपा के वालंटियर्स वहां काम करने वाले भारतीयों के घर-घर प्रचार में सक्रिय हैं। अब यह टीम पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान से पहले यहां आकर अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा के लिए वोट मांगेगी। इसके लिए भाजपा विदेश विभाग ने खास इंतजाम किया है। वालंटियर्स की टीम विदेश से आ रहे कई राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी भाजपा के लिए वोट साधने में साथ देने के लिए तैयार करके आ रहे हैं। अमेरिका में इंजीनियर उपेंद्र सिंह और आनंद सिंह ने बताया कि अपने घरवालों को भाजपा के लिए सहेजने का आग्रह किया जा रहा है।

वर्ग पहेली-35

बाएं से दाएं

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

ऊपर से नीचे

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।



वर्ग पहेली -34 का हल

		1 अं		2 म	ति	
3 उ	प	धा	नी			4 वा
		धुं		5 सु	रा	ही
	6 धुं	ध	7 का	र		
8 से			9 ला	सा		10 गु
ब			प			ड़ी
	11 पि	स	न	हा	री	

सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2				9				3
			8			9	7	
	1	7		3				5
				1			3	
		9				6		
8	4			2				
		5		8		4	2	
	7	2			9			
4				5				7

सुडोकू -113 का हल

3	2	9	5	1	6	4	7	8
6	4	7	3	8	2	9	5	1
8	1	5	7	4	9	6	2	3
7	6	4	2	3	1	8	9	5
5	3	2	6	9	8	1	4	7
1	9	8	4	7	5	3	6	2
9	7	6	8	5	3	2	1	4
4	8	1	9	2	7	5	3	6
2	5	3	1	6	4	7	8	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .32 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

वृष — आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

मिथुन — आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

कर्क — आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

सिंह — आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

कन्या — आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

तुला — आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

वृश्चिक — आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

धनु — आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

मकर — आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

मीन — आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 10 .53
- बादशाह — रात : 07 .01

&pictures
- सैंडविच — सुबह : 10 .43
- प्लेयर्स — शाम : 04 .22

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 09 .44
- बैड बॉयज़ II — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बाम्बे टू बैंकॉक — सुबह : 10 .15
- दीवार — रात : 07 .05

StarGold SELECT
- छपाक — सुबह : 10 .15
- वीरे की वेडिंग — रात : 09 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स परसुबह : 10 .43 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड - जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा - अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड - हां, अब बिल्कुल सही हो गया।

पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए - लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,683.70	22,642.75
गिरावट	58.80	23.55
प्रतिशत में	0.08	0.10

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, बुधवार, 10 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
चन्दौसी- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव- दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 18 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104- 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला

अमृत विचार: जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से

महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थदंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।

- दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

"आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

सभी खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली। भारत में पिछले वित्त वर्ष के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री सभी खंडों में बढ़ी है। इस दौरान यात्री और दोपहिया वाहनों सहित सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण बढ़ा। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने बताया कि इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की कुल बिक्री 2023-24 में 91 प्रतिशत बढ़कर 90,996 इकाई हो गई, जो 2022-23 में 47,551 थी। टाटा मोटर्स ने बीते वित्त वर्ष में 64,217 इकाइयों का पंजीकरण किया। यह आंकड़ा 2022-23 की 38,728 इकाइयों से 66 प्रतिशत से अधिक है। दूसरी ओर 2023-24 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 30 प्रतिशत बढ़कर 9.47 लाख इकाई हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष 7.28 लाख था। ओला इलेक्ट्रिक 3.29 लाख इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ सबसे आगे रही।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	84,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,650
गिन्नी (प्रति नग)	54,900-55,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	81,000
चांदी तैयार	81,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,000
सोना जेवरात गिन्नी	71,000
चांदी पक्की	793 (अनुमानित)

मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

- समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

मुंबई। शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक, सीईओ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। मुश्किलों में घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने इस्तीफा दे दिया है। चावला ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) आरबीआई की सख्त कार्रवाई का सामना कर रही है। पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को इस इस्तीफे की सूचना दी। कंपनी ने कहा, चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल को इस्तीफा दे दिया।

जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।

राष्ट्रीय

प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

भूपतिनगर मामलः प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर

- ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।

एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

कोलकाता। प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

चेन्नई। ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।

टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

एक नजर

नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

एमवीए ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया सीटों का बंटवारा

मुंबई, एजेंसी

- पिवसेना (यूबीटी) 21, कांग्रेस 17 और राकपा (एसपी) 10 सीट से लड़ेंगी चुनाव

महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की, जिसके तहत राज्य में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 21, कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) 10 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने विवादास्पद सांगली और भिवंडी सीट पर दावा छोड़ दिया और वहां से अब क्रमशः शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) चुनाव लड़ेंगी।

राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट को लेकर मतभेद नहीं है और राज्य की 48 संसदीय सीट का आवंटन सर्वसम्मति से किया गया। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य भाजपा को हराना है और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि पार्टी ने इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए उदारता का परिचय देने का फैसला किया है। पवार, ठाकरे और पटोले ने कई सप्ताह की बातचीत के बाद सीट के लिए समझौते की घोषणा की। दक्षिण मुंबई स्थित शिवसेना (यूबीटी) कार्यालय 'शिवालय' में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि सीट-बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है। कांग्रेस को सांगली सीट देने पर उन्होंने कहा, लक्ष्य भाजपा से जीतना है, तो ऐसे में हमें कुछ मतभेदों को दरकिनार करना होगा। यह अजीब संयोग रहा कि सूर्य ग्रहण, अमावस्या और भाजपा की रैली एक ही दिन (सोमवार को) हुई।

राज ठाकरे ने मोदी का किया समर्थन

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने मंगलवार को राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' को बिना शर्त समर्थन देने की पेशकश की। 'महायुति' में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घटक हैं। मनसे की आयोजित गुड़ी पड़वा रैली में ठाकरे ने प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। ठाकरे ने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी करने को भी कहा जो इस साल के अंत में होने हैं।

मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

चेन्नई। द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य

नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।

चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की

पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।

किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	05	191
हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	05	186

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	04	09
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स)	05	08

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	04	03	01	00	06	+1.528
लखनऊ सुपर जायंट्स	04	03	01	00	06	+0.775
चेन्नई सुपरकिंग्स	05	03	02	00	06	+0.666
सनराइजर्स हैदराबाद	05	03	02	00	06	+0.344
पंजाब किंग्स	05	02	03	00	04	-0.196
गुजरात टाइटंस	05	02	03	00	04	-0.797
मुंबई इंडियंस	04	01	03	00	02	-0.704
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	05	01	04	00	02	-1.370

खेल डायरी

पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। श्रृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट श्रृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की श्रृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

लंदन। नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

टोरंटो। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2-1 से जीता।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

जयपुर, एजेंसी

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता लेकिन पंजाब ने लोगों का दिल

नितीश के अर्धशतक और गेंदबाजों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया

पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रनों की पारी खेलकर अंत तक मैच का रोमांच बनाया

अर्शदीप सिंह

मुल्लांपुर, एजेंसी

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 10वें ओवर में सैम करेन 29 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर दिया। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 33 बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में ऐडन मार्करम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।

नितीश कुमार रेड्डी

हैदराबाद 182/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रैविस हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह	21	15	4/0
अभिषेक शर्मा का शशांक सिंह बो करेन	16	11	2/1
ऐडन मार्करम का जितेश बो अर्शदीप	00	02	0/0
नितीश कुमार रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप	64	37	4/5
राहुल त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल	11	14	1/0
हेनरिक क्लासेन का करन बो पटेल	09	09	1/0
अब्दुल समद का पटेल बो अर्शदीप	25	12	5/0
शाहबाज अहमद नाबाद	14	07	1/1
पैट कमिंस बो रबाडा	03	04	0/0
भुवनेश्वर कुमार का बेयरस्टो बो करेन	06	08	0/0
जयदेव उनादकट नाबाद	06	01	0/1

गेंदबाजी : कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0

पंजाब 180/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन स्टंप क्लासेन बो भुवनेश्वर	14	16	2/0
जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस	00	03	0/0
प्रभसिमरन का नितीश बो भुवनेश्वर	04	06	1/0
सैम करेन का कमिंस बो नटराजन	29	22	2/2
सिकंदर का क्लासेन बो उनादकट	28	22	2/2
शशांक सिंह नाबाद	46	25	6/1
जितेश का अभिषेक बो नितीश	19	11	1/1
आशुतोष शर्मा नाबाद	33	15	3/2

गेंदबाज : भुवनेश्वर कुमार 4-1-32-2, पैट कमिंस, 4-0-22-1, थंगारसु नटराजन 4-0-33-1, नितीश कुमार रेड्डी 3-0-33-1, जयदेव उनादकट 4-0-49-1, शाहबाज अहमद 1-0-10-0

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

लाहौर, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

पाकिस्तानी टीम

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

पर्थ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।

पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

बॉलीवुड हलचल

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर

मुंबई, एजेंसी। मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग

11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां में' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।

अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है।बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

प्राचीन इतिहास की आलोचना नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसए अतीत डोभाल बोले-भारत की सभ्यताओं में से एक है प्राचीनता

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भारतीय इतिहास को लेकर कहा कि देश के इतिहास को लेकर कोई सवाल नहीं उठा सकता है, यहां तक की भारत के आलोचक भी नहीं।

एनएसए अजीत डोभाल ने यह बयान मंगलवार को दिल्ली में 'प्राचीन भारत का इतिहास' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के दौरान दिया। डोभाल ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय इतिहास के बारे में कुछ ऐसे सवाल थे जिन पर आपके आलोचकों सहित किसी ने भी सवाल नहीं उठाया। पहली इसकी प्राचीनता है कि यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और शायद मानव जीवन विकसित हो चुका था और समाज ने खुद को बहुत ऊपर तक परिपूर्ण कर लिया था। अब, यह किसने किया? क्या वे मूल लोग थे या वे बाहर से आए थे, वे इसके बारे में पक्षपाती हो सकते हैं, लेकिन वे सभी मानते हैं कि यह प्राचीन सभ्यता है। भारतीय सभ्यता की दूसरी विशेषता का उल्लेख करते हुए डोभाल ने 'निरंतरता' पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दूसरा निरंतरता है।

यानी अगर इसकी शुरुआत 4000 या 5000 साल पहले हुई तो यह आज तक लगातार जारी है। उसमें कोई व्यवधान नहीं है। तीसरी विशेषता इसका विशाल विस्तार था। यह कोई छोटा-मोटा गांव नहीं था जो आपको किसी विकसित द्वीप या उस जैसी किसी जगह पर मिलता हो। यह ऑक्सस नदी से लेकर संभवतः दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य स्थानों तक है, जहां सभ्यता के पदचिह्न स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। डोभाल ने आगे कहा कि 'राष्ट्रीयता के सदस्य वे लोग हैं जो इतिहास की सामान्य समझ, अतीत में हमारे पूर्वजों की उपलब्धियों की सामान्य समझ और अपने भविष्य के लिए एक समान दृष्टि साझा करते हैं। इस विचार में विश्वास करने वाले सभी लोग हमारे राष्ट्र की एकता में योगदान देते हैं। डोभाल ने इसके अलावा इस बात पर जोर दिया कि अलेक्जेंडर की भारत यात्रा भारतीय इतिहास में एक घटना नहीं थी, बल्कि पश्चिमी इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी।

भारत के साथ पनडुब्बियां बनाएगा जर्मनी, बढ़ेंगे संबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत में जर्मनी के राजदूत ने भारत जर्मनी के रिश्तों को प्रगाढ़ करने पर दिया जोर

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि जर्मन सरकार छह नई पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना के साथ बातचीत कर रही है, जिसमें जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम एक के रूप में भारतीय मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड के साथ साझेदारी कर रही है।

फिलिप एकरमैन ने कहा कि मैं कह सकता हूं जर्मनी भारत में उच्च तकनीक वाली पनडुब्बियां बनाने के लिए एक भारतीय डॉकयार्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और जर्मन सरकार चल रही बातचीत का पूरे दिल से समर्थन कर रही है। प्रक्रिया अभी भी जारी है और निर्णय भारत को लेना है। यह कहा जा सकता है कि यह परियोजना पहले से ही हमारी रक्षा साझेदारी को गति दे रही है। जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि छह अरब यूरो से अधिक की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के लिए जर्मन फर्म थिसेनक्रुप और स्पेनिश फर्म क्रमशः एमडीएल और लार्सन एंड टुब्रो के साथ साझेदारी कर रही हैं। एकरमैन ने कहा कि जर्मनी का भारत और इंडो-पैसिफिक के प्रति बदलाव बहुत ठोस कार्यों में दिखाई दे रहा है।

ऐ दिल है मुश्किल का गाया गीत, चुनौती स्वीकार कर खुशी नागर ने पा ली जीत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मुंबई में सोनी टीवी के कार्यक्रम में सोरों की खुशी ने लहराया परचम

अमृत विचार : फिल्म ऐ दिल मुश्किल का गीत, ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती मिली तो सोरों की खुशी ने सहजता से स्वीकार कर ली। हालांकि यह उसके लिए लीक से हटकर गीत था, लेकिन उसने इतने अच्छे तरीके से गाया कि जजों से लेकर सभी लोग मुग्ध हो गए। मुंबई में सोनी टीवी के संगीतमय कार्यक्रम में खुशी नागर की जीत ने निर्णायक दानिश को स्त्री कपड़ों में नृत्य करने की सजा भी दिलवा दी। अब खुशी के पक्ष में सोनी टीवी की वेबसाइट पर शनिवार से वोटिंग शुरू होगी। मूलरूप से कस्बा सोरों के रहने वाले मुकेश नागर 20 वर्ष से दिल्ली में रहकर रेडीमेड कपड़े का कार्य करते हैं। उनकी बेटी 14 वर्षीय खुशी नागर को बचपन से ही संगीत में रुचि रही। अपने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन से वाहवाही लूटी।

फिर धीमे-धीमे कदम बढ़ाते हुए पिछले महीने सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर कार्यक्रम में जगह बनाई। अब इंडियन आइडल में हिस्सा लेने जा रही है। सोमवार को मुख्य जज नेहा कक्कड़ की निगरानी में चुनौती कार्यक्रम हुआ। इसमें सहयोगी निर्णायक गायक मोहम्मद दानिश ने खुशी को ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती दी। खुशी ने ऐसी प्रस्तुति दी कि अन्य निर्णायकों ने उसे विजेता घोषित कर दिया।

एक नजर

जेल में बंद इमरान खान पर हर माह खर्च हो रहे 12 लाख रुपये

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा को लेकर जेल अधिकारियों ने बड़ा खुलासा किया है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान की सुरक्षा पर लगभग 1.2 मिलियन यानी 12 लाख रुपये से अधिक का भारी मासिक बिल खर्च हो रहा है। जेल अधीक्षक द्वारा लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) को एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इमरान को कई विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें 50 हजार रुपये का एक अलग सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल किया गया है, जो 7 हजार अन्य कैदियों की निगरानी करता है। इमरान खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग से स्वच्छ रसोईघर में तैयार किया जाता है।

रूस का दावा, 24 घंटे में यूक्रेन के 480 से अधिक सैनिकों की मौत

मॉस्को। रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन के पिछले 24 घंटों में 480 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा है कि, रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के क्षेत्र अवदीवका की तरफ 11 जवाबी हमले किए हैं और डोनेट्स्क की दिशा में चार जवाबी हमले किए हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के 480 से अधिक सैन्य कर्मी मारे गए हैं और सात सैन्य वाहनों को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन ने अवदीवका की तरफ में 240 सैनिक और दक्षिण डोनेट्स्क में 110 सैनिकों की मौत हुई है।

जबरन धर्मांतरण को लेकर मौलवी को पद से हटाया, जांच समिति गठित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने कथित जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एफआईआर दर्ज होने के कुछ दिनों बाद हजरतबल दरगाह के मौलवी को पद से हटा दिया है और उनकी भूमिका की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। जुमात-उल-विदा को एक वीडियो में एक गैर-स्थानीय को इस्लाम में परिवर्तित होते और श्रीनगर के हजरतबल मंदिर में कलमा पढ़ते हुए दिखाया गया। पुलिस ने उसी दिन विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें आरोप लगाया गया कि श्रीनगर के एक निवासी ने अपने घरेलू नौकर जो गैर-स्थानीय व्यक्ति है, को इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया।

पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी पाकिस्तानी सीनेट के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को मंगलवार को देश की सीनेट और संसद के ऊपरी सदन का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव के पीठासीन अधिकारी सीनेटर इशाक डार ने इसकी घोषणा की। डार ने कहा-अन्य कोई चुनावी मैदान में न उतरने या फिर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जाने की वजह से गिलानी को निर्विरोध चुना गया। वहीं पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सतारूढ़ पीएमएल-एन के सैदल खान नासिर को उपसभापति चुना गया है। बता दें, गिलानी ने 2008 से 2012 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की।

अगर कोई हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाएगा तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

चीन सीमा के पास रैली में राजनाथ की दो टूक-स्थानों के नाम बदलने से कुछ नहीं होता

नामसाई, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया।

उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जायेंगे? रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है। रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भी सराहना की और उन्हें रणनीतिक संपत्ति बताया। बोले- इसलिए हमारे हृदय में आप सभी के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान की भावना है। जब भी चीन से युद्ध हुआ तो आपकी जो भूमिका रही, उसे पूरा भारत कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, मेरी बहनो और भाइयो, भारत हमेशा आपका ऋणी रहेगा। यह हम सभी का घर है। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार ने 31 मार्च को अपनी खबर में कहा था कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और उस पर दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दावा करता है। पिछले साल अप्रैल में भी जब चीन ने अरुणाचल के 11 स्थानों के लिए अपने मानकीकृत नामों की तीसरी सूची जारी की थी तो भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

तमिलनाडु के मदुरै में मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महंतों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

आज के भारत के पास जवाब देने की ताकत

चुनावी रैली में चीन की करतूत पर दो टूक जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भारत चीन के कुछ जगहों और कुछ प्रांतों के नाम बदल दें तो क्या वो भारत का हिस्सा बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। बावजूद इसके, अगर कोई हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज के भारत में जवाब देने की ताकत है।

कनाडाः गोलीबारी में भारतीय मूल के कारोबारी की मौत

ओटावा। सोमवार को कनाडा के दक्षिण एडमोंटन शहर में गोलीबारी हुई। इस घटना में एक भारतीय मूल के युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। भारतीय मूल के व्यक्ति की पहचान एडमोंटन स्थित गिल बिल्ट होम्स के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए एडमोंटन शहर की पुलिस ने कहा, सोमवार को दक्षिण-पश्चिम शाखा के गश्ती अधिकारियों ने कैवनघ बुलेवार्ड एसडब्ल्यू और चेर्नियक वे एसडब्ल्यू के क्षेत्र से गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

पुलिस ने आगे कहा कि अधिकारियों के पहुंचने पर तीन घायल पुरुषों का पता चला। जिसमें से दो पुरुष, एक 49 वर्षीय और एक 57 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु पाया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दो मृत घोषित कर दिया, वहीं एक घायल का उपचाराधीन है। पुलिस ने कहा कि शवोंपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा, जिसमें एक भारतीय मूल का करोबारी युवक भी शामिल है। मामले की जांच की जा रही है।

भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर अमेरिका का टिप्पणी से इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

- पाकिस्तान ने भारत पर लगाए थे आतंकियों की हत्याओं के आरोप

बीती साल पाकिस्तान में हुईं भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर पड़ोसी देश ने इसका आरोप भारत पर लगाया है, लेकिन भारत ने इन आरोपों से साफ इनकार कर दिया। अब इसे लेकर अमेरिका ने दोनों देशों को बातचीत के जरिए समाधान ढूंढने की अपील की।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के आरोपों को लेकर सवाल किया गया। इस पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि 'इस मुद्दे पर हम नजर बनाए हुए हैं। हम आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते, लेकिन हम दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए समाधान खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।' ब्रिटिश मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान के आरोपों की खबर प्रकाशित की गई है। हालांकि भारत ने इन रिपोर्ट्स को भ्रामक और झूठा प्रोपेगैंडा फैलाने वाली खबर बताया है। इन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर देश के दुश्मनों को निशाना बनाया। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से अब तक 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अज्ञात हमलावरों ने भारत के दुश्मनों को विदेशी धरती पर निशाना बनाया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भारत सरकार विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों की हत्या करा रही है। ब्रिटिश मीडिया को पाकिस्तान ने भी कुछ कथित सबूत मुहैया कराए हैं, जिनमें गवाहों के बयान, गिरफ्तारी के रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन के सबूत आदि शामिल हैं।

रिपोर्ट में विदेशों में खालिस्तानी आतंकियों की हत्या के पीछे भी भारत का हाथ बताया गया है। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, भारत को विदेश में अपने दुश्मनों की हत्याएं करने के लिए इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद और रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी से प्रेरणा मिली है।

भक्तों का जनसैलाब



श्रीनगर : देश भर से हजारों श्रद्धालुओं का मंगलवार से नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र शुरू होने पर माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए तांता लग गया। पवित्र गुफा में शांत वातावरण के बीच शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। त्रिकुटा पहाड़ी के ऊपर स्थित इस मंदिर में सभी के लिए सद्भाव और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए नौ दिन पवित्र अनुष्ठान किए जाएंगे। वहीं प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे तक एमएच1 श्रद्धा चैनल पर हवन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। ● एजेंसी

छत्तीसगढ़ में बस खाई में गिरी, 11 की मौत, 20 घायल

दुर्ग (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मंगलवार को एक बस खाई में गिर गई, जिसमें सवार 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 20 लोग घायल हुए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खपरी गांव के पास अनियंत्रित बस 40 फुट गहरी खाई में गिर गई। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। केडिया डिस्टिलरीज की बस में लगभग 30 कर्मचारी सवार थे। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

अमेरिका में बीते माह से लापता भारतीय छात्र का शव बरामद

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एक हफ्ते में यह दूसरी घटना आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने गया था हैदराबाद का छात्र

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। दरअसल बीते महीने लापता हुए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला है। मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव अमेरिका के क्लीवलैंड से बरामद हुआ है। एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब किसी भारतीय छात्र की अमेरिका में मौत हुई है।

मोहम्मद अब्दुल अरफात भारत के हैदराबाद के नचारम का निवासी था और वह बीते साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। परिवार से आखिरी बार 7 मार्च को हुई थी बात अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि अरफात से उनकी आखिरी बार 7 मार्च को बात हुई थी, उसके बाद से परिवार के साथ उसका कोई संपर्क नहीं था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था।' अरफात के साथ रह रहे युवक ने अरफात के पिता को बताया था कि उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अरफात का ड्रग्स बेचने वाले गैंग ने अपहरण कर लिया है और उन्होंने उसे छोड़ने के एवज में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। कॉल भरी धमकी में फिरौती की रकम नहीं देने पर वे अरफात की किडनी बेच देंगे।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर खेल मंत्रालय से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने निलंबन के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की याचिका पर जवाब देने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्रालय को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है।

मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होगी। बता दें, केंद्र ने 24 दिसंबर 2023 को चुनाव के बाद डब्ल्यूएफआई को फैसले लेते समय अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने की वजह से निलंबित कर दिया था। सीनियर एडवोकेट डी कृष्णन ने कहा कि अनिश्चित काल के लिए निलंबित पर कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया।

विज्ञान अब सुलझेगी सूर्य के कोरोना की अबूझ पहेली, पूर्ण सूर्यग्रहण देखने भारत से कई वैज्ञानिक भी पहुंचे टैक्सास और मैक्सिको

54 वर्ष बाद सूर्य के तेज पर पड़ी अंधकार की छाया

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सूर्य के कोरोना के रहस्य को समझने के लिए पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक उत्तरी अमेरिका में एकत्र हुए। 54 वर्ष बाद वैज्ञानिकों की उम्मीद जगी है कि यह सूर्यग्रहण सूर्य कोरोना के भीतरी रहस्य को समझने में मददगार साबित हो सकता है।

ध्यान रहे पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही सूर्य के कोरोना को देखा जा सकता है। सूर्यग्रहण अध्ययन के लिए भारत से कई वैज्ञानिक टैक्सास व मैक्सिको पहुचे थे। जिनमें आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम भी पहुची हुई थी। एरीज के वैज्ञानिकों ने बीती रात पूर्ण सूर्यग्रहण के तस्वीरों को कमरे में कैद किया। इन तस्वीरों से आगे का अध्ययन किया जाएगा। वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास में सूर्य ग्रहण की पल पल की तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया। इन तस्वीरों से सूर्य की उच्च आवृत्तियों पर आंतरिक कोरोना की गतिशीलता को समझने मे मदद मिलेगी। साथ ही कोरोना की गतिविधियों को समझा जा सकेगा। इस अध्ययन में एरीज के साथ अमेरिका में कार्यरत भारतीय मूल के सौर विज्ञानी भी शामिल रहे। यह दुर्लभ सूर्यग्रहण था और वैज्ञानिक दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना थी। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान हरी उत्सर्जन कही जाने वाली लाइन में सौर कोरोना के एक उच्च-ताल नैरोबैंड की प्रत्येक तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया है। इससे सूर्य के कोरोना के उच्च-आवृत्ति दोलन और परिवर्तनीय घटनाओं की जांच की जा सकेगी।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह अध्ययन सूर्य के बारे में कूछ नए रहस्य उजागर कर सकेगा। जिसका आगे की जांच में पता चलेगा। प्रो दीपांकर बनर्जी के साथ डा एस. कृष्णा प्रसाद व डा टी.एस. कुमार के अलावा अमेरिका में कार्यरत भारत के पूर्व छात्र रितेश पटेल, सुभमोय चटर्जी और विभूति कुमार झा अध्ययन में शामिल हुए थे। उधर भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के पूर्व खगोलविद प्रो आरसी कपूर भी इस अभियान मे शामिल थे।

एरीज के वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण के तस्वीर को कैमरे में किया कैद।

टेक्सास के बाउल स्टेडियम में 10 हजार लोगों का उमड़ा हुजूम

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी ने सूर्य ग्रहण अध्ययन की जानकारी देते हुए बताया कि टेक्सास कॉटन डलास के बाउल स्टेडियम में दस हजार से अधिक लोग सूर्यग्रहण अवलोकन के लिए कई देशों से पहुचे हुए थे। जिनमें वैज्ञानिकों समेत पेशवर लोग शामिल हुए थे, जो अपनी दूरबीनों के साथ मौजूद थे। यह स्थल अंतराष्ट्रीय स्तर का सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम भी था। यह ग्रहण दुर्लभ था। जिसे देखने के लिए दुनियाभर के लोग उत्तरी अमेरिका पहुचे हुए थे। वैज्ञानिक दृष्टि से इसका बड़ा महत्व था। जिस कारण दुनिया के लगभग सभी देशों के सौर विज्ञानी पहुचे हुए थे।

गाजा में मानवीय संकट अस्वीकार्य, रोकें युद्ध

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने गाजा में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया जिसमें रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सोमवार को विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है।

उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं।

लोगों को तत्काल मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जाए

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी करता रहेगा। हम इसके साथ पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल के निरीह नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा पर लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए, विफलता अक्षम्य होगी।